सूर्योदय 6:11 सूर्यास्त 6:13

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 18.0 न्यू | 28.4 अधि |
| धर्मशाला | 19.9 न्यू | 32.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84914.04 |
| निफ्टी | 25940.40 |
| सोना 76,360 | चांदी 92,274 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




ऐश्वर्या राय बच्चन ने पेरिस फैशन वीक में बिखेरा जलवा

पृष्ठ 4 पर


आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 25 सितंबर 2024 | 10 अश्विन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 279, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### जमीन घोटाले में चलेगा सिद्धारमैया पर केस



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर जमीन घोटाले से मुडा मामले में केस चलेगा। कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को यह आदेश दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि कर्नाटक के गवर्नर ने इस मामले में जांच के आदेश दिए थे, जो सही हैं। केस में जांच की जरूरत है। सिद्धारमैया ने गवर्नर के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी, जिसे खारिज कर दिया गया।

### जापान में 5.9 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी



**टोक्यो।** जापानी द्वीपों में मंगलवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 5.9 रही। वहीं, सुनामी की चेतावनी जारी की गई और निवासियों से समुद्र तट से दूर रहने का आग्रह किया गया। जापान की मौसम एजेंसी ने इजू द्वीप और ओगासावारा द्वीप के लिए चेतावनी जारी की है कि 1 मीटर तक की सुनामी लहरें तेजी से आ रही हैं। भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई पर टोरीशिमा द्वीप के निकटवर्ती समुद्र में था।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- आईजीएमसी के मरीजों को निजी लैब में करवाने पड़ रहे महंगे टेस्ट -पेज 2
- प्रदेश में महंगाई के बीच एपीएल परिवारों को झटका -पेज 3
- सितंबर में भी उमस भरी गर्मी छुड़वा रही पसीने -पेज 4
- सिंगापुर के भारतीय मूल के पूर्व मंत्री ईश्वरन दोषी करार -पेज 13
- जीवन और विजय की जोड़ी बनी हांगझोउ ओपन की चैंपियन -पेज 14


# पंप स्टोरेज परियोजनाएं होंगी ऊर्जा उपलब्धता बढ़ाने में सहायक : सुक्खू

## बोले- सौर व पवन ऊर्जा स्रोतों से बिजली आपूर्ति को संतुलित करने में निभाएंगी अहम भूमिका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पंप स्टोरेज परियोजनाओं (पीएसपी) के तकनीकी रूप से उन्नत क्षेत्र में कदम रखने का निर्णय लिया है।



ये परियोजनाएं सौर और पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय स्रोतों से बिजली आपूर्ति को संतुलित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। हाल ही में प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में दो परियोजनाओं सिरमौर जिले की 1630 मेगावॉट की रेणुका जी पंप स्टोरेज परियोजना और मंडी जिले के ब्यास बेसिन में 270 मेगावॉट की थाना प्लौन पंप स्टोरेज परियोजना को हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड को आवंटित करने को मंजूरी दी थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहाड़ी राज्य होने के कारण हिमाचल प्रदेश पंप स्टोरेज परियोजनाओं के लिए आदर्श राज्य है। ये परियोजनाएं ग्रिड स्थिरता सुनिश्चित करेंगी, क्योंकि इनमें टर्बाइनों के माध्यम से बिजली उत्पन्न करने के लिए संग्रहित पानी से बिजली का उत्पादन करके निर्बाध बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी। पंप स्टोरेज परियोजना प्रणाली में ऑफ-पीक समय के दौरान कम लागत वाली बिजली का उपयोग करके नीचे स्थित जलाशयों से ऊंचाई वाले जलाशय में पानी पंप किया जाता है। बिजली की मांग बढ़ने के साथ-साथ संग्रहित पानी से टर्बाइनों के माध्यम से बिजली का उत्पादन किया जाता है।

### सतलुज जल विद्युत निगम ने की 2,570 मेगावॉट क्षमता की 4 पंप स्टोरेज परियोजनाओं की पहचान

**सीएम** ने कहा कि सतलुज जल विद्युत निगम ने 2,570 मेगावॉट की कुल क्षमता वाली चार पंप स्टोरेज परियोजनाओं की पहचान की है। भाखड़ा बांध प्रबंधन बोर्ड ने 13,103 मेगावॉट की संयुक्त क्षमता वाली आठ परियोजनाओं, नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन लिमिटेड ने 2,400 मेगावॉट की कुल क्षमता वाली दो परियोजनाओं, निजी क्षेत्र में 2,074 मेगावॉट क्षमता की सात परियोजनाओं की और हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने राज्य में 1,900 मेगावॉट की संभावित क्षमता वाली दो परियोजनाओं की पहचान की है।

# मोदी व जेलेंस्की के बीच रूस यूक्रेन युद्ध विराम पर हुई बात

## तीन महीने में तीसरी बार शांति के प्रयासों की एक और कोशिश

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने न्यूयॉर्क में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात कर रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध विराम पर बातचीत की। यह तीन महीने में तीसरी बार शांति के प्रयासों की एक और कोशिश की गई।

पीएम मोदी ने बातचीत और कूटनीति के माध्यम से यूक्रेन में चल रहे संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की तलाश में रचनात्मक भूमिका निभाने की भारत की इच्छा दोहराई। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों (यूक्रेन और रूस) को शांतिपूर्ण तरीके से समाधान खोजने के लिए एक मेज पर बैठना चाहिए। भारत लंबे समय से चले आ रहे संघर्ष के स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान को सुविधाजनक बनाने के लिए सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। मोदी ने सोमवार को अमेरिका की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के समापन से पहले जेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। इस बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी ने कहा कि पीएम मोदी का तीन दिवसीय अमेरिका दौरा खास रहा। वह दिल्ली वापस लौट आए हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न्यूयॉर्क में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात करते हुए।

### आर्मेनियाई के प्रधानमंत्री से भी मिले

**पीएम** ने आर्मेनियाई प्रधानमंत्री निकोल पाशिनयान और होली सी के विदेश सचिव कार्डिनल पिएत्रो पारोलिन से भी मुलाकात की। आर्मेनियाई प्रधानमंत्री के साथ यह मुलाकात ऐसी रिपोर्ट के बीच हुई है कि आर्मेनिया 2020 में हस्ताक्षरित 20 लाख डॉलर की रक्षा साझेदारी के हिस्से के रूप में आकाश-1एस वायु रक्षा प्रणाली सहित भारत निर्मित हथियार प्रणालियों की महत्वपूर्ण खरीद कर रहा है।

# जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग आज

**एजेंसी, श्रीनगर**

**जम्मू**-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 26 सीटों पर बुधवार को मतदान होगा और 25 लाख मतदाता 239 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे।

**उमर अब्दुल्ला सहित 239 की किस्मत दांव पर**

इस चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, जम्मू-कश्मीर कांग्रेस कमेटी (जेकेपीसीसी) के अध्यक्ष तारिक हामिद कर्रा और भाजपा के वरिष्ठ नेता रवींद्र रैना की साख दांव पर है। निर्वाचन आयोग ने दूसरे चरण के चुनाव के लिए 3,502 मतदान केंद्र बनाए हैं। इनमें से 1,056 शहरी, जबकि 2,446 मतदान केंद्र ग्रामीण इलाकों में स्थापित किए गए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि निर्वाचन आयोग की पारदर्शिता सुनिश्चित करने की कोशिश के तहत सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की सुविधा होगी।

### मध्य प्रदेश में सड़क हादसे में सात लोगों की मौत, तीन घायल

**दमोह।** मध्य प्रदेश के दमोह जिले में ट्रक और ऑटो रिक्शा की टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दमोह पुलिस अधीक्षक श्रुतिकीर्ति ने बताया कि यह हादसा दोपहर दो बजे के बीच समन्ना गांव के पास हुआ। ट्रक में फंसे ऑटो से जेसीबी की मदद से शवों और घायलों को बाहर निकाला गया है। घायलों को जबलपुर रेफर किया है। तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी। पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

# किश्तवाड़ के जंगलों में आतंकियों की तलाश में चलाया सर्च ऑपरेशन

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

**किश्तवाड़** उपमंडल के छात्रू के गोरीनाल में सोमवार को तीसरे दिन भी आतंकियों की तलाश में सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान सेना, पुलिस, कमांडो और एसओजी के जवानों ने जंगलों और पहाड़ों को खंगाला, लेकिन अभी कोई सफलता नहीं मिली है।

वहीं, सुरक्षाबलों ने कुछ लोगों से पूछताछ की है। आतंकियों की धरपकड़ के लिए अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है।



इसके अलावा, रियासी जिले की चसाना तहसील के शिकारी में आतंकी मुठभेड़ के बाद से तलाशी अभियान जारी है।

ड्रोन और स्थानीय ग्रामीण रक्षा गार्ड (वीडीजी) की भी मदद ली जा रही है। सुरक्षाबलों का मानना है कि आतंकियों के जंगल के घने इलाके और किसी पहाड़ी खोह (गुफा) में छिपने की संभावना है। (अनंत ज्ञान)

### त्रिपुरा में 500 उग्रवादियों ने सीएम साहा के समक्ष किया आत्मसमर्पण

**अगरतला।** त्रिपुरा में प्रतिबंधित समूह एनएलएफटी और 'ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स के करीब 500 उग्रवादियों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री माणिक साहा के समक्ष अपने हथियार डाले। सिपाहीजाला जिले के जम्पुइजाला में एक कार्यक्रम में उग्रवादियों का मुख्यधारा में स्वागत करते हुए साहा ने कहा कि उग्रवाद किसी समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने बड़ी संख्या में उग्रवादियों के आत्मसमर्पण के बाद इस पूर्वोत्तर राज्य को पूरी तरह से उग्रवाद से मुक्त घोषित किया।




## न्यूज ब्रीफ

### शिमला में मनाया इंटरनेशनल साइन लैंग्वेज-डे



**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला में एसोसिएशन ऑफ डेफ हिमाचल प्रदेश की ओर से लोगों को साइन लैंग्वेज के प्रति जागरूक किया। एसोसिएशन ऑफ डेफ हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि हर साल 23 सितंबर को इंटरनेशनल साइन लैंग्वेज-डे मनाया जाता है। यह खास दिन दुनिया भर में साइन लैंग्वेज के महत्व और बधिर लोगों के अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ता है। 2017 में वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ द डेफ ने इस दिन को मनाने की शुरुआत की थी। तब से यह दिन हर साल मनाया जाता है और लोगों को साइन लैंग्वेज के प्रति जागरूक किया जाता है। वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ द डेफ हर साल इस दिन को एक नई थीम के साथ मनाती है।

### सरस्वती नगर कॉलेज में मनाया एनएसएस फाउंडेशन दिवस




**दशमी रावत, जुब्बल।** लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सरस्वती नगर में एनएसएस यूनिट 1 व 2 के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. पवन कुमार व प्रो. प्रीति पांटा की अध्यक्षता में 55वां एनएसएस फाउंडेशन दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीपी चौहान मुख्यातिथि रहे। कार्यक्रम में मुख्यातिथि द्वारा एनएसएस ध्वजारोहण किया गया। प्रो. पवन कुमार, कार्यक्रम अधिकारी यूनिट 1 ने अपने स्वागत भाषण से कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रो. प्रीति पांटा ने एनएसएस 2024-25 की गठित कार्यकारिणी की घोषणा की व मुख्य अतिथि द्वारा उनको स्मृति चिन्ह पहनाकर सम्मानित किया गया।

### विद्यार्थियों ने लगाई खाद्य पदार्थों की प्रदर्शनी



**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय धामी में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के अवसर पर एनएसएस तथा धामी सोशियोलॉजिकल एसोसिएशन के सयुंक्त प्रयासों से 'परम्परागत खाद्य उत्सव' का आयोजन किया गया। इस उत्सव में एनएसएस के वालंटियर्स तथा विद्यार्थियों द्वारा स्थानीय खाद्य पदार्थों व व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई। उत्सव के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. जनेश कपूर ने वालंटियर्स को स्थापना दिवस की बधाई दी।

### एचडीएफसी कर्मियों ने रयूणी में किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** 'पेड़ लगाओ-वृक्षारोपण महाभियान के अंतर्गत



एचडीएफसी बैंक चौपाल शाखा के द्वारा वन मंडल चौपाल के अंतर्गत रयूणी वन में पौधरोपण किया गया, जिसमें चौपाल के विधायक बलवीर सिंह वर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान एचडीएफसी बैंक चौपाल और नेरवा शाखा के कर्मचारियों ने पौधरोपण किया। बलबीर वर्मा ने पेड़ लगाओ वृक्षारोपण महाभियान को जनांदोलन बनाने का आह्वान किया। एचडीएफसी के अधिकारी नरेंद्र रपटा ने कहा कि बैंक के कर्मचारियों द्वारा भी पोधरोपण किया गया है और आगामी तीन वर्षों तक बैंक द्वारा ही इसकी देखरेख की जाएगी।

### दधोल स्कूल में मनाया राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस

**अनंत ज्ञान, दधोल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पाठशाला के सभी स्वयंसेवियों ने भाग लिया। कार्यक्रम



अधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी स्वयंसेवियों के साथ सांझा की गई। कार्यक्रम अधिकारी कुलदीप शर्मा ने बताया कि यह योजना महात्मा गांधी के जन्म शताब्दी वर्ष 1969 में 24 सितंबर के दिन शुरू की गई थी, जो समाज सेवा के लिए विभिन्न कार्यक्रम करने में सक्षम रही और आज इसमें पूरे भारत वर्ष के 40 लाख से अधिक स्वयंसेवी इसका हिस्सा हैं। सत्र के बाद स्वयंसेवियों ने अगले दिन होने वाली विद्यार्थी अनु शिक्षण योजना की परीक्षा के लिए पाठशाला के कमरों को तैयार किया। जिसमें दधोल, डंगार, मोरसिंघी, कुठेड़ा, गालियां, कपहड़ा पाठशाला के विद्यार्थी हिस्सा लेने जा रहे हैं।

### घंडीर में खेलकूद प्रतियोगिता का शुरू

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घंडीर में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार से हो गया है। इसमें



जिला की 10 टीमें भाग ले रही हैं। इस प्रतियोगिता में 10 जोनों के 500 के करीब बच्चे भाग लेने के लिए आए हैं। यह प्रतियोगिता तीन दिन तक चलेगी। इसमें वॉलीबाल, जूडो, कुश्ती, खो-खो की प्रतियोगिताएं होंगी। प्रतियोगिता के समापन पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव विवेक कुमार शिरकत करेंगे।

### आदर्श युवक मंडल मोहड़ा ने की सफाई

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** आदर्श युवक मंडल मोहडा द्वारा नेहरू युवा केंद्र बिलासपुर के सौजन्य से स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं एवं




महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। युवाओं ने सड़क किनारे पड़े कूड़े कर्कट को इकट्ठा किया व निश्चित स्थान पर रखा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आदर्श युवा मंडल के प्रधान अभिषेक शर्मा ने की। उन्होंने महिलाओं एवं युवाओं से आह्वान किया कि अपने आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मोहडा पिंकी देवी, सुमन कुमारी, अंजली शर्मा, अभी शर्मा, सदिया, गोपी ठाकुर व अन्य युवाओं ने भाग लिया ।

### हम्बोट में लगाया जागरूकता शिविर

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पशुपालन विभाग बिलासपुर के सौजन्य से उपतहसील भराड़ी के अंतर्गत ग्राम पंचायत हम्बोट में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता सहायक निदेशक पशुपालन विभाग बिलासपुर द्वारा की गई। इस शिविर में



स्थानीय गांवों के लगभग 60 पशुपालकों ने भाग लिया। इस शिविर में स्थानीय ग्राम पंचायत प्रधान तथा पंचायत समिति के सदस्य ने भी भाग लिया व अपने विचार रखे। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी घुमारवीं डॉ. रविंद्र कुमार ने संक्रमण से होने वाली बीमारियां, उनका बचाव व उपचार बारे पशुपालकों को जानकारी दी। स्थानीय पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. परवेश ने पशुओं के रख-रखाव व चारे बारे पशुपालकों से अपने विचार सांझा किए। सहायक निदेशक डॉ. केएल शर्मा ने प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही पशुपालन योजनाओं बारे में पशुपालकों को जानकारी दी। उन्होंने पशुपालकों को प्रदेश की आर्थिकी सुदृढ़ करने हेतु उपरोक्त योजनाओं से जुड़ने का आह्वान किया। इस मौके पर इंटास फार्मास्यूटिकल्स द्वारा पशुपालकों को निशुल्क मिनरियल मिक्सचर व पेट कीड़ों की किटें बांटी गई।

# एसएफआई ने किया प्रदर्शन पुलिस के साथ हुई धक्का मुक्की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

संजौली कॉलेज में छात्र नेताओं के निष्कासन से एसएफआई भड़क गई है। मंगलवार को शिमला शहर के सभी कॉलेजों से पहुंचे एसएफआई कार्यकर्ताओं ने संजौली गेट के बाहर प्रदर्शन किया।



पुलिस के साथ धक्का-मुक्की के दौरान छात्र।

एसएफआई कार्यकर्ताओं ने कॉलेज परिसर के अंदर जाने की कोशिश करने लगे तो पुलिस ने उन्हें गेट पर ही रोक दिया। इस दौरान पुलिस और एसएफआई कार्यकर्ताओ के बीच धक्का मुक्की भी हुई। एसएफआई ने कॉलेज प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक निष्कासित किए गए छात्रों को वापिस नहीं किया जाता है तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। एसएफआई राज्य सचिव दिनित देन्टा ने कहा कि उन्होंने कॉलेज प्रशासन को अल्टीमेटम दे दिया है कि छात्र संगठन प्रशासन से निष्कासन को लेकर वार्ता करना चाहता है, लेकिन प्रशासन यदि छात्र संगठन को वार्ता ले लिए नहीं बुलाता तो छात्र जबरदस्ती गेट को पार कर अंदर घुसेंगे। उन्होंने कहा कि कॉलेज प्रशासन यदि अपना अड़ियल रवैया नहीं बदलता तो यह आंदोलन पूरे प्रदेश भर में किया जाएगा और सचिवालय तक का घेराव करेंगे। वहीं कॉलेज प्रिंसिपल भारती भांगड़ा ने कहा कि कॉलेज प्रशासन ने छात्रों को कई बार शो कॉज नोटिस जारी किए है, लेकिन छात्र बाज नहीं आए। उन्होंने कहा कि छात्रों को बार-बार नोटिस दिए गए लेकिन यह छात्र नहीं गुंडे हैं इनका निष्कासन वापिस नहीं होगा। उधर कॉलेज में कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कॉलेज में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया है। गेट से लेकर पूरे परिसर में पुलिस व क्यू आरटी के जवान तैनात किए गए हैं।

### 20 वर्षीय युवती ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**शिमला।** जिला सिरमौर की रहने वाली 20 वर्षीय युवती ने शिमला में फंदा लगाकर आत्महत्या की है। युवती का शव समरहिल के पॉटर हिल के जंगल में फंदे से लटका मिला है।

युवती की पहचान प्रोमिला (20) पुत्री खजान सिंह निवासी टिटियाना तहसील कमरऊ जिला सिरमौर जिला के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार युवती ने समरहिल के चायली गांव में किराए के कमरे में रहने वाले अपने भाइयों के पास आई थी। युवती के दोनों भाई हिमाचल यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहे हैं।

बीते रविवार की रात युवती रहस्यमय तरीके से लापता हो गई थी। इस पर परिजनों ने बालूगंज पुलिस थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दी थी। पुलिस ने युवती की तलाश की, लेकिन उसका सुराग नहीं लग पाया। सोमवार देर शाम को युवती का शव पॉटर हिल के जंगल में पेड़ से लटका मिला।

## आईजीएमसी के मरीजों को निजी लैब में करवाने पड़ रहे महंगे टेस्ट

**अनंत ज्ञान, शिमला**

आईजीएमसी में मरीजों को टेस्ट करवाने के लिए दर-दर की ठोकरे खानी पड़ रही है। हैरानी की बात है कि आईजीएमसी में मंहगे टेस्ट नहीं होते हैं। ऐसे में मंहगे टेस्ट करवाने के लिए मरीजों को निजी लैब में भेजा जा रहा है। आईजीएमसी की अपनी सरकारी लैब व क्रस्ना लैब में सस्ते ही टेस्ट हो रहे हैं। सरकार ने क्रस्ना लैब को अस्पताल में टेस्ट करने के लिए त्वजों दिया है, लेकिन इस लैब को लेकर पहले भी कई आरोप लग चुके है।

आईजीएमसी की अपनी सरकारी लैब है उसमें तो सिर्फ बल्ड टेस्ट के अलावा नार्मल टेस्ट होते हैं। अब यहां पर सवाल तो यह उठ रहा है कि आईजीएमसी में दो लैब होने के बावजूद भी मंहगे टेस्ट के लिए निजी लैब भेजा जा रहा है। इसके पीछे कही कमिश्न का धंधा तो नहीं चल रहा है।

### टेस्ट की सुविधा 12 बजे तक ही क्यों?

आईजीएमसी की सरकारी लैब में सिर्फ 12 बजे तक टेस्ट होते हैं, लेकिन ऐस क्यों? लोगों के इसको लेकर यह सवाल उठ रहे है कि प्रशसन व सरकार निजी लैब को त्वाजों दे रही है।

### सरकारी लैब में समय से नहीं मिलती रिपोर्ट

आईजीएमसी के सरकारी लैब में तो कभी भी समय से मरीजों को रिपोर्ट नहीं मिलती है। टेस्ट करवाने में मरीजों के सप्ताह ही बीत जाता है। यहां स्थिति कुछ इस तरह की बन चुकी है कि जब मरीज अपना उपचार करवाने आते हैं तो वे चिकित्सक से एक बार चैकअप तो जैसे-तैसे करवा लेते हैं, लेकिन जब चिकित्सक टेस्ट लिखते है तो काफी समय लगता है।

## डेपुटेशन रद्द न हुआ तो होगा प्रदर्शन : कंचन

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )**



डेपूटेशन पर चल रही राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटी की हिन्दी प्रवक्ता के विरोध में स्कूल प्रबंधन समिति ने शिक्षा विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है । डेपुटेशन रद्द न होने की स्थिति में स्कूल प्रबंधन समिति कोटी ने प्रदर्शन करने की बात कही है। स्कूल प्रबंधन समिति की प्रधान कंचन ठाकुर ने कहा कि बीते एक वर्ष से हिन्दी प्रवक्ता को विभाग ने छोटा शिमला स्कूल में डेपुटेशन पर भेजा गया है जिससे कोटी स्कूल के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। प्रधान कंचन ठाकुर, सदस्य सुरेश कुमार, राजेश ठाकुर, कैलाश शर्मा सहित सभी अभिभावकों ने सरकार से हिन्दी प्रवक्ता का डेपुटेशन रद्द करने की मांग की है। डेपुटेशन एक सप्ताह के भीतर रद्द न किया तो प्रदर्शन करेंगे।

### मंदिर कमेटी व व्यापार मंडल की होगी बैठक

**नेरवा।** महामाई डुंडी माता मंदिर कमेटी एवं व्यापार मंडल नेरवा की एक संयुक्त बैठक मंदिर के सराय भवन के मीटिंग हॉल में होनी निश्चित हुई है।

मंदिर कमेटी के अध्यक्ष बलदेव तंगड़ाईक ने बताया कि बैठक में आगामी शरद नवरात्र एवं हर साल की तरह इस वर्ष भी दुर्गा नवमी वाले दिन आयोजित होने वाले भंडारे के साथ कई अन्य जरूरी विषयों को लेकर चर्चा की जाएगी ।

## गोद लिए मशोबरा स्कूल में पहुंचे डीसी अनुपम

**अनंत ज्ञान, शिमला**

प्रदेश सरकार द्वारा स्कूलों और समाज के बीच बेहतर समन्वय सहित सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने की दिशा में अपना विद्यालय-द हिमाचल स्कूल एडॉप्शन प्रोग्राम के तहत उपायुक्त अनुपम कश्यप ने गोद लिए हुए राजकीय आर्दश वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मशोबरा का निरीक्षण किया।



बच्चों के साथ उपायुक्त।

इस दौरान वह बच्चों से रूबरू भी हुए। उन्होंनें कक्षाओं, लैब, स्टाफ रूम, शौचालय आदि का निरीक्षण भी किया। मशोबरा स्कूल पहुंचने पर उपायुक्त ने फैसला लिया कि इस स्कूल में पढ़ने वाले हर बच्चे को इंग्लिश टू हिंदी डिक्शनरी दी जाएगी। इस स्कूल में 273 बच्चें पढ़ते है। ऐसे में हर बच्चे को आगामी दो सप्ताह के भीतर डिक्शनरी मुहैया करवाई जाएगी।

राज्य की मेरिट में अगर स्कूल से कोई बच्चा स्थान हासिल करता है। तो ऐसे बच्चों को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित करेंगे।

## ब्राक्टा ने उठाऊ पेयजल योजनाओं का किया लोकार्पण

**दशमी रावत, रोहड़ू**

मुख्य संसदीय सचिव व विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने विश्व बैंक द्वारा पोषित बागवानी विभाग की विभिन्न सिंचाई योजनाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने समरकोटव जगोठी-बूठ में दो महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाओं का लोकार्पण किया, जिनकी कुल लागत 1.69 करोड़ रुपए व 1.62 करोड़ रुपए है। समरकोट सिंचाई योजना के उद्घाटन समारोह में भारी संख्या में बागवान मौजूद रहे। यह योजना मुख्य रूप से क्षेत्र के बागवानों के लिए सिंचाई की सुलभता को बढ़ाने के उद्देश्य से तैयार की गई है। रियोजना का लाभ 300 से अधिक बागवानों तक पहुंचेगा, जो इस क्षेत्र में सेब की खेती पर निर्भर हैं। उसके बाद सीपीएस ने जगोठी-बुठ में दूसरी सिंचाई योजना का उद्घाटन किया, जिसकी लागत 1.62 करोड़ रुपये है। इन दोनों परियोजनाओं का सीधा लाभ बागवानों को मिलेगा। (अनंत ज्ञान)



ब्राक्टा समरकोट व जगोठी- बूठ में सिंचाई योजनाओं का लोकार्पण करते हुए।

### आज बंद रहेगी बिजली

**नेरवा।** नेरवा और चौपाल में आज बुधवार को बिजली बाधित रहेगी। सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल नेरवा अरविन्द धीमान ने बताया कि उप मुख्य अभियंता परिचालन वृत्त, हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड के आदेश अनुसार मंगलवार को 66/22 केवी नियंतरण केंद्र लास्टाधार में आवश्यक रख-रखाव हेतु बिजली बाधित रहेगी । झिकनीपुल एवं झिकनीपुल से नेरवा फीडर के रखरखाव हेतु बुधवार को प्रात: 10 से सांय 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी ।

### कुपवी ब्लॉक में मनरेगा लाभ से नहीं वंचित रहेगा कोई परिवार : गुलेरिया

**सपना सूद, नेरवा/ चौपाल**

अक्सर ऐसा देखा गया है कि सरकारी योजनाओं का लाभ राजनितिक पंहुच रखने वाले अथवा प्रभावशाली लोग उठा लेते है,जबकि आम आदमी इन योजनाओं से वंचित हो जाता है । विशेष रूप से पंचायतों में इस तरह की शिकायतें आम हो चुकी है। उन्होंने कुपवी ब्लॉक की पंचायतों में उपेक्षित व वंचित परिवारों के लिए मनरेगा में प्राथमिकता सुनिश्चित करने के लिए योजना के तहत कार्य शुरू किया है । उन्हों ने कुपवी ब्लॉक की समस्त 15 पंचायतों के प्रधानों व सचिवों को पत्र लिख कर इस योजना को सख्ती से शुरू करने के निर्देश जारी किये है । उन्होंने पंचायत सचिवों व प्रधानों को आदेश दिए है कि 2 अक्टूबर को ग्रामसभा में ऐसे परिवारों/व्यक्तियों को डालना सुनिश्चित करें जिनको पिछले कई वर्षों से मनरेगा के तहत कोई कार्य या रोजगार न मिला हो। (अनंत ज्ञान)

## उपायुक्त ने की एफसीए के 59 लंबित मामलों के निपटारे की समीक्षा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने मंगलवार को बचत भवन में जिला बिलासपुर में वन संरक्षण अधिनियम की गठित कमेटी की अध्यक्षता की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने जिला बिलासपुर में वन संरक्षण अधिनियम एफसीए के लंबित 59 मामलों की समीक्षा की। उपायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को वन विभाग के साथ तालमेल बिठाकर एफसीए के लंबित मामलों के समयबद्ध निपटारे के निर्देश दिए।

उन्होंने वन विभाग को सभी यूजर एजेंसियों के साथ सहयोग करने का आग्रह किया ताकि लंबित मामलों का जल्दी से जल्दी निपटारा हो सके। उन्होंने कहा कि जिन मामलों की फॉरेस्ट क्लीयरेंस के लिए आपत्ति लगाई है, उन मामलों की आपत्तियों का संबंधित अधिकारियों के साथ संपर्क करके प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय अवधि में औपचारिकताओं के सभी कार्य पूर्ण कर लें, ताकि मामलों को क्लीयरेंस के लिए दोबारा से भेजा जा सके। उन्होंने कहा कि एफसीए की मंजूरी के बाद ही विकास कार्यों के लिए विभागों को वन भूमि हस्तांतरित की जा सकती है। उन्होंने कहा कि समय पर एफसीए की मंजूरी न मिलने के कारण विकास परियोजनाओं को शुरू करने में देरी होती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की एफसीए से संबंधित जो भी मामले लटके हुए हैं उन पर तुरंत कार्रवाई करें। उन्होंने कहा राजस्व से संबंधित जो भी मामले हैं सीधे तौर पर एसडीम से संपर्क करें। बैठक में समस्त एसडीएम एवं, लोक निर्माण, जल शक्ति, शिक्षा, उद्योग विभाग और अन्य मौजूद रहे।

## एनसीसी आर्मी विंग ने मनाया विश्व नदी दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एनसीसी आर्मी विंग के 50 कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर में बड़ी धूमधाम से विश्व नदी दिवस मनाया। महाविद्यालय में कार्यरत एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉक्टर जय चंद ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत पुनीत सागर अभियान की यह गतिविधि आज 24 सितंबर को बड़ी धूमधाम से मनाई गई।



उन्होंने यह भी बताया कि 13 कैडेट्स ने ओयल गांव के साथ लगती बावड़ी में लगभग एक घंटे का श्रमदान किया और बाबड़ी की साफ सफाई की। इससे गांव के लोगों तथा आने जाने वाले लोगों को शुद्ध जल पीने के लिए उपलब्ध होगा। महाविद्यालय कार्यकारी प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने एनसीसी आर्मी विंग के कैडेट्स के इस जज्बे की सराहना करते हुए कहा एनसीसी आर्मी विंग महाविद्यालय में एक विशेष स्थान रखता है तथा समाज में तथा महाविद्यालय के बच्चों को समय-समय पर जागरूक करता रहता है इसके लिए वह बधाई के पात्र हैं।

### बिलासपुर में लगेंगे कामगारों के लिए जागरूकता शिविर

**बिलासपुर।** श्रम कल्याण अधिकारी स्वाति ने बताया कि भवन एवं अन्य निर्माण कामगारों के लिए जिला बिलासपुर के विभिन्न स्थानों पर भवन एवं अन्य सनिर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जागरूकता शिविरों में बोर्ड में पंजीकरण, नवीनीकरण व बोर्ड द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि भवन एवं अन्य सनिर्माण कामगार कल्याण बोर्ड अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर शिविरों की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने बताया कि 26 को किसान भवन बिलासपुर, 27 को स्वारघाट में लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह, 28 को ग्राम पंचायत बरठीं और 29 सितंबर को संतोषी माता मंदिर हारकुकार, घुमारवीं में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## सरोज पाठक प्रधान व अनिल बने महासचिव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



प्रेस क्लब बिलासपुर के चुनाव बिलासपुर में संपन्न हुए। इसमें प्रेस क्लब बिलासपुर के संस्थापक प्रधान राकेश शर्मा बतौर चुनाव प्रभारी रहे। इसके अलावा मुनीष गारिया ने चुनाव सहप्रभारी के तौर पर भूमिका निभाई।

इस चुनाव के सरोज पाठक को प्रेस क्लब बिलासपुर का अध्यक्ष चुना गया। अनिल पटियाल को महासचिव, सुभाष ठाकुर को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली। चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के बाद पूर्व कार्यकारिणी व प्रेस क्लब के सभी सदस्यों ने नवनियुक्त कार्यकारिणी को बधाई दी। यह कार्यकारिणी वर्ष 2024-2026 के लिए चुनी गई। नवनियुक्त कार्यकारिणी पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों का आभार जताया। साथ ही कहा कि प्रेस क्लब की बेहतरी के लिए कार्य किया जाएगा। जिसमें क्लब के सभी सदस्यों का सहयोग लिया जाएगा। इस दौरान प्रेस क्लब बिलासपुर के पूर्व प्रधान अजय उपाध्याय, पूर्व महासचिव विशाल ठाकुर, पूर्व कोषाध्यक्ष विजय चंदेल, परविंद्र शर्मा, बंशीधर शर्मा, विजय राज उपाध्याय, कश्मीर ठाकुर, अरुण चंदेल, अनूप शर्मा, संजय चंदेल, शुभम राही, सुनील ठाकुर, विजय भारद्वाज, प्रकाश ठाकुर, प्रियंका ठाकुर, पकंज मिश्रा, कपिल गुलेरिया, रजत, अनिल ठाकुर, कुनाल वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।




## कपेस्टी बिल्डिंग ट्रेनिंग को लेकर कार्यक्रम का आयोजन

**बिलासपुर।** चेतना संस्था विजयपुर में मंगलवार को जन शिक्षण संस्थान की तरफ से कपेस्टी बिल्डिंग ट्रेनिंग को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में आशा भदौरिया पत्नी पूर्व एयर चीफ मार्शल राकेश भदौरिया व परिवार की पहल एनजीओ की संस्थापक पहुंची व विशेष अतिथि के रूप में झंडूता विधायक जीत राम कटवाल पहुंचे। संस्था की संस्थापिका मालिका नड्डा ने आए हुए अतिथियों का शॉल और टोपी पहनाकर स्वागत किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित लोगों को संस्थापिका ने बताया कि वेस्ट मैटेरियल से कैसे तरह-तरह की चीजें बनाई जाती हैं और उन्हें बाजार में बेचा जाता है। मलिका नड्डा ने लोगों को बताया कि कैसे संस्था द्वारा वेस्ट मैटीरियल से नए प्रोडेक्ट तैयार किए जाते हैं और उन्हें बाजार में बेचा जाता है। इस अवसर पर चेतना के डायरेक्टर अरुण गौतम, कश्मीर ठाकुर, मनोज कुमार, नीना कौशल, कंचन, मनीष गर्ग व चेतना जनशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षक व छात्र व काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**जनसंपर्क** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आवासहीनों को उपलब्ध करवा रहे छत्त : त्रिलोक

# बिलासपुर में सच होगा अपने आशियाने का सपना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हिमाचल से विशेष लगाव है। वह इस पर्वतीय राज्य को अपना दूसरा घर मानते हैं। पिछले 10 वर्षों में केंद्र से हिमाचल को एम्स, आईआईएम, आईआईटी, मेडिकल कॉलेज व फोरलेन जैसे बड़े-बड़े तोहफे मिलना इसका प्रमाण है। हर वर्ग को लाभांवित करने के लिए कई अन्य जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू करने साथ ही प्रधानमंत्री गरीबों के मसीहा भी हैं। गरीबों का वह हमेशा विशेष ध्यान रखते हैं। ये बातें विधायक त्रिलोक जम्वाल ने जनसंपर्क अभियान के तहत कुठेड़ा व हरलोग पंचायत में लोगों से कहीं।

उन्होंने कहा कि अपने तीसरे कार्यकाल के शुरुआती 100 दिनों में ही उन्होंने हिमाचल के आवासहीन परिवारों के लिए 92,364 आवास और मंजूर किए हैं। इनमें से लगभग 7000 आवास बिलासपुर जिला के आवासहीन परिवारों को मिलेंगे। इससे सभी लोगों का अपने आशियाने का सपना साकार होगा।

### लगभग 7000 लोगों को मिलेंगे घर



कुठेड़ा व हरलोग पंचायत में लोगों से बातचीत करते हुए विधायक त्रिलोक जम्वाल।

जम्वाल ने कहा कि भाजपा राष्ट्रवादी विचारधारा वाली राजनीतिक पार्टी है, जो सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास व सबका विश्वास के मूलमंत्र पर काम करती है। भाजपा ने हमेशा दलगत राजनीति से ऊपर उठकर पूरे देश का एक समान विकास करवाया है। इसके विपरीत कांग्रेस ने हमेशा राजनीतिक द्वेष भावना से काम किया है। हिमाचल में कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद से भाजपा विधायकों के विधानसभा क्षेत्रों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। न केवल प्रदेश की आम जनता दुखी है, बल्कि कांग्रेस की विचारधारा से जुड़े लोग और यहां तक कि इस पार्टी के कार्यकर्ता भी अपनी ही सरकार की कार्यप्रणाली से आहत हैं।

अपने दौरे के दौरान उन्होंने भाजपा के सदस्यता अभियान की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि भाजपा एक बड़ा और संगठित परिवार है। हर वर्ग के लोगों को इस परिवार का सदस्य बनाने के लिए नए सिरे से सदस्यता अभियान शुरू किया गया है। सदर विधानसभा क्षेत्र में 25 हजार से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग स्वेच्छा से इस परिवार का हिस्सा बन रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे खुद हर घर में पहुंचकर लोगों को मोदी सरकार की कल्याणकारी नीतियों व योजनाओं से अवगत करवाकर उन्हें भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के लिए प्रेरित करें।




# घुमारवीं पुलिस की बेरहमी, युवक को दरिंदों की तरह पीटा

## पति-पत्नी की लड़ाई के बीच पुलिस ने की जमकर पिटाई, घायल युवक सहित परिजनों ने एसपी से की मुलाकात, लगाई न्याय की गुहार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

घुमारवीं पुलिस द्वारा एक व्यक्ति की निर्मम पिटाई करने का मामला सामने आया है। मंगलवार को इस सारे मामले को लेकर घायल व्यक्ति और उसके परिजन एसपी बिलासपुर से मिले। साथ ही उन्होंने इस मामले पर उक्त पुलिस जवानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग उठाई है।

घायल युवक रिकी कुमार ने बताया कि बीते सोमवार को उसकी अपनी पत्नी के साथ किसी बात को लेकर बहस हो गई। ऐसे में उसकी पत्नी ने इसकी शिकायत घुमारवीं थाना में दी। घुमारवीं थाना पुलिस की टीम ने इस सारे मामले में व्यक्ति की बहुत निर्मम तरीके से पिटाई कर डाली, जिसमें व्यक्ति के सिर, पांव और कमर व टांगों पर काफी चोटें भी आई हुई हैं।

घुमारवीं पुलिस द्वारा की गई इस तरह पिटाई के चलते पुलिस प्रशासन पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। मंगलवार को जिला वाल्मीकि सभा के प्रधान अशोक कुमार वाहिल की अध्यक्षता में एसपी से मिले घायल व्यक्ति और परिजनों का कहना है कि उनका



बेटा घुमारवीं के एसबीआई बैंक में कार्यरत है। घुमारवीं में ही उनका बेटा अपनी पत्नी के साथ रहता है। बीते सोमवार को पत्नी और पति के बीच हुई लड़ाई के मामले पर उनके बेटे ने पुलिस को यह भी कहा था कि वह मामला उनका पर्सनल है, जिनको वह अपने परिवार के साथ बैठकर सुलझा लेंगे, लेकिन उन्होंने आरोप लगाए हैं कि घुमारवीं पुलिस के जवानों ने उनके बेटे की एक भी नहीं सुनी और घर से उसको घसीटते, मारते हुए सीधे घुमारवीं थाना में लेकर आए, जिसके बाद देर रात तक उसके साथ घुमारवीं थाना में भी मारपीट की गई।

घायल व्यक्ति रिकी कुमार ने बताया कि वह बार-बार पुलिस जवानों से माफी मांग रहा था कि माफ कर दो और यह हमारे परिवार

> मामला ध्यान में आया हुआ है। मेडिकल करवाया जा रहा है, मामले में उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस सारे मामले की जांच कर रही है।
> –एसपी संदीप धवल, बिलासपुर

की आपसी लड़ाई है हम आपस में बैठकर सुलझा लेंगे, लेकिन पुलिस के जवानों ने उसकी बिलकुल नहीं सुनी और बहुत बेरहमी के साथ मारपीट की गई। घायल रिकी कुमार व उनके परिजनों ने मांग उठाई है कि उक्त पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# एक करोड़ से होगा परशुराम तालाब का संवर्धन : मुकेश अग्निहोत्री

**अनंत ज्ञान, नाहन**

उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जिला सिरमौर के श्री रेणुका जी विधान सभा क्षेत्र की तहसील ददाहू में 90 लाख से निर्मित ग्राम पंचायत कोटि धीमान की हरिजन बस्ती भारसरथ रहिया खाला और कियार के लिए उठाऊ जल आपूर्ति योजना और ग्राम पंचायत ददाहू के लिए 1 करोड़ 14 लाख रुपए की लागत से तैयार उठाऊ जल आपूर्ति योजना के संवर्धन एवं सुधार कार्य का शुभारंभ किया। हिमाचल प्रदेश विधान सभा के उपाध्यक्ष विनय कुमार भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

उप-मुख्यमंत्री व विधान सभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने श्री रेणुका जी माता मंदिर में शीश नवाया और श्री रेणुका माता का आशीर्वाद लिया। इसके उपरांत, उप मुख्यमंत्री ने माईना बाग स्थित डॉ प्रेम सिंह मेमोरियल स्टेडियम में पूर्व मुख्य संसदीय





सचिव एवं रेणुका विधान सभा क्षेत्र से विधायक स्वर्गीय डॉ प्रेम सिंह की जयंती व पुण्यतिथि के अवसर पर, उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। उप-मुख्यमंत्री ने कहा की स्वर्गीय डॉ प्रेम सिंह, पूर्व में हिमाचल प्रदेश सरकार में मुख्य संसदीय सचिव व श्री रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र के छह बार विधायक रहे। श्री रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा।

उन्होंने कहा की यह भूमि स्वर्गीय डॉ यशवंत सिंह परमार की भूमि है और यहां के लोग बहुत भाग्यशाली है कि वह डॉ यशवंत सिंह परमार, डॉ प्रेम सिंह व वर्तमान में विनय कुमार के नेतृत्व में इस क्षेत्र के विकास के साक्षी है। उन्होंने नौहराधार में बस अड्डा व संगडाह में जल शक्ति विभाग के विश्राम गृह निर्माण की घोषणा की। उन्होंने रेणुका विधानसभा क्षेत्र के लिए 8 करोड़ रुपये की जल जीवन मिशन योजना में से चार करोड़ रुपए की राशि तत्काल देने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में 110 करोड़ रुपए की 38 पेयजल और 23 सिंचाई योजनाओं का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि अगले तीन माह में ददाहू के साथ लगती पंचायतों को भी पेयजल आपूर्ति उपलब्ध करवा दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि संगडाह से चंडीगढ़ और शिमला को पुन: बस सेवा आरंभ करने की घोषणा की। उप मुख्यमंत्री ने पशुराम मंदिर तालाब के संवर्धन के लिए एक करोड़ रुपए देने तथा स्वर्गीय डॉ प्रेम सिंह मेमोरियल स्टेडियम के संपर्क मार्ग में प्रवेश द्वार बनाने की घोषणा की।

# उद्योगों के पीछे क्यों पड़ी सरकार सीएम साफ करें मंशा : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार की उद्योगों को परेशान करने की नीति की निंदा करते हुए कहा कि सत्ता में आने के दिन से ही सरकार प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों को टारगेट कर रही है, उद्योगपतियों को डरा-धमका रही है। अपनी नीतियों से उन्हें परेशान कर रही है। ऐसे-ऐसे निर्णय भी ले रही है जो पूरी तरह से असंवैधानिक हैं और हाईकोर्ट उन्हें पलट भी रही है।

सुक्खू सरकार के मंत्रियों और स्वयं मुख्यमंत्री को भी इस बारे में स्पष्ट करना चाहिए कि उनकी मंशा क्या है? इसके पीछे उद्योगों पर किसी प्रकार का दबाव बनाना तो नहीं है।

किसी तरह के भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना तो नहीं है। इस तरह के कृत्यों से न तो प्रदेश का भला है और न ही प्रदेश के लोगों का भला होने वाला है। आज सरकार ने उद्योगों को इस स्थिति में ला दिया है कि वह शट डाउन करके अपना विरोध दर्ज करवाने की योजना बना रहे हैं। शट डाउन के कारण प्रदेश की आर्थिकी को होने वाले नुकसान का जिम्मेदार कौन होगा? शट डाउन के दौरान दिहाड़ी मजदूरों के नुकसान की भरपाई कई करेगा। जयराम ठाकुर ने कहा कि सत्ता में आते ही प्रदेश की आर्थिकी में सहयोग देने वाले और रोजगार देने वाले उद्योग धंधे सरकार का पहला निशाना बने। सबसे पहले सरकार समर्थित माफियाओं ने उद्योगों को डराना धमकाना शुरू किया। जिसके कारण कई उद्योगों ने बाहर का रास्ता नाप लिया। जो। बड़े संस्थान थे और वह अचानक उठ कर नहीं जा सकते थे।

## न्यूज ब्रीफ

### नए मुख्य न्यायाधीश राजीव आज लेंगे शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के नए मुख्य न्यायाधीश जस्टिस राजीव शकधर 25 सितंबर को राजभवन शिमला में शपथ लेंगे। राज्यपाल शिव प्रताप



शुक्ल नए मुख्य न्यायाधीश को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। जस्टिस शकधर 11 अप्रैल 2008 को दिल्ली हाईकोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त हुए थे। जस्टिस राजीव शकधर देश के वरिष्ठतम न्यायाधीशों में शामिल हैं। उधर, प्रदेश झारखंड हाईकोर्ट में मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए गए प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव के सम्मान में सोमवार को विदाई समारोह का आयोजन हुआ। जस्टिस एमएस रामचंद्र राव को 30 मई 2023 को हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में स्थानांतरित किया गया था।

### मटर सीजन : बेहतरीन दाम मिलने से किसानों के खिले चेहरे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल में मटर का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में किसानों के चेहरे खिल गए है। शिमला की ढली मंडी में करसोग और कोटखाई से मटर की खेप मंडी पहुंच रही है। अच्छे दाम मिलने से किसान काफी खुश हैं। पहले ही दिन सब्जी मंडी में करसोग से 10 से 12 बोरी मटर की पहली खेप पहुंची थी। इस दौरान इसे 100 से 200 रुपए प्रतिकिलो तक दाम मिले। करसोग के अलावा कोटखाई से भी 50 से 60 बोरी मटर की पहुंची। इस दौरान किसानों को 50 से 140 रुपए प्रतिकिलो तक दाम मिले। इस साल की शुरूआत में ही किसानों को बीते वर्ष के मुकाबले 30 से 40 रुपए ज्यादा दाम मिले हैं। मंडी में मटर की खेप लेकर पहुंचे किसान सोहन ठाकुर ने बताया कि इस बार मटर बरसात की वजह से खराब हो गई है। शुरूआत में फसल के बेहतर दाम मिलने से राहत मिली है।

### सड़क हादसे में पंजाब के युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** नगर परिषद संतोषगढ़ के पुराने बस स्टैंड के पास एक हादसे में युवक की मौत हो गई। मंगलवार दोपहर बारह बजे के करीब युवक स्कूटी पर सवार होकर वीरभद्र चोक की तरफ से आ रहा था कि वह जल्दबाजी के चक्कर मे ट्रेक्टर को टेकओवर कर आगे निकला चाह रहा था कि आगे से एकाएक टैंकर आने के कारण वह अपने आप को संभाल न सका व गिरते समय ट्रेक्टर के पिछले टायर की चपेट में आ गया जिस कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसकी खबर युवक के परिवार वालों को लगी तो परिवार व युवक के गांव के लोगों ने सड़क पर शव रखकर चक्का जाम किया, मांग कर रहे थे ट्रेक्टर चालक को पकड़ा जाए। लगभग तीन घंटे पुराने बस स्टैंड पर लोगों ने जाम लगा रखा। इस सारी घटना की फुटेज सीसीटीवी श्री विश्वकर्मा मंदिर पर लगे कैमरे में कैद हो गई थी, जिसको देखने के बाद परिजन शांत हुए व शव को उठाया गया व शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल ऊना भेज दिया गया है। मृतक युवक की पहचान अनिकेत पुत्र शीतल कुमार उम्र 17 गांव बैंसपुर जिला रोपड़ पंजाब के रूप में हुई है।

### शिव मंदिर में चोरी करने वाले युवक का साथी गिरफ्तार

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल।** गत दिनों हरोली के सलोह क्षेत्र में रोड के नजदीक बने एक शिवमंदिर में चोरी का वाकया सामने आया था, जिसमें एक आरोपी ने शिवलिंग के ऊपर लगी घंटी और उसकी चेन चुराई थी। घटना सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई थी। हरोली पुलिस ने मामला दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू की थी। पुलिस आरोपी को पंजाब के नंगल के पास से पकड़ कर ले आई थी। आरोपी से पुलिस रिमांड पर पूछताछ गई थी जिसमें एक और आरोपी सुमित निवासी नंगल का नाम साथ देने में आया था, जिसे अब हरौली पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश करके 2 दिन का रिमांड हासिल किया।

### 204 ग्राम चरस सहित एक व्यक्ति काबू

**अजय पाल, पंचरुखी।** पंचरूखी पुलिस ने नशे के प्रति छेड़े अभियान के तहत एक और कामयाबी हासिल करते हुए एक व्यक्ति से 204 ग्राम चरस बरामद की है। थाना प्रभारी नंद लाल शर्मा ने बताया कि गत रात को पुलिस थाना पंचरूखी की टीम रूटीन गश्त पर थी, तो आईटीआई सलियाना के पास एक व्यक्ति की शक के आधार उसकी तलाशी ली तो उसके पास 204 ग्राम चरस पाई गई। व्यक्ति की पहचान जगत पूरी सपुत्र दपिंद्र पूरी गांव टंडरू महादेव डाकघर टिक्कर खास तहसील पालमपुर जो अब कुटिया नजदीक आईटीआई सलियाना के पास रहता है के रूप मे हुई है।

### भागे आरोपी के मामले में दर्ज नहीं हुई एफआईआर

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** नाबालिग किशोरी से छेड़छाड़ के मामले में पोक्सो एक्ट के तहत नामजद आरोपी बेशक गगरेट में कांगड़ा पुलिस की गिरफ्त से भागने में सफल रहा है, लेकिन कांगड़ा पुलिस ने न तो इस बावत गगरेट पुलिस थाना में कोई तहरीर दी और न ही कोई मामला दर्ज करवाया। इसे लेकर कांगड़ा पुलिस की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में आ गई है। अब कांगड़ा पुलिस की ओर से दलील यह दी जा रही है कि आरोपी को अभी गिरफ्तार नहीं किया गया था, इसलिए पुलिस में मामला दर्ज नहीं हो पाया है।

# महिला पंचायत प्रतिनिधियों ने 'स्वच्छता ही सेवा' के तहत गिनाई उपलब्धियां

## फागू में आयोजित स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में राज्यपाल ने की शिरकत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

स्वच्छता को लेकर महिला पंचायत प्रतिनिधियों और स्वयं सहायता समूह की 'दीदियों' के कार्य और उत्साह अन्यों के लिए प्रेरणादायक है। ये महिलाएं कूड़े-कचरे को लेकर खाद बनाने, बावड़ियों, चश्मों और नालों की साफ-सफाई के साथ गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करने का काम कर रही हैं। इनके उत्साह को देखकर राज्यपाल श्री शिव प्रताप शुक्ल काफी प्रभावित हुए और उनकी जमकर प्रशंसा की।

'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत ये महिलाएं शिमला जिले के ठियोग उपमण्डल के तहत बणी, मकडोल, चियोग, देहना और शतयाण पंचायतों से फागू में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने आई थी। कार्यक्रम में राज्यपाल श्री शिव प्रताप शुक्ल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक ''स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता'' की थीम के साथ मनाया जा रहा है, जिसका समापन 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस समारोह के साथ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह थीम दैनिक जीवन और संस्कृति के हिस्से को दर्शाती है।

राज्यपाल ने कहा कि व्यक्तिगत स्वच्छता से लेकर स्वच्छ सार्वजनिक स्थानों तक एक जन आंदोलन के रूप में शुरू हुआ यह अभियान अब वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा आंदोलन बन गया है। उन्होंने कहा कि आम लोगों के सहयोग से इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन की यह 10वीं वर्षगांठ है और ऐसे समय में सामूहिक प्रयासों से नए मील पत्थर हासिल करने की प्रतिबद्धता को दोहराना महत्वपूर्ण है।

# डॉ. विक्रम महाजन ने राज्य चयन आयोग के सेक्रेटरी पद का कार्यभार संभाला

**विक्रम ढटवालिया हमीरपुर**

सरकार ने हमीरपुर में स्थित राज्य चयन आयोग में वरिष्ठ एचएएस अधिकारी डॉ. विक्रम महाजन को सेक्रेटरी और दीप्ति मंढोत्रा को एडिशनल सेक्रेटरी का कार्यभार सौंपा है। इनकी तैनाती से पहले सरकार ने अध्यक्ष और दो सदस्यों की भी अधिसूचना जारी कर दी थी। इनकी तैनाती होने के साथ ही मुख्य प्रशासक के रूप में डॉ. आरके पूरूथी और अतिरिक्त कार्यभार संभाले वरिष्ठ एचएएस अधिकारी जितेंद्र सांजटा भी अब आयोग के कार्यभार से अलग हो गए हैं।

धीरे-धीरे इस आयोग का निजाम अधिकारियों की तैनाती के साथ बदलने लगा है, लेकिन सबसे



अहम यह भी है कि अभी तक इसमें स्वीकृत पदों को भरने का काम रुका हुआ है। फिलहाल इसकी भीतरी व्यवस्था को पुराने भंग आयोग के डिटेन किए गए कर्मचारी ही संभाले हुए हैं। नए किसी भी कर्मचारी की तैनाती नहीं हुई है।

वर्ष 2009 बैच के अधिकारी डॉ. विक्रम महाजन इससे पहले अतिरिक्त निदेशक, मत्स्य पालन, मुख्यालय बिलासपुर का कार्य भार देख रहे थे। दीप्ति एचपीएएस 2011 बैच की इससे पहले एक्स सर्विसमैन कारपोरेशन में सचिव के पद पर तैनाती रही थीं।

राज्य सरकार के आदेशों के बाद हिमाचल राज्य चयन आयोग में इससे पहले अध्यक्ष के पद पर राजीव कुमार सहित दो मेंबर की नियुक्ति हुई थी। सेक्रेटरी के रूप में विक्रम महाजन ने अपना पदभार संभाल कर हमीरपुर में कामकाज शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि रिजल्ट अध्यक्ष और दो सदस्यों के कार्यभार संभालने के बाद ही घोषित करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# सरकाघाट में सीएसडी कैंटीन मैनेजर पर उत्पीड़न के आरोप

**रितेश, सरकाघाट**

सरकाघाट की सीएसडी कैंटीन में तैनात एक महिला कर्मचारी और उनकी बहू ने कैंटीन मैनेजर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। दोनों महिला कर्मचारी जो लंबे समय से कैंटीन में काम कर रही हैं, ने मैनेजर पर अभद्र भाषा का प्रयोग, मानसिक प्रताड़ना और यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं।

महिला कर्मचारी का कहना है कि मैनेजर पिछले कई महीनों से उन्हें और उनकी बहू को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। पुलिस को दिए बयान के अनुसार सीएसडी कैंटीन मैनेजर उन्हें अपने घर के काम करने के लिए दबाव डालता था। जब उन्होंने यह काम करने से इंकार कर दिया, तो उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा।

एसएचओ सरकाघाट रजनीश ठाकुर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने महिला कर्मचारी के बयान के बाद सीएसडी कैंटीन मैनेजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। (अनंत ज्ञान)

# चलते ट्रक को लगी आग, लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

बगली-चैतड़ू मार्ग पर रात करीब 9.30 बजे एक चलता ट्रक धू-धूकर जल गया। जानकारी से अनुसार ट्रक जालंधर से धर्मशाला आ रहा था। सोमवार रात को पेंट, हार्डवेयर तथा इलेक्ट्रिक उत्पादों से लदे ट्रक पीबी-68ए-एच 6382 में अचानक आग लग गई। हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर धर्मशाला से पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग को काबू किया। हालांकि ट्रक समेत इसमें लदा सामान काफी हद तक जल चुका था। पेंट जैसे ज्वलनशील उत्पादों के कारण ये आग देखते ही देखते विकराल हो गई तथा चालक ने ट्रक से निकल कर जान बचाई।



आग से करीब 27 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। उधर, मामले की जानकारी देते हुए धर्मशाला स्थित स्टेशन फायर ऑफिसर कर्म चंद कश्यप ने बताया कि सोमवार रात को ये हादसा पेश आया। उन्होंने बताया कि बगली-चैतड़ू मार्ग पर एक ट्रक आग की चपेट में आ गया तथा इस हादसे में करीब 27 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

# राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ की बैठक 28-29 को

**मंडी।** राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ की केन्द्रीय कार्य समिति की बैठक 28-29 सितंबर को केरल के एर्नाकुलम में अखिल भारतीय अध्यक्ष विपिन कुमार डोगरा की अध्यक्षता में होगी। बैठक में उपाध्यक्ष व प्रभारी जीईएनसी एमपी सिंह, प्रभारी उन्नीकृष्णन, महामंत्री विष्णु वर्मा, संगठन मंत्री प्रमोद मिश्रा व अन्य पदाधिकारी व कार्य समिति सदस्य विशेष रूप से भाग लेंगे।

सभी राज्यों के अध्यक्ष, महामंत्री भी अपने राज्यों की गतिविधियों, मांगों कार्यक्रमों व राज्य अधिवेशनों व वित्त सचिव अमोद श्रीवास्तव वित्त संबंधी रिपोर्ट रखेंगे।

**चिंताजनक** केंद्र सरकार ने सस्ते राशन चावल और गेहूं की मात्रा घटाई

# प्रदेश में महंगाई के बीच एपीएल परिवारों को झटका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में खाद्य वस्तुओं सहित अन्य घरेलू जरूरतों के समान की कीमतों लगातार बढ़ रही हैं। वहीं, अब गरीबी रेखा से ऊपर रहने वाले परिवारों की मुश्किलें और बढ़ने वाली हैं। ये इसलिए की हिमाचल में एपीएल परिवारों को दिए जाने वाले सस्ते राशन के कोटे में केंद्र ने कट लगाया है।

हिमाचल को अक्तूबर महीने के लिए केंद्र ने सस्ते राशन का आवंटन किया है, उसमें चावल और गेहूं की मात्रा घटाई गई है। ऐसे में महंगाई के इस मुश्किल दौर में आने वाले समय में मध्यम वर्ग के परिवारों की परेशानी बढ़ सकती है।

हिमाचल उपभोक्ता राज्य है, यहां कृषि का इतना अधिक उत्पादन नहीं होता है। ऐसे में यहां अधिकतर परिवार डिपुओं के सस्ते राशन पर ही निर्भर हैं।

## केंद्र सरकार ने राशन में 410 मीट्रिक टन का कट लगाया

केंद्र ने अक्तूबर महीने के लिए सस्ते राशन का आवंटन कर दिया है। अगले महीने के लिए आवंटित किए हुए सस्ते राशन के कोटे में 410 मीट्रिक टन का कट लगाया गया है। केंद्र से कुल 20,542 मीट्रिक टन राशन का आवंटन हुआ है। इसमें 14,179 मीट्रिक टन गेहूं और 6,363 मीट्रिक टन चावल का आवंटन किया गया है। ऐसे में राशन की मात्रा घटने से आने वाले समय



में एपीएल परिवारों को मिलने वाले सस्ते राशन के कोटे में कटौती हो सकती है। वहीं, सितंबर महीने के लिए केंद्र से 20,952 मीट्रिक टन राशन आवंटन हुआ है. इसमें 14,490 मीट्रिक टन गेहूं और 6,462 मीट्रिक टन चावल हिमाचल को मिला था. केंद्र ने अब इसकी मात्रा कम कर दी है. जिससे गरीबी रेखा से ऊपर जीवन यापन करने वाले मध्यम वर्ग के परिवारों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

## 19 लाख से अधिक कार्ड धारक

हिमाचल प्रदेश में कुल राशन कार्ड धारकों की संख्या 19,65,589 है। इसमें एपीएल परिवारों की कुल संख्या 12,24,448 है. जिसमें एपीएल कार्ड धारकों की कुल संख्या 11,52,003 है। वहीं, 72,445 एपीएल परिवार टैक्स पेयर हैं।

ऐसे में एपीएल और टैक्स पेयर कार्ड धारकों की कुल आबादी 44,19,312 है. जिनमें अकेले एपीएल आबादी 41,26,583 हैं। वहीं, टैक्स पेयर की आबादी 2,92,729 है। बता दें कि सरकार ने एपीएल दिए जाने वाले आटे और चावल के कोटे में अगस्त 2023 से राशन के कोटे में कोई कट नहीं लगाया. पिछले साल के अधिक समय से एपीएल परिवारों को 14 किलो आटा और 6 किलो चावल प्रति राशन कार्ड के हिसाब से दिया जा रहा है।

# हिमाचल प्रदेश में बिजली-पानी के रेट बढ़ाना निंदनीय : भाजपा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश की सुक्खू सरकार का बस चले तो हवा पर भी टेक्स लगा दें। भाजपा मुख्य प्रवक्ता और सुंदरनगर से विधायक राकेश जमवाल व कांगड़ा से प्रवक्ता संजय शर्मा, संदीपनी भारद्वाज, विनोद ठाकुर ने सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि खुद के खर्चो पर लगाम लगाने के बजाए सरकार आम जनता पर महंगाई का बोझ डाल रही है। सरकार मनरेगा की दिहाड़ी पर अपने पालन पोषन करने वाले लोगों पर पानी क़े बिल लगाकर आम जनता के साथ अन्याय कर रही है।

भारतीय जनता पार्टी ने आरोप लगाया है कि प्रदेश की सुक्खू सरकार ने आम आदमी का जीना मुहाल कर दिया है। प्रदेश की 80 प्रतिशत आबादी गावों में बसती है



और ऐसे में इस तरह अनचाहे बोझ ग्रामीण जनता पर डालना तर्कसंगत नहीं है। भाजपा ने आरोप लगाया की अपनी जिम्मेवारियों को पूरा करने के लिए जनता पर मनचाहे और तुगलगी फरमानों का बोझ डाल रहे। पहले बिजली के बिल अब पीने के पानी के बिलों का बोझ डाल दिया है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार अपने मित्रों के ऐशो आराम के लिए जनता पर एक के बाद एक वित्तीय बोझ डाल रही है और महंगाई के इस दौर में आम आदमी को राहत देने के बजाय उसके जीवन को बद हाल करने पर तुली है। साथ ही 300 यूनिट फ्री देने की बात करने वाली कांग्रेसी ने जयराम सरकार द्वारा दिए जा रहे 125 यूनिट भी बंद कर दिया और बिजली के रेट भी बढ़ा दिए गए। विधायक राकेश जम्वाल ने कहा केंद्र सरकार ने हर घर जल, हर घर नल योजना के तहत पूर्व जयराम सरकार के माध्यम से हर घर तक नल पहुंचाया अब सुक्खू सरकार फ्री के लगाए नल पर टैक्स वसूलने जा रही है।

शहरी क्षेत्र में भी पानी के टैरिफ बेहदाशा बढ़ोतरी कर दी है और दाम इतने महंगे कर दिए है कि मानो नलकों से सरकार जनता को मिनरल वाटर सप्लाई करने जा रही हो।

## न्यूज ब्रीफ

### धर्मशाला, थुरल, भवारना और लडभड़ोल उपमंडल में आज और कल पॉवर कट

**धर्मशाला।** बिजली के रख-रखाव और लाइनों के मरम्मत कार्य के चलते धर्मशाला, थुरल, भवारना और लडभड़ोल उपमंडल में आज और कल पॉवर कट लगेंगे। विद्युत उपमंडल-2 धर्मशाला के कार्यकारी सहायक अभियंता ने बताया कि 25 सितंबर 33/11 केवी सिद्धपुर सब स्टेशन के अंतर्गत सिद्धबाड़ी, सिद्धपुर, फतेहपुर, बागणी, रक्कड़, तपोवन, झिओल, बरवाला, लोअर मोहली, गयोतो मोनेस्ट्री, घियारी पुल, रसां, बरेह, घिकतु, ठम्बा, दाड़ी, शीला, पासू, आईटीआई, झाकड़ी, अप्पर बडोल, कंड़ी, चोला, खनिआरा, थात्री, सुक्कड़, योल, योल बाजार, नरवाना, उथराग्रां, कस्बा, चटेहर, स्लेट गोदाम, खुई बारग, कनेड, लोअर सुक्कड, मनेड, धौलाधार कॉलोनी आदि क्षेत्रों में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।




**मैक्लोडगंज।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल-1 धर्मशाला रमन भरमौरिया ने बताया कि धर्मशाला नगर और साथ लगते क्षेत्रों में 33/11 केवी सब स्टेशन कालापुल के रख-रखाव के चलते 26 सितंबर को कोतवाली बाजार, आईपीएच कांप्लेक्स, नगर निगम कार्यालय, यात्री निवास, जोनल अस्पताल, आयुर्वेदिक अस्पताल, ज्यूडिशियल कॉमप्लेक्स, टेलीफोन एक्सचेंज, एसपी ऑफिस, डीसी ऑफिस, डिपो बाजार, सिविल लाइन, रामनगर, लोअर टीसीवी, महाजन क्लीनिक शामनगर, पुलिस लाइन, एकजोत कॉलोनी, चीलगाड़ी, हाउसिंग बोर्ड, शिक्षा बोर्ड, फॉरेंसिक लैब, टेलीफोन एक्सचेंज नरघोटा, टी एस्टेट, कोतवाली पेट्रोल पंप, गोरखा कॉलोनी, हाउसिंग कॉलोनी, सर्किट हाउस, ऑफिसर कॉलोनी चीलगाड़ी, मैकलोडगंज बाजार, मैक्लोडगंज बौद्ध मंदिर, जोगीवाड़ा, हेरू गांव, टिप्पा रोड, आकाशवाणी, डिग्री कॉलेज, बीएड कॉलेज, सकोह, चेलियां, एचपीसीए स्टेडियम, सरस्वती नगर, संजय मार्ग, दुसलान और इसके साथ लगते क्षेत्र में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक अथवा कार्य समाप्ति तक बिजली बंद रहेगी।

**उधर,** विद्युत उपमंडल, मैक्लोडगंज के सहायक अभियंता ने बताया कि 26 सितंबर को 33/11 केवी तोतारानी सब स्टेशन के अंतर्गत सामान्य रख-रखाव के चलते सतोबरी, नड्डी, भागसू नाग, धर्मकोट, डल लेक, दियाल, चांदमारी, मैक्लोडगंज, हिरू आदि क्षेत्रों में प्रातः 9.30 बजे से दोपहर 5.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

**डरोह।** विद्युत उपमंडल थुरल के इंजीनियर प्रवीण सिंह सहायक अधिशाषी अभियंता ने बताया कि 11 केवी लोकल थुरल एचटी लाइन के तहत थुरल, थाना, भनार हेव, भ्रांता, बटाहन, भाटी, लुहार पंगा, कोतवाल लाहड़ आदि गांवों की विद्युत आपूर्ति सुबह 9 बजे से लेकर कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी।

**भवारना।** भवारना के इंजीनियर मयंक शर्मा सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल भवारना ने कहा कि 11 केवी खैरा फीडर के तहत सैनिक वेलफेयर कॉलोनी ठाकुरद्वारा, भवारना, बारी, सिहोल, वड़गुहार, हैंजा, भाडल देवी, ठम्बा, कथियाड़ा, सुतरेहड़, ओडर, खैरा रोड, गदियाड़ा, हिमदर्शन, मालग, आरठ, घोर-नड, चंजेहड़, अप्पर व लोअर पुन्नर, कनाल पट्ट,डकरेर व मालनू इत्यादि गांवों की विद्युत आपूर्ति 25 सितंबर को सुबह नौ से लेकर सायं कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी।

**पंचरुखी।** 33/11 केवी विद्युत सब स्टेशन लड़भडोल के तहत चड़ियार, सरि, संसाई, दगोह व भुआना के अंतर्गत आते गांव ननवार, मत्याल, सलेहरा, टांची, भीरडी, संसाई, कोठी मैला, मोलग, पटेलनगर, भुलाना, ढुग, ढंडेरा, तिनबड़, मझेडा, लुगट, दगोह, वरोटा, कैलाशपुर, भूआना, मकोल व आशापुरी में 26 सितंबर सुबह 10 बजे से कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### जंबल स्कूल में मनाया राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस

**डाडासीबा।** मंगलवार को राष्ट्रीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जंबल में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य परमजीत सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी सुरेश नरयाल ने बताया कि एनएसएस इकाई में 68 स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं। उन्होंने एनएसएस दिवस का महत्व बताते हुए समझाया कि हमें समाज के हित में कार्य करने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। इस मौके पर सभी स्वयंसेवी छात्र व स्टाफ मौजूद रहा।

# सितंबर में भी उमस भरी गर्मी छुड़वा रही पसीने

## 30 से 35 डिग्री तक पहुंच रहा पारा, धूप में लोगों का निकलना हुआ मुश्किल

**पिंकी, डाडासीबा**

सितंबर महीने में हल्की सर्दियां शुरू हो जाती हैं तथा लोग पंखों एसी–कूलर लगाने बंद कर देते थे, लेकिन इस बार अभी तक उमस भरी गर्मी हो रही है। गर्मी से आम जनमानस का जीना दूभर हो गया है। लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत पाने के लिए पंखे–एसी व कूलर का सहारा लेना पड़ रहा है।

अभी तक शीतल पेय पदार्थों, जूस का सेवन कर रहे हैं। पिछले 5–6 दिनों से सुबह सात बजे के बाद पारा बढ़ने शुरू हो जाता है तथा दोपहर होते–होते पारा 30–35 डिग्री पहुंच जाता है। पशु–पक्षी भी तालाबों नदी–नालों में नहा कर गर्मी से निजात पा रहे हैं। गर्मी के कारण दोपहर को हरे पेड़ों के पते हस्त्र मुरझाए हुए दिखते हैं। लोग सुबह, दोपहर व रात को नहाकर गर्मी से निजात पा रहे हैं। दोपहर को सड़कें वीरान तथा मार्केट भी सुनसान नजर आ रही है। (अनंत ज्ञान)


डाडासीबा बाजार की गलियां सूनी पड़ी।

### अचानक बढ़ रहे तापमान से हैरत में डाले लोग

**मौसम** के तापमान में यकायक हुई वृद्धि से लोगों में बेचैनी पैदा कर दी। करीब पांच दिन पूर्व हुई वर्षा से लोगों को गर्मी से पूर्ण राहत प्रदान हुई थी। यही नहीं, रात के समय घरों के एसी व कूलर व पंखे तक बंद हो गए थे, परंतु सोमवार को अचानक हुई तापमान की वृद्धि ने सभी को हैरत में डाल दिया तथा पंखों के साथ-साथ लोगों को कूलर व एसी आदि का भी उपयोग करना पड़ा। सितंबर माह के आखिर में तापमान में हुई वृद्धि से हर कोई हैरान है। पंखों की हवा भी कम लगने लगी। शाम को पांच बजे के बाद लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। उमस भरी गर्मी के कारण सर्दी, बुखार, उल्टियां व दस्त के मामले भी बढ़ने शुरू हो गए हैं।

# धीरा के छह छात्र धर्मशाला में जिला स्तर पर दिखाएंगे अपने जौहर


धीरा स्कूल के स्टूडेंट्स शिक्षकों के साथ।

**राकेश डोगरा, डरोह**

राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धीरा के 6 छात्र 30 सितंबर को जिला स्तर पर धर्मशाला में नाटक और गाने में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने कहा कि सबसे पहले ब्लॉक स्तर पर यह प्रतियोगिता धीरा स्कूल में ऑनलाइन हुई थी। वहां जीतने के बाद जोन स्तर पर यह प्रतियोगिता कला उत्सव के नाम पर चचियां स्कूल में 23 सितंबर को हुई, जिसमें धीरा स्कूल के 6 बच्चों का चुनाव दो अलग–अलग विधाओं में जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में हुआ है।

इस प्रतियोगिता में पालमपुर जोन से कुल 8 खंड में से चुनकर आए बच्चों ने भाग लिया। धीरा स्कूल से इसमें 3 छात्राएं समूह गान में व एक छात्र और दो छात्राएं ड्रामा में प्रथम रहीं। एकल ड्रामा में धीरा के 11वीं कक्षा के अक्षित कुमार ने तृतीय स्थान हासिल किया।

इस मौके पर प्रधानाचार्य ने प्रार्थना सभा में सभी प्रतिभागियों को बढ़िया प्रदर्शन करने के लिए बधाई दी। साथ ही सभी शिक्षकों को भी शुभकामनाएं दीं, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत से इन प्रतिभागियों को तराशा है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति–2020 के अनुसार बच्चों का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब प्रत्येक छात्र इन गतिविधियों में भाग लेकर अच्छा प्रदर्शन कर अपने विद्यालय और माता–पिता का नाम रोशन करता है। (अनंत ज्ञान)

## हिमाचल किसान सभा ने रिद्धि सिद्धि कंपनी व एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां**



हिमाचल किसान सभा नगरोटा बगवां इकाई का एक प्रतिनिधिमंडल रिद्धिसिद्धि कंपनी व एसडीएम नगरोटा बगवां से मिला और मांगों को लेकर ज्ञापन दिया।

इसमें ठानपुरी से लेकर परौर तक किसानों की जो जमीनें ली गई हैं, उससे किसानों के रास्ते व कूहलें आदि खराब हो चुकी हैं और किसानों की फसलें व सब्जियां भी धूल पड़ने से खराब हो गई हैं, उनका भी मुआवजा दिया जाए, कार्यस्थल पर लगातार पानी का छिड़काव किया जाए, स्थानीय लोगों को रोजगार दिया जाए व किसानों से ली गई जमीनों का मार्केट रेट के हिसाब से चार गुना मुआवजा दिया जाए। इस मौके पर किसान सभा को रिद्धि सिद्धि कंपनी ने आश्वासन दिया है कि जहां–जहां भी आपके रास्ते, कूहले आदि टूटी हैं उनको हमें चिन्हित करके बता दें ताकि हम उनकी मरम्मत करवा सकें। इस मौके पर किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष जगदीश जग्गी, महासचिव सतपाल सिंह, शौकिनी राम, प्रताप सिंह, धनवीर सिंह, सुरेंद्र कुमार, लेखराज, फलातु राम, रमेश कुमार, अनूप कुमार, अमित राज आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत किया पौधरोपण

**डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेड़ूमहादेव के अंतर्गत आने वाली 66 पंचायतों में खंड विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसमें ग्राम पंचायतों के स्वयं सहायता समूह, महिला मंडल एवं युवक मंडल आदि बढ़–चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इस अभियान के अंतर्गत पंचायतों में साफ सफाई, एक पेड़ मां के नाम, स्कूल व सरकारी कार्यालयों की साफ–सफाई की जा रही है। अभी हाल ही में सन्हूं पंचायत में ज्योति स्वयं सहायता समूह की सरोज, नीलम, ममता, शिक्षा व निर्मला द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया गया।

## एनएसएस ने मनाया स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में 'स्वछता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में शिरकत करते हुए प्राचार्य डॉ. आरएस गिल कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना भारत सरकार के युवा और खेल मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। इसे औपचारिक रूप से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म शताब्दी एवं 24 सितंबर 1969 में राष्ट्रीय सेवा योजना इस आशय के साथ शुरू की गई कि उच्च शिक्षा से जुड़े विद्यार्थियों में सामाजिक दायित्व, चेतना, स्वप्रेरित, अनुशासन के साथ श्रम के प्रति सम्मान की भावना उत्पन्न हो।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का आदर्श नारा है 'मैं नहीं बल्कि आप' यह लोकतांत्रिक जीवन का सार दिखाता है और विश्वास सेवा की आवश्यकता को बनाए रखता है और दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण की सराहना करता है। प्राचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का आरंभिक उद्देश्य है कि हमें स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्र युवाओं के व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना है। उन्होंने इस मौके पर स्वयंसेवियो को संदेश देते हुए कहा कि हमें स्वच्छता के साथ सामाजिक जीवन में फैली विकृतियों एवं कुरीतियों को भी दूर करना है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी प्रो. लेखराज डॉ. प्रीति वाला ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना महाविद्यालय, विश्वविद्यालय स्तर, पर छात्र युवाओं को सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न सामुदायिक सेवा गतिविधियों और कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर डॉ. भगवान दास, प्रो. विजय कुमार, प्रो. सुरेश कुमार, डॉ. अश्विनी शर्मा, डॉ. सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।

## अनंत ज्ञान फैशन

# ऐश्वर्या राय बच्चन ने पेरिस फैशन वीक में बिखेरा जलवा

## नमस्ते ने जीता फैंस का दिल



**मुंबई।** पेरिस फैशन वीक-2024 का आगाज हो चुका है। बॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन पेरिस फैशन वीक-2024 में शामिल हुई हैं। एक्ट्रेस ने अपने ब्यूटी से जलवा बिखेरा हैं। बता दे कि ऐश्वर्या राय बच्चन ब्यूटी कंपनी लोरियल की ब्रांड एंबेसडर हैं। ऐश्वर्या कई सालों से पेरिस फैशन वीक पर रैंप वॉक करती हैं। इस साल भी एक्ट्रेस रैंप वॉक की फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं। पेरिस फैशन वीक-2024 में ऐश्वर्या राय ने रेड गाउन पहनी थीं। पेरिस फैशन वीक में ऐश्वर्या राय ने रेड गाउन में अपना जलवा बिखेरा। इस ड्रेस वह खूबसूरत लग रही हैं। इस दौरान एक्ट्रेस ने अपने बालों को खुला रखी और अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए मिनिमम मेकअप किया। ऐश्वर्या राय ने वॉक खत्म होने के बाद नमस्ते के साथ सबका स्वागत किया। एक्ट्रेस के इस अंदाज को देख कर फैंस को मिस वर्ल्ड की याद आ गईं।

### अभिषेक बच्चन ने खरीदा ऐश्वर्या राय के लिए घर

**बता** दें कि ऐश्वर्या राय इन दिनों अपने पति और एक्टर अभिषेक बच्चन के साथ सेपरेशन की खबर को लेकर चर्चा में हैं। अभिषेक बच्चन ने मुंबई के जुहू में एक लग्जरी अपार्टमेंट खरीदा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिषेक बच्चन का नया अपार्टमेंट पिता अमिताभ बच्चन के बंगले जलसा के करीब हैं। इस घर में अभिषेक अपने वाइफ ऐश्वर्या और बेटी आराध्य के साथ रहेंगे।

### ऐश्वर्या राय की फिल्म ताल

**ऐश्वर्या** राय की फिल्म ताल में अक्षय कुमार और अनिल कपूर मुख्य भूमिका में हैं। एक्ट्रेस की यह फिल्म 20 सितंबर को सिनेमाघरों में री-रिलीज हो चुकी हैं। ऐश्वर्या राय के फैंस इस फिल्म को ओटीटी प्लेटफार्म जी-5 पर भी देख सकते हैं।



# रिवाह ज्वेलरी कलेक्शन

## आधुनिक भारतीय दुल्हन को देगा पारंपरिक लुक

**आधुनिक भारतीय दुल्हन के लिए पारंपरिक लुक का परफेक्ट संयोजन, हर डिजाइन में निखार, भव्यता और सांस्कृतिक धरोहर की झलक आप रिवाह ज्वेलरी कलेक्शन में देख सकते हैं। रिवाह का शानदार कलेक्शन हर शादी के अवसर पर आधुनिक भारतीय दुल्हन के सौंदर्य को निखारता है। भारतीय शादी एक भव्य उत्सव होती है, और इस खास मौके की सुंदरता दुल्हन की पोशाक और गहनों से और भी बढ़ जाती है। ये गहने दुल्हन और दूल्हे के परिवार के लिए बहुत ही भावनात्मक महत्व रखते हैं। नए युग के फैशन को ध्यान में रखते हुए, रिवाह दुल्हनों के लिए शादी के हर अवसर के लिए उपयुक्त गहने प्रस्तुत करता है, जिनमें मेहंदी, सगाई, हल्दी, शादी की रस्में और रिसेप्शन शामिल हैं।**



**शादी के हर अवसर के लिए आधुनिक गहने:** रिवाह ज्वेलरी में आपको शानदार हीरों से लेकर पारंपरिक क्षेत्रीय डिजाइन, कुंदन, पोल्की और प्लेन गोल्ड तक की ज्वेलरी मिल जाएगी। ये गहने दुल्हन को आधुनिक और पारंपरिक, दोनों ही लुक्स प्रदान करते हैं। हल्दी और मेहंदी के लिए, दुल्हन हल्के डिजाइन चुन सकती हैं ताकि वह आसानी से घूम-फिर सकें।

**पुराने सोने पर 100 फीसदी एक्सचेंज वैल्यू:** रिवाह पुराने सोने के गहनों पर 100 फीसदी एक्सचेंज वैल्यू भी प्रदान करता है, चाहे वह किसी भी ज्वेलर्स से खरीदा गया हो। यह उन दुल्हनों के लिए आदर्श है जो पारंपरिक डिजाइनों में आधुनिक ट्विस्ट चाहती हैं।

# साड़ी लुक के साथ बेस्ट दिखेंगे ये ब्रोकेड ब्लाउज डिजाइंस

*साड़ी पहनना हम सभी को पसंद होता है। इसे स्टाइलिश लुक देने के लिए हम ब्लाउज के साथ में तरह-तरह के एक्सपेरिमेंट करते हैं। साड़ी को रॉयल लुक देना चाहती हैं तो ब्लाउज के डिजाइन के लिए आप ब्रोकेड ब्लाउज को चुन सकती हैं। ब्रोकेड ब्लाउज में आपको कई कलर कॉम्बिनेशन और पैटर्न देखने को मिल जाएंगे। तो आईए देखते हैं साड़ी के साथ में पहनने के लिए ब्रोकेड ब्लाउज के लेटेस्ट डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन साड़ी और ब्लाउज लुक को आकर्षक बनाने के आसान टिप्सः-*

- **ऑफ शोल्डर ब्रोकेड ब्लाउज डिजाइन**
साड़ी में मॉडर्न लुक पाने के ऑफ शोल्डर स्टाइल ब्लाउज आपके लिए बेस्ट साबित हो सकते हैं। यह ब्लाउज डिजाइन ज्यादातर चौड़े कंधे वाली बॉडी शेप अपने लिए डिजाइन करवाना पसंद करती हैं। ध्यान रहे कि इस तरह के ब्लाउज की फिटिंग को आप अपने हिसाब से थोड़ा फिटेड ही रखें।

- **वी-नेक ब्रोकेड ब्लाउज डिजाइन**
चौड़े कंधे या प्लस साइज हैं तो यह नेकलाइन आप ज्यादा ब्रॉड में बनवाने से बचाव करें। वहीं, बोल्ड लुक पाना चाहती हैं तो नेकलाइन को थोड़ा डीप बनवा सकती हैं। अगर आप स्टाइलिश और चौड़े नेक पहनना पसंद करती है तो बैक में डोरी लगवाकर ब्लाउज को सिक्योर करना गलती से भी न स्किप करें। देखने में यह ब्लाउज काफी फैंसी लुक देने का काम करता है।







# पुरानी बनारसी साड़ी को ऐसे किया जा सकता है स्टाइल

**साड़ी हम सभी पहनना पसंद करते हैं और इसके लिए आपको आजकल ऑनलाइन कई ड्रेपिंग स्टाइल देखने को मिल जाएंगे। स्टाइलिंग की बात करें तो हम सभी की मम्मी के पास कोई न कोई साड़ी ऐसी होती ही है, जो एवरग्रीन फैशन में रहती है और अलमारी में लंबे समय तक बंद रखी रह जाती हैं। इसमें बनारसी साड़ी काफी कॉमन है, तो आईए जानते हैं पुरानी बनारसी साड़ी को एक बार से ड्रेप या स्टाइल करने के आसान टिप्स। साथ ही, बताएंगे इन्हें कस्टमाइज लुक देने के आसान टिप्स ताकि आप भी पैसे बचाकर पुराने कपड़ों में न्यू लुक पाएं।**

### बनारसी साड़ी को कैसे दें कस्टमाइज लुक?

कस्टमाइज लुक में बनारसी साड़ी का इस्तेमाल करने का सोच रही हैं तो इसके लिए पहले आप अपनी बॉडी टाइप को समझे और फिर ही एक लुक मन में तैयार करें। इसके लिए आप टेलर की मदद ले सकती हैं। इसके बाद आप कोशिश करें कि इसके लिए ब्राइट कलर कॉम्बिनेशन की या मल्टी-शेड वाली साड़ी चुनें। यह आपके लुक में डेप्थ डालने का काम आसानी से करेगी और आपको परफेक्ट लुक देने में मदद करेगी।

### बनारसी साड़ी से कैसे बनाएं गाउन?

**बनारसी** साड़ी से आप गाउन स्टाइल में ड्रेप भी कर सकती हैं। इसके लिए ध्यान रहे कि आप पेटीकोट को न पहनें और पहनना ही चाहती हैं तो बॉडी शेपर को पहन लें। यह आपको परफेक्ट तरीके से बॉडीकॉन लुक देने का काम करेगा। इस तरह का लुक आप कॉकटेल नाइट लुक के लिए भी ट्राई कर सकती हैं। देखने में इस तरह का लुक इंडो-वेस्टर्न टच देने का काम करेगा।

### गाउन के साथ कैसे करें बनारसी साड़ी को स्टाइल?

**अगर** आप नहीं चाहती हैं कि साड़ी को काटा जाए या नया लुक पाने के लिए किसी तरह की छेड़-छाड़ फैब्रिक के साथ की जाये, तो इसके लिए आप साड़ी को प्लेन गाउन के साथ इस तरह से ड्रेप कर सकती हैं। इसके लिए कलर कंट्रास्ट का खासतौर से ध्यान रखें अन्यथा आपका पूरा लुक मिसमैच नजर आएगा। स्टाइलिंग की बात करें तो इसमें आप मिनिमल डिजाइन की चीजें ही शामिल करें। देखने में यह लुक काफी मोडर्न टच देने का काम करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### 605 ग्राम अफीम समेत युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** एसपी जिला नूरपुर अशोक रतन द्वारा नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत आज थाना डमटाल के अंतर्गत एक नौजवान से 605 ग्राम अफीम पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। एएसपी नूरपुर धर्मचंद वर्मा ने बताया कि गत रात थाना डमटाल के सब इंस्पेक्टर देवराज शर्मा एएसआई सतेंद्र सिंह तथा नारकोटिक्स सेल की टीम को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर नशीले पदार्थ बेचने की फिराक में है। जिसके चलते पुलिस द्वारा इंदौरा-कंदरोडी मार्ग के पास उस व्यक्ति को रोका तो उसके पास से 605 ग्राम अफीम बरामद की गई। आरोपों की पहचान विकास पुत्र केहर सिंह निवासी चक मन्हासा जिला पठानकोट के तौर पर की गई है आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी है।

### नाबालिगा से शारीरिक संबंध बनाने वाला काबू

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** आज थाना इंदौरा के अंतर्गत एक नाबालिगा स्कूली छात्रा के साथ शारीरिक संबंध बनाने पर एक नौजवान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी नूरपुर धर्मचंद वर्मा ने बताया कि थाना इंदौरा के अंतर्गत आज एक शिकायत प्राप्त हुई जिसके चलते के एक 14 वर्षीय स्कूल की लड़की जब वह स्कूल जा रही थी तब वह अचानक चक्कर आने से गिर गई जिसके चलते स्कूल के अध्यापकों द्वारा उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इसकी सूचना थाना इंदौरा के प्रभारी इंस्पेक्टर आशीष पठानिया को दी गई जिस पर उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए नाबालिक के बयान दर्ज किए, जिसमें उसने बताया के उसके गांव का ही एक लड़का उसके साथ करीब एक डेढ़ साल से शारीरिक संबंध बना रहा था, जिसके चलते वह काफी परेशान थी। पुलिस द्वारा लड़की का मेडिकल करवा दिया गया है आगामी पूछताछ के लिए पुलिस द्वारा आरोपी अभय उम्र 20 साल को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है।

### 15.40 लाख का मुआवजा देने के आदेश

**दीपक पुरी, धर्मशाला।** उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग धर्मशाला ने एक मामले में फैसला सुनाते हुए शिकायतकर्ता को 9 प्रतिशत ब्याज समेत 15,00,000 रुपए, मुकदमा खर्च के 15,000 रुपए तथा मानसिक उत्पीड़न खर्च के 25,000 रुपए न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी द्वारा देने के आदेश दिए। शिकायतकर्ता ममता देवी निवासी धर्मशाला ने अधिवक्ता अनुज कुमार द्वारा उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग धर्मशाला में शिकायत की। यह शिकायत शिकायतकर्ता ने एक्सीडेंटल क्लेमका इंश्योरेंस कंपनी द्वारा रिजेक्ट करने के बाद की, जिसका कारण बताया गया कि उनके पति की मृत्यु एक्सीडेंट में हुई थी तथा इंश्योरेंस कंपनी ने ब्लड सैंपल्स में अल्कोहल की मात्रा का अधिक होना बताया। इसकी शिकायत उसने उपभोक्ता न्यायालय में दर्ज करवाई। इंश्योरेंस कंपनी उपभोक्ता विभाग निवारण आयोग में ब्लड में अल्कोहल होने के बारे में कोई भी रिपोर्ट न पेश कर पाई। उपभोक्ता विवाद आयोग ने डिफिशिएंसी इन सर्विसेस का हवाला देते हुए शिकायतकर्ता को क्लेम देने का फैसला सुनाया। (अनंत ज्ञान)

### पशु खरीद मामले में मुआवजा देने के आदेश

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग धर्मशाला ने शिकायतकर्ता को 9 प्रतिशत ब्याज समेत 1,95,000 रुपए, मुकद्दमा खर्च 50,000 तथा मानसिक उत्पीड़न खर्च 10,000 रुपए दर्शन राव द्वारा देने के आदेश दिए। शिकायतकर्ता, राजमल निवासी जदरांगल ने दर्शन राव निवासी बलसर जिला सिरसा राज्य हरियाणा, से दो दुधारु पशु खरीदे, जिसका एक लाख 95,000 मूल्य भी चुका दिया। इन पशुओं ने न तो दूध दिया और न ही अपने पास किसी को दूध निकालने के लिए आने दिया। शिकायतकर्ता ने फिर यह पशु दर्शन राव को वापस कर दिए। दर्शन ने इसके पैसे उनको वापस नहीं किए। इसकी शिकायत शिकायतकर्ता ने उपभोक्ता न्यायालय में दर्ज करवाई। उपभोक्ता विवाद आयोग ने डिफिशिएंसी इन सर्विसेस का हवाला देते हुए शिकायतकर्ता को 9 प्रतिशत ब्याज समेत 1,95,000 रुपए, मुकद्दमा खर्च 50,000 तथा मानसिक उत्पीड़न खर्च 10,000 रुपए देने के आदेश दिए।

### बैजनाथ कॉलेज में मनाया एनएसएस दिवस

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय, बैजनाथ में राष्ट्रीय सेवा योजना ने राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया। इस अवसर पर 131 वॉलंटियर्स ने 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत एनएसएस यूनिट द्वारा गोद लिए हुए 'शहीद स्मारक पार्क' की सफाई की। वॉलंटियर्स ने पार्क से प्लास्टिक उठाया तथा खरपतवार व घास उखाड़ा। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम में वॉलंटियर्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसमें वॉलंटियर्स ने भाषण, एकल व सामूहिक गान, हिमाचली नाटी आदि प्रस्तुतियां दीं। प्राचार्य डॉ. प्रदीप कौंडल ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की व स्वयंसेवियों को प्रोत्साहित किया।

### श्री गुरु रविदास महासभा ने कमेटियां की गठित

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** श्री गुरु रविदास महासभा बैजनाथ के मीडिया प्रभारी श्रवण कुमार ने प्रेस बयान जारी करते हुए बताया कि महासभा ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में सभा करके ग्रामीण कमेटियों का गठन करके विभिन्न पधाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी घ चढ़ियार के ननवाड से सुशील कुमार अध्यक्ष तथा रंजीत सिंह सचिव, मझोटी से नारायण सिंह अध्यक्ष तथा रमेश चंद सचिव चुने गए। कुंसल गांव में दीनानाथ अध्यक्ष एवं रवि कुमार सचिव, चोबू पंचायत में सुरेश कुमार अध्यक्ष तथा दीप चंद सचिव, भुलाना पंचायत में सोनू डोगरा अध्यक्ष तथा प्यार चंद सचिव, द्रुग पंचायत से रमेश चंद अध्यक्ष तथा सुरेंद्र कुमार सचिव, टांची गांव से वैनी चंद अध्यक्ष एवं संसार चंद सचिव चुने गए। बैजनाथ इकाई के अध्यक्ष सुबेदार मिलाप चंद के दिशा-निर्देशों के अनुसार कमेटियों का गठन किया गया है। शीघ्र ही बैजनाथ के प्रत्येक गांव में कार्यकारिणी गठित की जाएगी।

### जब पंजाबी पर्यटक ने निकाल ली रिवॉल्वर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना मैक्लोडगंज के तहत देर रात पर्यटकों तथा रेस्टोरेंट स्टाफ के बीच विवाद का मामला सामने आया है। वहीं, खाने आदि को लेकर हुई कहासुनी के बीच एक एनआरआई सैलानी ने रिवॉल्वर निकाल कर धमकाने की कोशिश की। इसकी सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस थाना मैक्लोडगंज की टीम पर्यटकों को थाने ले गई। पुलिस एक्ट 114 के तहत कार्रवाई करते हुए 5 सैलानियों को 5000-5000 रुपए का जुर्माना वसूला गया। जांच में खुद को एनआरआई बता रहे पर्यटक के पास मौजूद रिवॉल्वर लाइसेंसी पाई गई है। मामले की पुष्टि करते हुए एसएचओ सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद हुडदंग मचाने पर 5 पंजाबी पर्यटकों के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत कारवाई कर उन्हें 5000-5000 रुपए का जुर्माना किया गया है।

### देहरा में जल्द खुले पासपोर्ट ऑफिस : अंजना

**अनंत ज्ञान, गरली।** मंगलवार को इंडियन वेलफेयर एंड एंटीकरप्शन ट्रस्ट की उपाध्यक्ष अंजना डोगरा ने कहा कि देहरा में पासपोर्ट ऑफिस खुलना बहुत ही जरूरी हो गया है। उन्होंने पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसद अनुराग ठाकुर व प्रदेश सुक्खू सरकार से मांग की है कि सरकार जल्द से जल्द देहरा में पासपोर्ट ऑफिस खोले, ताकि लोगों को जो समस्या आ रही है वो न आएं। अंजना डोगरा ने कहा कि अगर देहरा पासपोर्ट ऑफिस खुलता है तो इससे आसपास के इलाकों को फायदा मिलेगा। अभी यह सुविधा कांगड़ा में मिलती है, जिससे यहां के लोगो को काफी दिक्क्त का सामना करना पड़ता है।

### भूकंपरोधी भवन निर्माण मॉडल में मतलाहड़ स्कूल अव्वल

**अनिल छांगू, जवाली।** शिक्षा खंड जवाली की पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जवाली में आयोजित भूकंपरोधी भवन निर्माण मॉडल प्रदर्शनी में रावमापा मतलाहड़ ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, भरमाड़ दूसरे और हरनोटा तीसरे स्थान पर रहा। हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में उपमंडलाधिकारी बचित्र सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। भूकंपरोधी भवन निर्माण मॉडल प्रदर्शनी में रावमापा मतलाहड़ की आवंशिका और रितांश ने लकड़ी से बनाया अपने ही स्कूल का एक मॉडल प्रस्तुत किया। वहीं, भरमाड़ के आदित्य ने भूकंपरोधी भवन का मॉडल प्रस्तुत किया। हरनोटा स्कूल की नव्या ने सुरक्षित भवन की जानकारी अपने मॉडल के माध्यम से दी। इस मौके पर उपमंडलाधिकारी ने छात्रों द्वारा बनाए गए भूकंपरोधी भवन निर्माण मॉडलों पर सवाल भी पूछे। इस मौके पर खंड परियोजना अधिकारी एवं प्रधानाचार्य प्रभात चंद्र पावा, प्रवक्ता यशपाल सिंह, ललित कुमार, संजय कुमार, अमित कुमार, कपिल देव, सतविंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### नगरोटा कॉलेज में मनाया एनएसएस दिवस

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां में मंगलवार को एनएसएस दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सोनी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और मां सरस्वती की आराधना करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एनएसएस अधिकारी प्रो. यकक्षप शर्मा ने बताया कि कैंप की शुरुआत महाविद्यालय परिसर की स्वच्छता एवं सौंदर्यकरण से की गई, जिसमें एनएसएस स्वयंसेवियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने महाविद्यालय के मुख्य द्वार के बाहर साफ-सफाई की और 'एक पौधा एक संकल्प' के तहत किए गए पौधरोपण देख-रेख भी की गई। प्राचार्य डने पूरे कार्यक्रम का जायजा लिया। इस अवसर पर प्रतियोगिताएं करवाई गईं। इस अवसर पर दौरान प्राचार्य सुरेंद्र सोनी, प्रो. ओंकार चंद, प्रो. रचना ठाकुर, प्रो. और प्रो. कैलाश शर्मा उपस्थित रहे।

# बच्चा गोद लेने के नाम पर लोगों से ठगी

## एफआईआर की दर्ज; आरोपी के घर पहुंची पुलिस, मिला गायब

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**




पुलिस जिला मुख्यालय धर्मशाला में पहुंचे पीड़ितों की शिकायत के आधार पर कांगड़ा पुलिस ने ठगी के आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। बताते चलें कि इस मामले में बच्चे गोद लेने के इच्छुक दंपतियों को ठगा गया है। हालांकि, अभी तक दो महिलाओं समेत कुल 4 लोगों ने इस मामले में शिकायत की है, लेकिन अंदेशा है कि जांच होने पर ऐसे अन्य मामले भी सामने आ सकते हैं।

जानकारी के अनुसार बड़ोह, नगरोटा बगवां, कांगड़ा तथा पुलिस थाना धर्मशाला के तहत आने वाले 4 लोगों ने करीब एक लाख रुपए की ठगी की शिकायत की ही। एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने डीएसपी कांगड़ा को मामले की जांच के निर्देश दिए थे। इसके बाद डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा आरोपी के कांगड़ा स्थित घर पहुंचे। यहां आरोपी के घर ताला लगा मिला। जानकारी के अनुसार परिवार ने उक्त युवक को कुछ साल पहले बेदखल कर दिया था। इसके बाद ये युवक जालंधर तथा लुधियाना आदि स्थानों में रह रहा है। मामले के अनुसार अलग-अलग मामलों में कांगड़ा शहर के निवासी आरोपी ने इन निसंतान या बच्चे की चाह रखने वाले लोगों से प्रति व्यक्ति 20000 से 22000 रुपए लिए थे। वहीं, काफी समय गुजर जाने के बाद इन दंपतियों को न तो बच्चे मिले और न ही रुपए मिले। ऐसे में ठगी का शिकार होने का अंदेशा होने के बाद ये लोग सोमवार को एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर के धर्मशाला स्थित कार्यालय पहुंचे। वहीं अब कांगड़ा में आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत ठगी का मामला दर्ज किया गया है। उधर, इस संदर्भ में जब डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा एम से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी के घर दबिश देने पर वहां ताला लगा मिला। उन्होंने बताया कि इस मामले में कारवाई की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# खाद्य आपूर्ति विभाग ने गंगथ में काटे चालान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



खाद्य एव आपूर्ति विभाग की ओर से मंगलवार को दो दर्जन व्यापारिक संस्थानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान नगरोटा सूरियां के खाद्य एवं आपूर्ति निरीक्षक तरुण सूद तथा नूरपुर के खाद्य एवं आपूर्ति निरीक्षक मनोज कुमार की संयुक्त टीम ने इंदौरा उपमंडल के गंगथ क्षेत्र में 26 दुकानों का निरीक्षण कर 6 दुकानदारों का 3000 रुपए का चालान किया गया।

इस बारे जानकारी देते हुए जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक पुरुषोत्तम सिंह पंवर ने बताया कि इस दौरान पॉलीथिन तथा नॉन-बायोगडिग्रेवल उत्पादों के प्रयोग के चलते 6 दुकानदारों से 3000 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया।

# डॉ. विवेक सिंह को लॉर्ड्स बैले ने किया सम्मानित



**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

ब्रिटिश संसद के हाउस आफ लॉर्ड्स में विकसित भारत 2047 के उपलक्ष्य पर 18 सितंबर को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें हिमाचल प्रदेश की आवाम से पहली बार डॉ. विवेक सिंह (माननीय चांसलर) अर्नी विश्वविद्यालय को अतिथि के रूप में अमंत्रित किया गया। यह निमंत्रण पत्र यूनाईटड किंगडम के हाउस आफ लॉर्ड्स से लॉर्ड रामी रेंजर सीबीई की ओर से प्राप्त हुआ।

यह पहला मौका है कि डॉ. विवेक को भारत के भविष्य जैसे अहम मुद्दे पर व्याख्यान के लिए ब्रिटिश संसद में आंमत्रित किया गया। जिसमें ब्रिटेन के कई मंत्री भी शामिल रहे। डॉ. विवेक सिंह ने अपने प्रोत्साहित शब्दों से भारतीय शिक्षा व्यवस्था, उसकी गहराई और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को वैश्विक मंच पर पेश किया, जिससे भारत की छवि के साथ साथ हिमाचल प्रदेश की छवि और भी मजबूत हुई है। सैकड़ों वर्षों तक गुलाम रहने के बावजूद भारत देश अपनी संस्कृति और सभ्यता को नहीं भूला एवं आर्थिक व सामाजिक रूप से वैश्विक स्तर पर अपने सदृढ़ पहचान बनाई है। आज भारत देश में 1,113 विश्वविद्यालय, 43,796 कालेजों और 4.33 करोड़ छात्रों के साथ हम आगे बढ़ रहे है।

डॉ. विवेक सिंह ने कहा कि अर्नी विश्वविद्यालय सदैव ही देश के युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करती रही है। इस अवसर पर डॉ. विवेक सिंह ने यूनाइटड किंगडम के लॉर्ड रामी रेंजर सीबीई का हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया एवं समस्त अर्नी परिवार को इस गौरवांवित क्षण के लिए बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

# सड़क निर्माण कार्य को लेकर राजनीति सरगरम

**अशोक ठाकुर पठानकोट**




विधानसभा क्षेत्र भोआ के सरना से फरीदानगर होते हुए भीमपुर तक सड़क का निर्माण कार्य को लेकर राजनीतिक पर पूरी तरह से सरगरम है, जहां पिछले दिनों कैबिनेट मंत्री की ओर से इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू करवाया गया, जबकि लोकसभा हलका गुरदासपुर के सांसद सुखजिंद्र सिंह रंधावा और जोगिंद्र पाल पूर्व विधायक की ओर से इस मार्ग को केंद्र से मंजूरी मिलने पर इसे क्रेडिट कही गई। इस सड़क पर लगभग 15-15 करोड़ रुपए की लागत से सड़क का निर्माण किया जाएगा। जिससे लगभग 35-40 गांवों को सीधा लाभ मिलेगा।

उद्घाटन समारोह का आयोजन पूर्व विधायक जोगिंद्र पाल के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर मुख्य मेहमान के रूप में लोकसभा हलका गुरदासपुर से सांसद सुखजिंद्र सिंह रंधावा पहुंचे।

इस दौरान रंधावा ने कहा कि सरना से फरीदानगर होते हुए भीमपुर तक की सड़क जो काफी खराब हालत में थी और करीब 20 साल पहले बनी थी, बहुत जल्दी टूट गई, जिसके बाद इस सड़क का निर्माण शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि 12 किलोमीटर लंबी इस सड़क में 2 किलोमीटर कंक्रीट और 10 किलोमीटर प्रीमिक्स्ड सड़क है, जिसका निर्माण आज शुरू कर दिया गया है। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष सतीश सरना, चेयरमैन राजकुमार सहोडा, गौरा सैनी, तिलक राज, राकेश बॉबी, मास्टर रामलाल आदि उपस्थित है। (अनंत ज्ञान)

## हैप्पी बर्थडे



अमन शर्मा को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# मेडिकल कॉलेज टांडा के हालात दिन-ब-दिन हो रहे बद से बदतर

**आशीष दमीर, कांगड़ा**



प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल टांडा में हालत दिन-ब-दिन बद से बदतर हो रहे हैं। अस्पताल की स्थायी डिस्पेंसरी में मरीजों को दवाइयां लेने के लिए घंटों लाइनों में खड़ा होना पड़ता है। नगरोटा सूरियां से आई कुसम लता ने कहा कि वह सुबह 8 बजे से पर्ची काउंटर के पास बैठ गई थी। डॉक्टर को दिखाने के परंतु बाद जब दवाई लेने की बारी आई तो घंटों कतारों में खड़े रहने के बावजूद उन्हें खड़ा होना पड़ा, लेकिन बाद में कहा गया कि उनकी दवाई यहां पर नहीं है, बाहर से लेनी पड़ेगी।

इतना ही नहीं डाडासीबा से रीना देवी लंज से उषा देवी, तीसा से रुखसार आदि ने डिस्पेंसरी के कर्मचारियों पर आरोप लगाया और कहा कि एक तो यह मरीजों को जान-बूझ कर दवाएं देने से इंकार करने, इंतजार करवाने आदि के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सभी लोग फोन में मस्त रहते हैं और लोगों से बुरा व्यवहार करते हैं। जिनमें से कुछ महिला कर्मचारी भी हैं। वहीं, इस संदर्भ में एमएस टांडा अशोक वर्मा का कहना है की ऐसी शिकायतें उनके पास आ रही हैं। इस विषय पर एक कमेटी बनाई गई है जो इसकी जांच करेगी। उन्होंने कहा की जो भी दोषी पाया गया उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# भीख मांगने वाली प्रवासी महिलाओं को किया पुलिस के हवाले

**अनंत ज्ञान, गरली**



बिना पंजीकरण संदिग्ध रूप से बाजार मे भीख मांग रही कुछ अंजान प्रवासी महिलाओं को इंडियन वेलफेयर एंड एंटी क्रप्शन ट्रस्ट की प्रदेश उपाध्यक्ष अंजना डोगरा द्वारा देहरा पुलिस के हवाले करने का मामला सामने आया है। उपरोक्त महिलाओं को पुलिस के हवाले करने का वीडियो भी सोसल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार देहरा बाजार मे मंगलवार को कुछ अंजान महिलाएं दुकानदारों से भीख मांग रही रही थीं और इस दौरान वहां एनजीओ अंजना डोगरा ने उपरोक्त महिलाओं से जब आधार कार्ड व पंचायत या पुलिस से लिया हुआ पंजीकरण मांगा तो उनके पास कुछ भी नहीं निकला। अंजना ने तुरंत इस बारे पुलिस थाना देहरा को सूचित किया और पुलिस उन्हें पूछताछ के लिए थाने ले गई।

# निजी आयुर्वेदिक डॉक्टर भी टीबी मुक्त अभियान से जुड़ेंगे : डॉ. गुलेरी

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा का जिला स्तरीय निक्षय दिवस कार्यक्रम एवं टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजेश गुलेरी ने कहा कि निजी क्षेत्र में आयुर्वेदिक डॉक्टर भी निक्षय से जुड़ेंगे और टीबी मुक्त भारत अभियान में महत्वपूर्ण योगदान निभाएंगे।

इसके लिए खंड स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे व निक्षय पोर्टल पर सभी निजी क्षेत्र में आयुर्वेदिक डॉक्टरों का पंजीकरण किया जाएगा। यह पहल टीबी की जांच में विलंब कम करने व रोगियों की जान बचाने में मददगार होगी। उन्होंने कहा कि जिला कांगड़ा में 1076 टीबी व्यक्तियों ने निक्षय मित्र योजना से जुड़ने में सहमति दिखाई है, जिसमें सितंबर माह में अभी तक 560 रोगियों को पोषक आहार निक्षय मित्रों द्वारा दिया गया है। इसके अतिरिक्त बैंक, समाजसेवी संस्थाएं, मंदिर ट्रस्ट, व समाज सेवी भी निक्षय मित्र अभियान से जुड़ रहे हैं और टीबी के साथ जी रहे व्यक्तियों का मनोबल बढ़ाने में अपना योगदान दे रहे हैं।

जिला कांगड़ा में वयस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 96992 व्यक्ति इसका लाभ उठा चुके हैं। शोध से पता चला है कि कुछ समूहों को टीबी होने का अधिक खतरा होता है जिन्हें बीसीजी का टीका दिया जाना चाहिए।

### एनएसएस दिवस पर बच्चों ने की स्कूल परिसर की सफाई

**डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नौरा में 24 सितंबर को एनएसएस दिवस मनाया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी नरेश राणा ने बताया कि इस दिवस के उपलक्ष्य पर बच्चों ने स्कूल के परिसर की सफाई की तथा शपथ ग्रहण की और सभी वॉलिंटियर्स को फल बांटे गए। इस बीच बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया। प्लस टू कक्षा के छात्र निखिल ने इस दिवस के महत्व को समझाया। उसने कहा कि वह अपने आप को भाग्यशाली समझता हूं कि वह एक एन एस एस वॉलंटियर है।

### थुरल कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस

**डरोह।** महाराजा संसार चंद स्मारक महाविद्यालय थुरल में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि प्राचार्य कमल कुमार रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं, जिसमें गुंजन, इशिता और साइना ने इसकी पृष्ठभूमि तथा गठन और स्मरणीय यात्रा पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें एकल गायन, नृत्य, पहाड़ी नाटी तथा नशा निवारण पर एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। सौरव और सुजल ने पहाड़ी गाने पर सुंदर प्रस्तुति दी। मुख्यातिथि ने सभी स्वयंसेवियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. पवन राणा ने कहा कि समाजसेवा, देश सेवा एवं निस्वार्थ सेवा के लिए हमेशा तैयार रहें और इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। इस मौके पर प्रो. रवि सिंह पालसरा, डॉ. शिशुपाल, डॉ. विशाल वालिया, प्रो. प्रेमलता, प्रो. पवन राणा, डॉ. संजीव कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा महाविद्यालय में मनाया एनएसएस दिवस

**पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में मंगलवार को संस्थान की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा एनएसएस दिवस का आयोजन किया गया। यह दिवस 26 सितंबर 1969 को महात्मा गांधी के जन्म शताब्दी के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में प्राचार्य डॉ. महेंद्र पाल ने शिरकत की। मंच संचालक स्वयंसेवियों सोनाली और राहुल ने किया। इसके पश्चात स्वयंसेवियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। प्रो. राजीव भूरिया और प्रो. पूनम शर्मा ने बताया कि इस शुभ अवसर पर आयोजन से पूर्व नशा निषेध और रक्तदान के महत्व पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी करवाई गई जिसमें लगभग बाईस प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रो अरुण चंद्र, प्रो. राका शर्मा, प्रो. कल्पना ऋषि, डॉ. अनुपमा आदि उपस्थित रहे।

### शिक्षा बोर्ड करेगा दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने प्रैस बयान में बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर नवीनतम प्रश्न पत्रों की संरचना में एकरूपता व मूल्यांकन तकनीक में सुधार लाने के उद्देश्य से 25 व 26 सितंबर को बोर्ड मुख्यालय, धर्मशाला में दो दिन की कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में शिक्षा बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु कक्षा दसवीं व बारहवीं के लिए आधुनिक तकनीक से तैयार करवाए जाएंगे। आदर्श प्रश्न पत्रों व स्टेटवाइज मार्किंग स्कीम की समीक्षा व भविष्य के लिए योग्यता आधारित प्रश्न पत्र की रूपरेखा तैयार की जाएगी। उक्त कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों से विषय विशेषज्ञ आमंत्रित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क व होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड पर भी चर्चा की जाएगी।

# केंद्रीय विवि में स्टूडेंट्स सीख रहे अनुसंधान की विधियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**




केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के अर्थशास्त्र विभाग की ओर से पांच दिवसीय अनुसंधान विधियां एवं आंकड़े विश्लेषण के ऊपर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। पांच दिवसीय यह कार्यशाला 27 सितंबर तक चलेगी।

इस कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ विशेष अतिथि के रूप में अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार तथा कुल सचिव प्रो. सुमन शर्मा मौजूद रहे। इस कार्यशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों से लगभग 70 शोधार्थी और विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। इस दौरान कुलपति ने अर्थशास्त्र विभाग द्वारा तैयार की गई नवग्रह वाटिका का उद्घाटन भी किया।

इस संबंध में प्रो. संजीत सिंह ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नए शोधार्थियों को अनुसंधान विधि से अवगत करवाना है। वहीं प्रो. बंसल ने कहा कि अनुसंधान विधियों एवं आंकड़े विश्लेषण से संबंधित इस कार्यशाला का उद्देश्य तभी पूरा होगा जब इसमें लेक्चर की जगह बच्चों को व्यक्तिगत प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर प्रो. नारायण सिंह राव, प्रो. निरूपमा सिंह आदि मौजूद रहे।

# परागपुर स्कूल (बाल) ने मनाया एनएसएस का स्थापना दिवस

**शिबम शर्मा, परागपुर।** राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परागपुर में मंगलवार को एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा स्थापना दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य सीमा कौशल की अध्यक्षता मे आयोजित कार्यक्रम मे स्वंयसेवी छात्रो द्वारा ने भाषण प्रतियोगिता, पेंटिंग आदि प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें स्वयंसेवियों ने एनएसएस के महत्व पर प्रकाश डाला। एनएसएस प्रभारी सुभाष ठाकुर तथा गीतिका तोमर ने भी इसके महत्व व स्कूलों में चलाई जा रही गतिविधियों के बारे मे बच्चों को बताया। प्रधानाचार्य ने भी स्वंयसेवियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। (अनंत ज्ञान)

**पहल** — एडीएम ने आपदा प्रबंधन पर पांच दिवसीय कार्यशाला का किया शुभारंभ

# धर्मशाला में शिक्षक सीखेंगे 'सुरक्षित बच्चे, सुरक्षित स्कूल' का पाठ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



एडीएम डॉ. हरीश गज्जू ने कहा कि स्कूल सेफ्टी दायरा स्कूल के भवन के भीतर विद्यार्थियों को आपदाओं से सुरक्षित रखने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि ये बच्चों व युवाओं के सम्पूर्ण विकास और उनकी सुरक्षा से जुड़े जोखिमों को निरंतर कम करते रहने की एक सतत प्रक्रिया है। मंगलवार को मिनी सचिवालय के सभागार में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सौजन्य से सुरक्षित बच्चे सुरक्षित स्कूल पर आधारित पांच दिवसीय कार्यशाला में बतौर मुख्यातिथि एडीएम डा हरीश गज्जू ने प्रतिभागी शिक्षकों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि बच्चे इस देश का भविष्य हैं और इनके भविष्य को सँवारने के लिए स्कूल सबसे महत्वपूर्ण इकाई हैं। हर प्रकार की आपदाओं से इन्हें सुरक्षित रखना हर शिक्षक का प्राथमिक दायित्व होना चाहिए।

डॉ॰ गज्जू ने कहा कि कांगड़ा हिमाचल प्रदेश का प्रथम जिला है जो कि 'व्यापक विद्यालय सुरक्षा रूपरेखा' पर एक सुनियोजित रणनीति के साथ प्रशिक्षकों का 5-दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित कर रहा है। डॉ॰ गज्जू ने कार्यशाला की सुनियोजित ढंग से तैयारी करने के लिए जिला प्रशिक्षण व क्षमता वृद्धि समन्वयक भानु शर्मा व सूचना प्रोद्योगिकी समन्वयक रॉबिन कुमार को बधाई दी।

उन्होंने शिमला से आए राज्य-स्तरीय स्रोत व्यक्तियों 'डूअर्स' संस्था के पदाधिकारी नवनीत यादव, अनुराधा, सिन्धु व इतिशा का स्वागत करते हुए प्रशिक्षु शिक्षकों का आहवान किया कि जिले के स्कूलों को आपदाओं से सुरक्षित रखने में अपना भरपूर योगदान सुनिश्चित करें। इससे पहले मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए भानु शर्मा ने बताया कि 'व्यापक विद्यालय सुरक्षा रूपरेखा' के विभिन्न पहलुओं को समेटे हुए यह कार्यशाला संयुक्त राष्ट्र के आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यालय द्वारा चलाये जा रहे अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों में कांगड़ा जिले का एक महत्वपूर्ण योगदान है और यह हिमाचल प्रदेश में विद्यालय सुरक्षा के बहुआयामी पहलुओं पर प्रशिक्षित शिक्षकों का एक कैडर तैयार करने की दिशा में पहला कदम है। इस कार्यशाला में जिले के हर विकास खण्ड से चुने गए कुल 62 शिक्षक भाग ले रहे हैं।

# पंचायत चुनाव से पहले बड़ा पंचायत के विघटन की सुगबुहाट

## 3200 जनसंख्या वाली पंचायत बड़ा में करीब 2200 मतदाता करते हैं अपने मतधिकार का प्रयोग

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

जब से नगर पंचायत नादौन क़ो अपग्रेड करके उसे आने वाले पंचायती चुनावों से पहले नगर परिषद का दर्जा देने की बात सामने आई है, तब से उपमंडल नादौन की ग्राम पंचायत बड़ा में पंचायत के विघटन की चर्चाओं का बाजार पूर्ण रूप से गर्मा गया है।

हर व्यक्ति की जुबान पर ये बात चर्चा का विषय बनी हुई है कि क्या आने वाले पंचायती चुनावों से पहले खंड नादौन की ग्राम पंचायत बड़ा का विघटन करके एक ओर नई पंचायत का गठन किया जाएगा। क्या पंचायती चुनावों से पहले हिमाचल प्रदेश को एक और नई पंचायत मिलेगी। हलांकि इस बारे में सबंधित विभाग द्वारा कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी जा रही है, उसके बावजूद फिर भी पंचायत बड़ा में वर्तमान समय में हर तीसरे व्यक्ति की जुबान से यह बात सुनने को मिल रही हैं कि 2025 में होने बाले पंचायती चुनावों से पहले ग्राम पंचायत बड़ा का विघटन करके एक और नई पंचायत का गठन होगा।

दूसरी तरफ पंचायत बड़ा की वर्तमान समय में कुल जनसंख्या पर प्रकाश डाला जाए तो इस पंचायत में लगभग 3200 के करीब जनसंख्या हैं जिसमें लगभग 2200 के करीब मतदाता चुनावों के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं, जबकि विभागीय मापदंडों के अनुसार एक पंचायत में अधिक से अधिक 1100 के लगभग मतदाताओं की संख्या निर्धारित की गई है।

इस पंचायत में मतदाताओं की संख्या विभागीय मापदंडों से लगभग दो गुणा होने से भी इस पंचायत के विघटन की चर्चाओं को जन्म देने का भी एक मुख्य कारण है। वहीं, पंचायत बड़ा के कुछ गणमान्य एवम राजनीति में अहम भूमिका निभाने वाले लोगों से बात की तो उनका कहना है कि पंचायत बड़ा क्षेत्रफल की दृष्टि से आकर में वेशक छोटी है, लेकिन जनसंख्या के आधार पर यह सारे विभागीय मापदंडों को पार कर चुकी है।

उनका कहना है कि इस पंचायत का विघटन करके यदि एक ओर नई पंचायत बनाई जाती है तो इससे क्षेत्र के विकास कार्यों को और अधिक करवाने में गति मिलेगी एवं पंचायत वासियों को सुविधाएं भी अधिक मिलेंगी, अतः प्रदेश सरकार को अवश्य इस पर चिंतन करना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं खंड विकास अधिकारी नादौन

इस बारे में खंड विकास अधिकारी नादौन निशांत शर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत बड़ा के विघटन की अभी तक कोई भी जानकारी उन्हें नहीं हैं और न ही प्रदेश सरकार की ओर से ऐसे कोई आदेश उन्हें प्राप्त हुए हैं और वैसे भी नई पंचायतों का गठन पंचायती चुनावों से मात्र 6 महीने पहले होता है।

# हमीरपुर कॉलेज में अब हर दिन सिखाया जाएगा योग

**आयुर्वेदिक अस्पताल हमीरपुर ने डिग्री कॉलेज में स्थापित किया सेंटर**

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को पूरे देश में धूमधाम से आयोजित किया जाता है, लेकिन उसके बाद लोग योग करना बंद कर देते हैं। योग पुरानी पद्धति पर आधारित है और कई असाध्य रोगों से भी मुक्ति दिलाता है। ऐसे में जिला आयुष विभाग 2 अक्तूबर यानी गांधी जयंती पर योग केंद्र स्थापित करने जा रहा है।

वर्तमान समय में लोग विभिन्न बीमारियों से जूझ रहे हैं ऐसे में लोगों को योग के माध्यम से विभिन्न बीमारियों से छुटकारा दिलाया जा सकता है। वैसे भी योग दिवस पर प्रतिदिन योग करने का संदेश तो दिया जाता है, लेकिन अधिकतर लोग योग के बारे में पूरी जानकारी न होने के कारण नहीं कर पाते हैं।

योग के प्रति जागरूकता लाने और सिखाने के लिए ही आयुष विभाग ने जिला के विभिन्न स्थानों पर योग केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया है। इसी उद्देश्य के तहत आयुष विभाग ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल कॉलेज हमीरपुर में योग केंद्र स्थापित करने जा रहा है। इसके लिए बकायदा कॉलेज के प्राचार्य को पत्र भी भेजा गया है। इसके अलावा भी आयुष विभाग स्थान की तलाश कर रहा है जहां पर प्रतिदिन योग सिखाया जा सके। हालांकि आयुर्वेदिक अस्पताल में प्रतिदिन योग सिखाया जाता है] लेकिन यहां पर बहुत कम लोग आते हैं। इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोग योग सीखें और अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाएं इस दिशा में आयुष विभाग प्रयास कर रहा है।

युवाओं और अन्य लोगों को प्रतिदिन योग करने के लिए आयुष विभाग योग सिखाएगा। इस बारे में जिला आयुष अधिकारी बृज नंदन शर्मा ने बताया कि नेता जी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल कॉलेज हमीरपुर में योग केंद्र स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2 अक्तूबर से यहां पर योग की कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। उन्होंने बताया कि यहां पर प्रतिदिन योग सिखाया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### एनएसएस का इतिहास और उद्देश्य बताए




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीसी राणा के निर्देशानुसार एनएसएस का स्थापना दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ. जीसी राणा ने एनएसएस स्वयंसेवियों को एनएसएस के स्थापना के संबंध में जानकारी दी और एनएसएस के इतिहास, समय उद्देश्य, राष्ट्र एवं व्यक्तित्व विकास में इसका महत्त्व बताया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों की अभिव्यक्ति व विचार को सामने लाने के उद्देश्य से भाषण व पोस्टर मेकिंग जैसी गतिविधियां करवाई गईं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अंजना कुमारी ने बताया कि इस दिन आयोजित गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थी समाज के लोगों के साथ मिलकर समाज के हित के लिए कार्य करते हैं। इस उपलक्ष्य पर अन्य सभी शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग भी मौजूद रहे।

### नारा लेखन प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्नों ने दिखाई प्रतिभा



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर में 14 से 28 सितंबर तक आयोजित किए जा रहे हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत हिंदी हमारी शान हिंदी हमारा मान- विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा आठवीं के प्रियांश डोगरा ने प्रथम, रिदम अग्निहोत्री ने द्वितीय और इरिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य सुनील चौहान ने बताया कि चित्रकला भी विचारों की अभिव्यक्ति का एक शानदार माध्यम है अतः चित्रकला को अधिक से अधिक महत्व दिया जाना चाहिए ताकि विद्यार्थी अपने भावों को मुक्त रूप से अभिव्यक्त कर सकें।

### डीएवी भड़ोली में उत्साह से मनाया स्वच्छता पखवाड़ा



**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी भड़ोली में स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा छठी से आठवीं तक के बच्चों ने बढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर नारा लेखन गतिविधि के द्वारा लोगों को जीवन में स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने बच्चों को स्वच्छ भारत मिशन के वास्तविक उद्देश्य, मानसिक, सामाजिक तथा शारीरिक स्वच्छता को जीवन में ढालने के लिए प्रेरित किया और बच्चों के प्रयासों को सराहा।

### छात्रों ने जलियां वाला बाग व बाघा बॉर्डर का महत्व जाना



**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीडीएम साई लॉ कालेज कल्लर जलाड़ी के बीएएलएलबी और एलएलबी के छात्रों ने दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान छात्रों ने अमृतसर के धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों की जानकारियां हासिल की। भ्रमण के दौरान छात्रों ने अटारी, बाघा बॉर्डर, गोल्डन टैंपल, अमृतसर, जलियां वाला बाग, दुर्गेशवरी माता व वैष्णो माता मंदिर आदि धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों की विस्तृत जानकारी हासिल की। इसमें छात्रों ने वाघा बार्डर पर हर दिन होने वाले बीटिंग रिट्रीट समारोह को देखा। इस मौके पर कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी राजेश कपिल ने कहा कि इस तरह के भ्रमण से छात्रों में देश के प्रति त्याग व बलिदान और बौद्धिक स्तर का विकास होता है। इस भ्रमण पर कार्य वाहक प्रिंसिपल विजय कुमार, असिस्टेंट प्रो. स्वाति अग्निहोत्री और सुषमा शर्मा छात्रों के साथ मौजूद रहे।

### कांजली मछली पालन केंद्र का शैक्षणिक विजिट



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के ज्योलॉजी विभाग द्वारा कांजली मछली पालन केंद्र पंजाब में शैक्षणिक विजिट किया। विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शुभम कपिल ने बताया कि यह केंद्र मछली, जीवों और प्रवासी पक्षी प्रजातियों के अध्ययन के लिए एक प्रमुख स्थल है। इस दौरान, छात्रों को मत्स्य पालन अधिकारी बलविंदर सिंह द्वारा एक विशेषज्ञ व्याख्यान दिया गया, जिन्होंने मछली पालन तकनीकों और संरक्षण की जानकारी प्रदान की। इस शैक्षणिक भ्रमण पर विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. नेहा व असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शुभम कपिल भी विद्यार्थियों के साथ थे।

### दरकोटि में लगा सांसद निशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** ग्राम पंचायत टपरे के दरकोटी गांव में निशुलक स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया जिसमें डॉ. शिवानी चौहान स्टाफ नर्स पूजा ठाकुर, प्रवीन कुमारी, रजनीश चौहान ने लोगों दवाइयां व लैब टेक्नीशियन ने सभी प्रकार के खून टेस्ट किए जिसमें गांव दरकोटी के लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कैंप का आयोजन भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बीएलए सूबेदार मेजर हरनाम चंद शर्मा पूर्व वार्ड सदस्य गांव दरकोटी द्वारा किया गया। शिविर में 69 महिलाओं व पुरुषों 69 की जांच की गई। उन्होंने निशुल्क स्वास्थ्य सेवा के लिए सांसद एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अनुराग ठाकुर का आभार व्यक्त किया।

### बाल विद्यालय नादौन में एनएसएस दिवस की धूम




**अनंत ज्ञान, नादौन।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाल नादौन में एनएसएस दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के प्रिंसिपल दिले मोहम्मद पोसवाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना गीत से हुई। इस अवसर पर सवयसेवियों ने देश भक्ति गीत, राजस्थानी गीत,भोजपुरी गीत और चंवियाली गीत गाकर खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम अधिकारी सुशील कुमार शर्मा ने बताया कि घर से लेकर विद्यालय तक हर जगह सवयसेवियों की सेवाओं की आवश्यकता हो सकती है। इस अवसर पर प्रवक्ता डॉ. सतीश शर्मा जोगिंदर सिंह, रिपन सिंह, कुलदीप कुमार, शिवकुमार, संजीव कुमार, दिनेश अभय, अरुण, पूरण, अंबिका, मोनिका, छाया, अंबिका शर्मा सहित शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

### हमीरपुर में पूर्व सैनिक भर्ती मेला 27 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के उपनिदेशक स्क्वाड्रन लीडर मनोज राणा ने बताया कि आरबीडीसी योल 27 सितंबर को सुबह साढ़े नौ से सायं पांच बजे तक हमीरपुर के सैनिक विश्राम गृह में पूर्व सैनिकों तथा उनके आश्रितों के लिए पूर्व सैनिक भर्ती मेला आयोजित करने जा रहा है। उपनिदेशक ने बताया कि इस भर्ती मेले में चेकमेट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड गुजरात के विभिन्न रेलवे स्टेशनों के लिए गेटमैनों के 300 पदों और यूनी ग्लोबस रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड मुंबई के विभिन्न रेलवे स्टेशनों के लिए गेटमैनों के 300 पदों पर भर्ती करेगी। इसके अलावा केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी प्राइवेट लिमिटेड भी पूर्व सैनिकों की भर्ती करेगी। इस भर्ती मेले में भाग लेने के इच्छुक पूर्व सैनिक और उनके आश्रित अपने साथ दस पासपोर्ट साइज फोटो, डिस्चार्ज बुक तथा पीपीओ, एक्स सर्विसमैन पहचान पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, एसपी कार्यालय द्वारा जारी पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र, कैंसिल चेक बुक या बैंक पास बुक, मैट्रिक प्रमाण पत्र, अन्य डिप्लोमा या अनुभव प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियां एवं फोटो प्रतियां अवश्य लाएं।

## दांदड़ू, जौड़े अंब और कई अन्य गांवों में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** विद्युत उपमंडल बड़सर में 26 सितंबर को 11केवी दांदड़ू फीडर की आवश्यक मरम्मत के चलते पीडब्ल्यूडी कॉलोनी, दांदड़ू, जौड़े अंब, नेरी, ज्योली देवी, न्यूल, चरचेरी, उट्टप, अंबेहड़ी, टिप्पर, कुनहाणी, सेरहरदू और आसपास के गांवों में सुबह साढ़े नौ से सायं पांच बजे तक बिजली बाधित रहेगी।

सहायक अभियंता विजय पटियाल ने बताया कि 26 सितंबर को मौसम खराब होने की स्थिति में यह मरम्मत कार्य अगले दिन किया जाएगा। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य को फिर से बना दिया छह माह के लिए बना दिया प्रधानाचार्य

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

युवाओं को नहीं मिल रही नौकरी और सरकार सेवानिवृत्त अधिकारियों को सेवा विस्तार दे रही है। मुख्यमंत्री के गृह विधानसभा क्षेत्र नादौन के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य को फिर से छह माह के लिए दोबारा से नियुक्त किया जा रहा है।

शिक्षा विभाग के शिक्षा सचिव राकेश कंवर ने यह आदेश जारी किए हैं। हालांकि प्रदेश सरकार द्वारा इस तरह से सेवा विस्तार देने का सही मायने में अर्थ समझ में नहीं आ रहा है, क्योंकि कई ऐसे अध्यापक हैं जो पदोन्नति की राह देख रहे है। ऐसे में सेवा विस्तार देकर उनकी पदोन्नति में कई अड़चने पैदा हो जाएंगी।

फिलहाल यह देखना है कि दोबारा से नियुक्त किए गए प्रधानाचार्य फिर प्रधानाचार्य के पद पर अपनी ज्वाइनिंग देंगे या नहीं। जबकि शिक्षा विभाग ने इस संबंध में अपने आदेश जारी कर दिए हैं।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पटलांदर में अमरनाथ व बरधु राम ने दान किए ईसीजी व एलईडी



**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** सुजानपुर ब्लॉक के तहत पड़ने वाले प्राथमिक स्वस्थ्य केंद्र पटलांदर में दानी सज्जनों ने ईसीजी मशीन व एलईडी दान की है। दानी सज्जन बरद्धु राम दिल्ली हाईकोर्ट से सेवानिवृत्त हुए हैं, जिन्होंने ईसीजी मशीन दान की है। एलईडी दान करने वाले अमरनाथ भी सरकारी क्षेत्र से सेवानिवृत्त हुए हैं। दोनों दानी सज्जन पटलांदर पंचायत से संबंध रखते हैं। इन उपकरणों से लगभग 40 गांव लाभान्वित होंगे। इससे पहले इलाकावासियों को ईसीजी करवाने के लिए सुजानपुर या हमीरपुर जाना पड़ता था, अब ये सुविधाएं पटलांदर स्वास्थ्य केंद्र में ही मिल सकेंगी। डॉ. कुंवर अभिषेक सिंह राणा व रविंद्र व अन्य स्टाफ कर्मचारियों ने दानी सज्जनों का आभार जताया है।

## डेरा परोल के अतुल और प्रीति स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी व एल्सेवियर रैंकिंग 2024 में शीर्ष 2 वैज्ञानिकों में शामिल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**





भोरंज उपमंडल के डेरा परोल गांव से संबंध रखने वाले प्रोफेसर अतुल ठाकुर और प्रोफेसर प्रीति ठाकुर अपनी कड़ी मेहनत से विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों में शामिल हुए हैं। उनके द्वारा हासिल किए गए इस उत्कृष्ट मकाम से युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी।

बता दें कि प्रोफेसर अतुल ठाकुर और प्रोफेसर प्रीति ठाकुर को स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और एल्सेवियर रैंकिंग 2024 में शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों में शामिल किया गया है। प्रोफेसर अतुल ठाकुर वर्तमान में एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ नैनो टेक्नोलॉजी और एमिटी स्कूल ऑफ एप्लाइड साइंसेज के निदेशक के रूप में कार्यरत हैं और प्रोफेसर प्रीति ठाकुर एमिटी यूनिवर्सिटी हरियाणा, गुरुग्राम भारत में एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ नैनो टेक्नोलॉजी की प्रमुख हैं।

गौरतलब है कि प्रोफेसर अतुल और प्रोफेसर प्रीति दोनों को 2023 और 2022 की शीर्ष वैज्ञानिकों की सूची में भी जगह मिली है। यह मान्यता चुंबकीय नैनो प्रौद्योगिकी विशेषकर फेराइट्स के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण कार्य पर आधारित है। उनके अनुसंधान के क्षेत्रों में माइक्रोवेव अनुप्रयोगों, उच्च आवृत्ति अनुप्रयोगों, रडार अवशोषित सामग्री, जल शोधन, एंटीना लघुकरण, उच्च घनत्व मेमोरी भंडारण प्रणाली, सेंसर अनुप्रयोगों, मेटामटेरियल्स और कृषि अनुप्रयोगों के लिए फेराइट शामिल हैं।

**50 से अधिक पेटेंट दाखिल :** डॉ. अतुल ठाकुर ने 200 से अधिक और डॉ. प्रीति ने 160 से अधिक शोध पत्र अंतर्राष्ट्रीय, सहकर्मी-समीक्षित पत्रिकाओं में प्रकाशित किए हैं। उन्होंने अब तक 50 से अधिक पेटेंट दाखिल किए हैं और स्प्रिंगर, एल्सेवियर, सीआरसी प्रेस आदि द्वारा प्रकाशित कई पुस्तकों का संपादन किया है। ठाकुर दंपती की सफलता की यह कहानी डेरा परोल के साथ-साथ पूरे हिमाचल के युवाओं के लिए आगे बढ़ने की राहें आसान करती है। ग्रामीण क्षेत्र में उच्च स्तरीय भोरंज उपमंडल में भी शिक्षा की लौ जगाने के लिए प्रोफेसर अतुल और प्रोफेसर प्रीति प्रयासरत हैं ताकि प्रतिभाओं को सही मंजिल मिल सके।

## शहीद अंकुश ठाकुर चैरिटेबल ट्रस्ट ने बरोह गोशाला में दान की सामग्री



**अनंत ज्ञान, जाहू।** शहीद अंकुश ठाकुर चैरिटेबल ट्रस्ट ने बरोह गोशाला में गऊओं के लिए गुड़ 20 किलो, खल 50 किलो, चोकर 50 किलो और फीड 50 किलो प्रदान की। शहीद अंकुश ठाकुर चैरिटेबल के सदस्य अनिल ने बताया कि सभी को कोई पुण्य का कार्य जरूर करना चाहिए क्योंकि दान पुण्य करने से विशेष फल मिलता है। अनिल ने कहा कि यदि हम अपने घर में गाय नहीं पाल सकते, तो कम से कम रोज अपने घर से गाय के लिए रोटी, अन्न व हरा चारा गाय को खिलाएं। विशेष शुभ अवसर जन्मदिन, विवाह उत्सव, विवाह की वर्षगांठ शुभ अवसर पर और श्राद्ध अथवा पुण्य तिथि पर भी गोसेवा कर पुण्य प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर ट्रस्ट के लोगों ने बरोह गोशाला में जाकर गायों की सेवा की तथा ट्रस्ट से जुड़े सदस्यों ने मिल कर गोसेवा कर लोगों को इस सेवा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

## हमीरपुर में कल नहीं, आज होंगे ड्राइविंग टेस्ट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला मुख्यालय में इस हफ्ते प्रस्तावित ड्राइविंग टेस्ट की तिथियों में आंशिक संशोधन किया गया है।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अंकुश शर्मा ने बताया कि 26 सितंबर को प्रस्तावित ड्राइविंग टेस्ट अब 25 सितंबर को होंगे। उन्होंने ड्राइविंग लाइसेंस के आवेदकों से टेस्ट के लिए अब 25 सितंबर को उपस्थित होने की अपील की है।

## हमीरपुर कॉलेज के छात्रों ने ट्रेनिंग प्रोग्राम को सफलतापूर्वक किया संपन्न

**अनंत ज्ञान, डिडवीं टिक्कर**



मैथमेटिक्स एंड टैलेंट सर्च प्रोग्राम के द्वारा इनीशिएशन इन मैथमेटिक्स प्रोग्राम का आयोजन एनआई. टी. हमीरपुर में 16 से 21 सितंबर तक किया गया। इसमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस मैमोरियल राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर के 6 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया तथा सफलतापूर्वक इस ट्रेनिंग प्रोग्राम को संपन्न किया।

इसमें बी.ए./बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष के रचना ठाकुर, महक, अस्मित, मोनिका, अंश और अभय का चयन हुआ था। यह कोर्स बच्चों के लिए निशुल्क था। इसमें देश के विभिन्न कॉलेज और यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. प्रमोद सिंह पटियाल ने सभी छात्रों को बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## जाहू स्कूल के स्वयंसेवियों ने ध्वजारोहण करके मनाया एनएसएस का स्थापना दिवस




**अनंत ज्ञान, भोरंज।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहू के स्वयंसेवियों में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस ध्वजारोहण करके स्कूल परिसर में धूमधाम से मनाया। इस दौरान लोगों को स्वच्छता और श्रमदान करने के लिए भी प्रेरित किया। स्थापना दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य रमेश चंद ठाकुर ने की। स्वयंसेवियों ने प्राथमिक स्वाथ्य केंद्र जाहू परिसर की साफ-सफाई करके ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया। स्कूल के प्रधानाचार्य रमेश चंद ठाकुर ने स्वयं सेवियों को समाज सेवा की भावना पैदा करने तथा एनएसएस के महत्त्व से जागरूक किया। कार्यक्रम में जाहू पंचायत के पूर्व प्रधान चमल लाल शर्मा, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक रघुवीर सिंह ठाकुर, एनएसएस महिला कार्यक्रम अधिकारी अमृतांजना, स्कूल स्टॉफ व स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

## पंचायत उपचुनाव के मद्देनजर शराब और हथियारों पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जिले की विभिन्न पंचायतीराज संस्थाओं में रिक्त 8 पदों के लिए 29 सितंबर को होने वाले मतदान के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं।

मतदान और मतगणना की प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) अमरजीत सिंह ने विशेष आदेश जारी किए हैं। हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज अधिनियम 1994 के तहत आदेश जारी करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) ने 29 सितंबर को मतदान केंद्रों और इसके आसपास हथियार लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है।

मतदान ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। इसका उल्लंघन करने वाले व्यक्ति को दो साल तक की सजा और जुर्माना हो सकता है। जला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) ने उपचुनाव के अंतर्गत आने वाले सभी क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए निर्धारित समय तक की 48 घंटे की अवधि के भीतर शराब की बिक्री और वितरण या किसी भी होटल, रेस्तरां, ढाबे या दुकान इत्यादि में शराब के परोसने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। इसका उल्लंघन करने वालों को छह माह तक की सजा और दो हजार रुपए तक जुर्माना हो सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) ने मतदान के दिन मतदान केंद्रों के 100 मीटर के दायरे के भीतर चुनाव प्रचार या मतदाताओं को लुभाने से संबंधित किसी भी तरह की अन्य गतिविधि और पोस्टर-बैनर इत्यादि पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। इसका उल्लंघन करने वालों को जुर्माना हो सकता है। मतदान प्रक्रिया से संबंधित आधिकारिक सूचनाओं पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। अमरजीत सिंह ने सभी क्षेत्रों के मतदाताओं से इन सभी आदेशों की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित करने की अपील की है।

**सहायता** आरसेटी ने महिलाओं को सिखाए जूट के उत्पाद बनाना

## बैंकों की मदद से अपने उद्यम लगाएं महिलाएं : कौंडल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) ने महिलाओं के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया, जिसमें महिलाओं को जूट के बैग और अन्य उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।




आरसेटी ने महिलाओं के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया, जिसमें महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश कुमार कौंडल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर महिलाओं का मार्गदर्शन करते हुए राजेश कुमार कौंडल ने कहा कि आरसेटी से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद महिलाएं अपना उद्यम स्थापित कर सकती हैं। इसके लिए बैंक भी उनकी काफी मदद कर सकते हैं। उन्होंने महिलाओं से बैंकिंग योजनाओं का लाभ उठाकर अपना उद्यम स्थापित करने की अपील की। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के अलावा डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय साक्षरता से संबंधित कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा कीं।

इससे पहले, आरसेटी के निदेशक अजय कतना ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा संस्थान की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर एसबीआई के मुख्य प्रबंधक अंशुमन शर्मा, प्रबंधक अरुणकांत शर्मा, वित्तीय साक्षरता सलाहकार जीसी भट्टी, प्रशिक्षण कार्यक्रम के मूल्यांकनकर्ता राणा, पुष्पा देवी और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## पंचायतीराज संस्थाओं के मतदान 29 को



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला की विभिन्न पंचायतीराज संस्थाओं में रिक्त हुए 8 पदों पर उपचुनाव के लिए 29 सितंबर को मतदान होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) अमरजीत सिंह ने बताया कि जिला परिषद वार्ड बगेहड़ा के सदस्य के लिए विकास खंड सुजानपुर और विकास खंड बमसन की कुल 15 ग्राम पंचायतों खैरी, बैरी, रंगड़, टीहरा, जंगल, बीड़-बगेहड़ा, चलोह, जोल-पलाही, ठाणा धमड़ियाणा, डेरा, बजरोल, भेरड़ा, कक्कड़, जंदड़ू और खनौली में मतदान होगा। इसके अलावा विकास खंड भोरंज की ग्राम पंचायत भकेड़ा में प्रधान, विकास खंड बमसन की ग्राम पंचायत स्वाहल तथा विकास खंड नादौन की ग्राम पंचायत भदरोल में उपप्रधान के पदों के लिए मतदान करवाया जाएगा। विकास खंड भोरंज की ग्राम पंचायत नाहलवीं के वार्ड नंबर-4, नादौन की ग्राम पंचायत रैल के वार्ड नंबर-5, विकास खंड बिझड़ी की ग्राम पंचायत बड़ाग्रां के वार्ड नंबर-5 और ग्राम पंचायत बड़सर के वार्ड नंबर-9 में पंचायत सदस्यों के चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) ने बताया कि प्रधान, उपप्रधान और पंचायत सदस्यों के पदों के लिए मतों की गिनती 29 सितंबर शाम को ही संबंधित पंचायत मुख्यालयों में पूर्ण कर ली जाएगी, जबकि जिला परिषद वार्ड बगेहड़ा के उपचुनाव की मतगणना 30 सितंबर को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुजानपुर में होगी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### 36 वर्षीय युवक की पैर फिसलने से मौत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत टिक्कर के गांव करोगे में पैर फिसलने से एक युवक की मौत होने का समाचार है प्राप्त जानकारी के अनुसार चंद्र सिंह पुत्र बुद्धि सिंह उम्र 36 वर्ष सुबह जब मवेशियों के घास लाने खेत में गया था घास काटने के बाद जब वे घास लाकर घर वापिस आ रहा था तो रास्ते में अचानक पैर फिसल जाने से चंद्र सिंह गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया, परिजनों ने उसे अपने निजी वाहन से अस्पताल ले आए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है पोस्टमार्टम के बाद स्वास्थ्य विभाग ने शव को परिजनों को सौंप दिया, पुलिस द्वारा 194 बीएनएनएस में कार्यवाही की जा रही है। एसएचओ सरकाघाट रजनीश ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है।

### विभाग ने तेंदुए से सतर्क रहने की दी सलाह

**अनंत ज्ञान, मंडी।** वन विभाग मंडी ने तेंदुए के आतंक को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। मंगलवार को जारी सूचना के अनुसार वन विभाग ने लोगों से कहा है कि रात के अंधेरे में अकेले बाहर न निकले और बच्चों को अकेले बाहर ना छोड़े। सुबह-शाम अकेले चहलकदमी में ना करें और शौच करने बाहर न जाएं। वन विभाग ने तेंदुए के साथ-साथ जंगली जानवरों से विस्तार करने के निर्देश जारी किए हैं वन परीक्षित अधिकारी ने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि यदि जंगली जानवरों के आसपास होने की संभावना हो तो उसे क्षेत्र में पटाखे और आतिशबाजी करें, ताकि वह वहां से पलायन कर जाएं।

### संस्कृत महाविद्यालय के पुस्तकालय का किया निरीक्षण



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजकीय संस्कृत महाविद्यालय के कार्यकारी आचार्य डॉ.खुशवंत सिंह ने बताया कि उच्चतर शिक्षा निदेशालय की पुस्तकालय निरीक्षण टीम ने महाविद्यालय के पुस्तकालय का निरीक्षण तथा समस्त स्टाफ के साथ बैठक की। टीम में शामिल प्राचार्य डॉ. रिखी राम कौंडल, प्राचार्य डॉ. विजय कुमार व पुस्तकाध्यक्ष प्यारे लाल शामिल रहे। महाविद्यालय के पुस्तकाध्यक्ष संजीव ने निरीक्षण की प्रक्रिया पूर्ण करवाई।

### इतिहास रचने के लिए कार्य करें विद्यार्थी : अवस्थी



**अनंत ज्ञान, मंडी।** इतिहास हमारे जीवन का महत्वपूर्ण पहलू है। आप विश्वविद्यालय में पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से पढ़ाई करें व इतिहास रचने के लिए कार्य करें। यह शब्द प्रो. ललित कुमार अवस्थी कुलपति सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी ने इतिहास विभाग के तृतीय सत्र के विद्यार्थियों द्वारा प्रथम सत्र के विद्यार्थियों के लिए आयोजित स्वागत समारोह में कहे। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे विश्वविद्यालय एवं इतिहास विभाग की प्रगति के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य करें। आचार्य अनुपमा सिंह प्रति कुलपति एवं विभागाध्यक्ष इतिहास विभाग की गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि इतिहास विभाग ने राष्ट्रीय व क्षेत्रीय इतिहास पर कई कार्यक्रम किए हैं। डॉ. राकेश कुमार शर्मा सहायक आचार्य ने विभाग की ओर से कुलपति एवं प्रति कुलपति का परिचय एवं स्वागत किया।

### समाजसेवा को अपने जीवन का बनाएं हिस्सा



**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर।** राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय, जोगिंदरनगर में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस की स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. सुनीता सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन करके किया। इस अवसर पर एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. श्रवण डोगरा और प्रो. मोहिनी के नेतृत्व में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने एनएसएस की पृष्ठभूमि, गठन और उसकी यात्रा पर विचार रखे। प्राचार्या प्रो. सुनीता सिंह ने सभी से समाजसेवा को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

### बचत करने के लिए बताए निवेश करने के तरीके



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सुंदरनगर में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के तत्वाधान में संयुक्त रूप से निवेशक जागरूकता पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वेबिनार को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य निवेशकों के हित के लिए सेबी द्वारा उठाए गए कदमों को बताना था। कार्यक्रम में मुख्यातिथि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निधि कुणाल मथुरिया ने जीवन के विभिन्न चरणों में बचत के विभिन्न तरीकों के साथ-साथ निवेश के तरीकों के विषय में विस्तार से बताया।

सेबी के द्वारा निवेशकों के हितों का ध्यान रखते हुए नए दिशानिर्देश बनाए जा रहे हैं। प्रतिभूति बाजार में किसी भी मध्यस्थ जैसे एजेंट, दलाल, कंपनी, मर्चेंट बैंकर आदि द्वारा निवेशकों से धोखाधड़ी किये जाने पर सेबी ने बहुत ठोस कदम उठाए हैं। सेबी के द्वारा हाल ही में सारथी एप्प भी जारी किया गया है, जिसे डाउनलोड कर निवेशक सुरक्षित निवेश कर सकते हैं।

# चुराह के छुलानी गांव में दो मंजिला मकान में भड़की आग

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चुराह उपमंडल की गुवाड़ी पंचायत के छुलानी गांव में सोमवार देर शाम दो मंजिला मकान की ऊपरी मंजिल का कमरा जलकर राख हो गया।

अचानक भड़की आग से डबल बेड, सोफा सेट, छत की सीलिंग, खिड़कियां, दो कैंचियां और कपड़े जलकर राख के ढेर में तबदील हो गए हैं। इससे प्रभावित परिवार को करीब 60 हजार रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। प्रभावित डौली राम पुत्र चंदू लाल के मकान से धुआं उठता देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने अग्निशमन विभाग को सूचित किया और बर्तनों में पानी भर-भरकर आग बुझाने में जुट गए। ग्रामीणों ने अग्निशमन विभाग के जवानों के साथ मिलकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सूचना मिलने के बाद सोमवार सुबह पटवारी मौके पर पहुंचा। उन्होंने नुकसान का जायजा लेकर अपनी रिपोर्ट तैयार की।

जानकारी के अनुसार डौली राम परिवार के साथ रविवार को बाहर गए थे। दोपहर करीब 12:00 बजे मकान की ऊपर छत से धुआं उठने लगा। ग्रामीणों ने अग्निशमन विभाग और पंचायत प्रधान को सूचित किया। बर्तनों में पानी भर-भर कर आग बुझाने का कार्य शुरू कर दिया। अग्निशमन विभाग की टीम पहुंचते ही आग बुझाने में जुट गई।

पंचायत उपप्रधान चमन शर्मा ने बताया कि आग लगने से मकान की ऊपरी मंजिल स्थित कमरे में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया है। पटवारी ने प्रभावित के घर का दौरा कर रिपोर्ट तैयार कर ली है।

पटवारी सुभाष ने बताया कि कमरे के भीतर रखे डबल बेड, सोफा सेट, छत की सीलिंग, खिड़कियां, दो कैंचियां और कपड़े जलने से 60 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।एसडीएम चुराह शशि पाल ने बताया कि आग लगने से गुवाड़ी के अंतर्गत छुलानी में एक कमरा जलने की सूचना है। पटवारी को मौके पर भेज दिया गया है।



आग लगने से जला हुआ घर व सामान।

## तीसा अस्पताल की सुधारी जाएगी व्यवस्था : हंसराज



**आजम डार, चुराह।** रोगी कल्याण समिति की बैठक तीसा में बी एम ओ कार्यालय तीसा में हुई उप मंडल अधिकारी चुराह शशिपाल व विधायक डॉ. हंसराज की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में सिविल अस्पताल तीसा में चल रही स्वास्थ्य सेवाओं बजट और वित्त प्राप्ति स्वास्थ्य सेवा वितरण में सुधार की समीक्षा की गई।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2024 25 के लिए अनुमानित 26.31 लख रुपए के बजट को मंजूरी दी गई पिछले दो वित्तीय वर्षों के आय एवं व्यय की चर्चा करने के साथ मरम्मत एवं रखरखाव के अंतर्गत बजट का प्रावधान किया गया।

डॉक्टर और नर्स एंबुलेंस की स्वीकृत शौचालय स्वास्थ्य पेयजल और सामान्य प्रबंध जैसी स्वच्छता आवश्यकताओं के लिए धन अनुमान के लिए धन अनुसार मंजूरी पंचायत समिति द्वारा शव ग्रह का नवीनीकरण समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। वहीं इन समस्याओं का समाधान होने से लोगों को काफी राहत मिलेगी।

# सड़क निर्माण में अतिरिक्त कैंची मोड़ लगाने को लेकर डीसी से मिले लोग



डीसी को अपनी समस्या बताते हुए स्थानीय लोग।

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

ग्राम पंचायत राडी के अंतर्गत बनने वाली प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनने वाली सड़क चूड़ी से बक्कल निर्माण को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त चंबा से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने सड़क निर्माण के दौरान गलत डीपीआर और ओलौला मोड़ से कैंची लगाकर गांव तक सड़क पहुंचाने की मांग ग्रामीणों ने की है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि विभाग द्वारा गलत डीपीआर बनाकर गलत सड़क का निर्माण किया जा रहा है। लोगों ने कहा है की वर्तमान में जिस जगह से सड़क निर्माण हो रहा है बिल्कुल गलत हो रहा है। लोगों ने आरोप लगाया है की कुछ लोगों की इच्छा को लेकर घसनियों के होते हुए सड़क निर्माण किया जा रहा है जो कि सरासर गलत है। लोगों ने कहा है कि जिस जगह सड़क पहुंची है उससे कुछ मीटर पहले चार कैंची लगाकर सड़क गांव तक आसानी से पहुंच सकती है। लेकिन जहां से सड़क निर्माण किया जा रहा है वहां से आगे लोगों की निजी घासनियां आती है जो कभी भी काम को बीच रास्ते में रकवा सकते हैं। लोगों ने कहा है कि जिस जगह तक सड़क पहुंची है अभी वहां से कैंची लगाकर सड़क पहुंचाई जाती है तो इस सड़क के निर्माण के दौरान आने वाली भूमि भी सरकारी है और सड़क आसानी से गांव तक पहुंच जाएगी।

लोगों ने कहा है कि जिस जगह से सड़क निर्माण किया जा रहा है उससे गांव लगभग 3 किलोमीटर दूर है और सड़क निर्माण होने के बावजूद भी इस स गांव तक नहीं पहुंच पाएगी। ग्रामीणने कहा है कि अगर 5 दिनों के भीतर यह सब का मामला नहीं सुलझाया गया तो समस्त ग्रामीण उच्च न्यायालय की शरण में जाएंगे।

# एचआईवी एक लाइलाज बीमारी, जागरूकता ही बचाव

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

डलहौजी क्षेत्र के शिक्षण संस्थान राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बनीखेत तथा दयानंद एंग्लो वैदिक कॉलेज बनीखेत रेड रिबन क्लब द्वारा एक दिवसीय एचआईवी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरित पुरी ने एड्स कंट्रोल सोसाइटी चंबा द्वारा किए जा रहे कार्य के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि एचआईवी एड्स एक लाइलाज बीमारी है तथा इसका बचाव एकमात्र जागरूकता ही है। उन्होंने इस बीमारी के लक्षण और बचाव तथा फैलने के कारणों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हर व्यक्ति को समय-समय पर अपनी शारीरिक जांच करवानी चाहिए। उन्होंने बताया कि सभी व्यक्ति को स्वेच्छापूर्वक रुप से अपनी एचआईवी की जांच करवानी चाहिए। उन्होंने बताया कि अभी तक जिले मे गर्भवती स्त्रियों की एचआईवी जांच विशेष रूप से की जाती है।

उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर आईसीटीसी चंबा, भरमौर, किहार और चुवाडी में एचआईवी की जांच निशुल्क करवा सकते हैं जिस की जानकारी विभाग द्वारा गोपनीय रखी जाती है। उन्होंने बताया कि एचआईवी के प्रति किसी भी जानकारी के लिए एड्स कंट्रोल सोसायटी भारत सरकार द्वारा जारी 1097 टोल फ्री नंबर पर किसी भी समय कॉल करके एचआईवी एड्स के प्रति जानकारी हासिल कर सकता है ।

उन्होंने बताया कि हम सभी को समाज के प्रति अपना कर्तव्य निर्वहन करते हुए हर व्यक्ति को एचआईवी की जानकारी देना और जांच के प्रति प्रेरित करना होगा. इस शिविर में 300 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।



जागरूकता कैंप के दौरान मौजूद छात्र व अन्य।

# लोगों को मिलने वाली योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करें अधिकारी : अमित

**अनंत ज्ञान, चंबा**

प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभिउदय योजना के संबंध में जिला मुख्यालय चंबा में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मेहरा ने की।

इस अवसर पर पीएम-एजेएवाई से संबंधित विभिन्न गांवों में पेयजल व स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य व पोषण, सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण सड़कें व आवास, विधुत व स्वच्छ ईंधन तथा आजीविका व कौशल विकास, कृषि पद्धतियां, वित्तीय समावेशन, डिजिटलीकरण इत्यादि सहित विकास के विभिन्न संकेतकों बारे विस्तृत चर्चा व समीक्षा की गई।

अमित मेहरा ने बताया कि जिला चंबा में प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभिजय योजना के अंतर्गत कुल 46 गांव शामिल हैं जिनमें विकास खंड चंबा के 14, विकास खंड मैहला के 9, विकास खंड तीसा के 13, विकास खंड भटियात के 4 तथा विकास खंड सलूनी के 6 गांव शामिल हैं।

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों वह कर्मचारियों तथा जनप्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि वह योजना से संबंधित विकास कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें तथा कार्य पूर्ण होने पर उनके रख-रखाव की भी पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करें ताकि लंबे गांववासियों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जा सके।



अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए अमित मेहरा।

# मणिमहेश यात्रा 2025 के लिए अभी से तैयारी शुरू करने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

पवित्र मणिमेहश यात्रा के समापन के बाद जो कमियां रही है उसे अगले वर्ष होने वाली पवित्र मणिमेहश यात्रा से पहले दरुस्त किए जाने को लेकर चौरासी व्यापार मंडल भरमौर का प्रतिनिधिमंडल अधिषासी अभियंता लोक निर्माण विभाग से मिला।

इस दौरान उन्हें भरमाणी मार्ग पर टायरिंग, क्रैश वैरियर व मार्ग को चौड़ा करने, भरमौर से हडसर मार्ग को भी चौडा करने ताकि यात्रा के दौरान जाम आदि न लगे साथ ही हड़सर वाया चौविया मार्ग जिसका अकसर मणिमेहश की बैठक में जिकर होता रहता है। उसे पटोड़ी से नागंली होते हुए शटली मार्ग के साथ जोड़ा जाए। व्यापार मंडल के सदस्यों ने बताया कि अगले वर्ष पवित्र मणिमेहश यात्रा 16 अगस्त से शुरू होने वाली है। ऐसे में अभी से ही अगले वर्ष होने वाली पवित्र मणिमेहश यात्रा के लिए अलग-अलग व संबंधित विभाग अपना मास्टर प्लान बनाकर बर्फबारी से पहले कुछ कार्य को पूर्ण करे।

व्यापार मंडल के प्रधान रंजीत शर्मा, कोर कमेटी के सदस्य टेक चंद्र ठाकुर, जैसी राम ठाकुर, सुमित ठाकुर, कोषाध्यक्ष कर्ण शर्मा, प्रैस सचिव प्यार सिंह शर्मा आदि सदस्यों ने बताया कि इस बारे प्रदेश के मुख्यमंत्री, उपायुक्त चंबा को भी मांग-पत्र सौंपा जाएगा। उधर लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता मीत शर्मा ने बताया कि जो मांग पत्र सौंपा गया है। इस बारे जल्द ही मास्टर प्लान बनाकर कार्य किया जाएगा।



अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग को अवगत करवाते गणमान्य

## दो युवतियों में हाथापाई पर कड़ी कार्रवाई की मांग

**मंडी।** आईएसबीटी मंडी में दो युवतियों के बीच हुई हाथापाई को लेकर शहर के लोगों ने कड़ा संज्ञान लिया है। शहर के लोगों विजय, अश्वनी, अनि आदि ने पुलिस प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि ऐसे मामलों की गहनता से जांच होनी चाहिए।

ऐसे मामले नशे के लगते हैं, ऐसे में पुलिस ही शांति भंग करने का मामला दर्ज कर कड़ी कार्रवाई अमल में लाए, क्योंकि मंडी बस स्टैंड के पास आए दिन ऐसी घटनाएं होती रहती है, ऐसे में सख्ती करनी ही होगी, ताकि दोबारा ऐसा न हो। इधर, एएसपी सागर चंद्र ने कहा है कि इस तरह से झगड़ा कर शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी।

# स्वच्छता बनाए रखने की विद्यार्थियों को दिलवाई शपथ



विद्यार्थियों को शपथ दिलाते हुए उपायुक्त।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा के एतिहासिक चौगान मैदान में स्वच्छता के संबंध में एक भव्य शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंबा तथा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के लगभग 600 विधार्थियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने विद्याार्थियों को स्वच्छता के संबंध में शपथ दिलवाई।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ राजनीतिक आजादी ही नहीं थी बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को खुद व राष्ट्र को स्वच्छ बनाए रखने का दृढ़ निश्चय करना चाहिए।

### सूडोकु 0067 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0066 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 9 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 |
| 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 |

# कांग्रेस प्रवक्ता अनिल गोयल कालका और जम्मू सीट पर समन्वयक नियुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



कांग्रेस आला कमान ने एआईसीसी मीडिया कोऑर्डिनेटर व हिमाचल कांग्रेस प्रवक्ता अनिल गोयल को हरियाणा के कालका विधानसभा क्षेत्र, जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए जम्मू विधानसभा क्षेत्र का समन्वयक नियुक्त किया गया है।

अनिल गोयल जम्मू और कश्मीर कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष, जम्मू और कश्मीर प्रभारी, अखिल भारतीय किसान कांग्रेस और जम्मू और कश्मीर किसान कांग्रेस के अध्यक्ष के साथ मिलकर काम करेंगे। कांग्रेस आला कमान ने उम्मीद जताई है कि अपने लंबे राजनीतिक अनुभव के आधार पर और ईमानदारी से कम करने की अपनी शैली से अनिल गोयल अखिल भारतीय किसान कांग्रेस को पुनर्जीवित करने और इसे और अधिक जीवंत बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे, जिसका उद्देश्य कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस की वरिष्ठ नेता व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष गांधी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और सुखपाल सिंह खैरा के गतिशील नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के साथ साथ कांग्रेस के आदर्शों को बढ़ावा देंगे।

# महिलाओं को बताया संतुलित आहार का महत्व

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

मंगलवार को वृत ढेलू में वृत्त स्तरीय सातवां राष्ट्रीय पोषण माह समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रधान सपना ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को पोषण के प्रति जागरूक करना और उनके स्वास्थ्य की देखभाल पर विशेष ध्यान देना था। स्वास्थ्य कार्यकर्ता जुल्मा देवी ने कार्यक्रम में एनीमिया और टीकाकरण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि एनीमिया से बचने के लिए आयरन युक्त आहार और नियमित रूप से टीकाकरण कितना जरूरी है। इसके साथ ही, उन्होंने महिलाओं को गर्भवती और धात्री अवस्था में होने वाले पोषण की विशेष जानकारी दी, जिससे उनके स्वास्थ्य को बेहतर रखा जा सके। वृत पर्यवेक्षिका संतोष कुमारी ने संतुलित आहार और पोषण के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने बताया कि संतुलित आहार में प्रोटीन, विटामिन, मिनरल्स और अन्य आवश्यक पोषक तत्वों का समावेश होना चाहिए, जो शरीर को स्वस्थ और तंदुरुस्त बनाए रखता है। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को पोषण और आहार में विविधता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में गांव की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही, स्थानीय महिलाओं ने घर में उगाई गई ताजगी भरी सब्जियों और फलों के स्टॉल लगाए।



महिलाओं के द्वारा स्टॉल लगाए गए।

# एनसीसी कैडेटों ने संवारे परिसर

**अनंत ज्ञान, मंडी**

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय में स्थापित एनसीसी वायु सेना विंग व आर्मी विंग यूनिटों ने स्वच्छ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता विषय पर जागरूकता रैली, प्रेरणादायक भाषण, पर्यावरण स्वच्छता शपथ, पोस्टर मेकिंग, व्यास नदी स्वच्छता अभियान व शहर स्वच्छता अभियान का आगाज किया।

इस अवसर पर वल्लभ राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. सुरीना शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर कैडेटों को स्वच्छता अभियान के लिए रवाना किया। स्वच्छता अभियान पर एनसीसी यूनिटों को रवाना करने से पहले महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. सुरीना शर्मा ने कैडेटों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन ने कैडेटों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नदियां जीवन का आधार है। हिमालय पर्वत श्रृंखलाओं के ग्लेशियर नदियों के आधार है।

हिमालय के पर्यावरण से अत्यधिक छेड़छाड़ जीवन के अस्तित्व के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। विश्व नदी दिवस के अवसर पर फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन ने कहा कि नदियों व पहाड़ों को प्रदूषण से बचाना महत्वपूर्ण है।




साफ-सफाई करने के दौरान एनसीसी कैडेट व प्राचार्या।

## सुक्खू सरकार हर रोज सुनाती है जनता के लिए दुख का नया फरमान : पंकज

**अनंत ज्ञान, मंडी**



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पंकज जंबाल ने कहा कि जब से सत्ता में प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनी है तब से सरकार जनविरोधी निर्णय ले रही है।

पंकज ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि सत्ता हासिल करने के लिए तीन सौ यूनिट फ्री बिजली देने की गारंटी कांग्रेस नेताओं के द्वारा चुनावों के समय दी गई थी, मगर सत्ता में आते ही पहले से पूर्व जयराम ठाकुर सरकार में मिल रही 125 यूनिट बिजली की सब्सिडी खत्म कर दी जाती है और 3 सौ यूनिट बिजली खर्च करने पर महंगी बिजली दी जाती है। सत्ता में आने के बाद सुक्खू की कांग्रेस सरकार प्रदेश के लोगों को हर दिन कोई न कोई दुख देने का फरमान सुनाती है।

लोकलुभावन वादों की बदौलत सत्ता में आने वाली सरकार द्वारा जन विरोधी फैसले निंदनीय है। अब ऐसा ही निर्णय पानी के बिल को लेकर भी लिया गया है। ग्रामीण, शहरी व व्यावसायिक कनेक्शन के रेट बढ़ा दिए हैं।

अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

**25 सितंबर, 2024, बुधवार**

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** अमांत भाद्रपद, **तिथि** अष्टमी :(12:13): **नक्षत्र** आर्द्रा (10:24), **पक्ष :** कृष्ण **योग:** वरियान (00:16) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:12 - 01:42) ।

**विशेष दिन**

- 25 अगस्त : सौभाग्यवतीनां श्राद्ध आज।
- 25 सितंबर : अविधवा नवमी आज।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** आज का दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। सुख व सहयोग मिलने से कार्य आसानी से पूरे होंगे। ननिहाल से शुभ समाचार मिल सकते हैं। निवेश से लाभ मिलना संभव है।

**वृषभ:** आज का दिन परिवार के लिए महत्वपूर्ण दिन रहेगा। धन की स्थिति मजबूत होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा व मन में प्रसन्नता बनी रहेगी।

**मिथुन:** कार्यस्थल पर सहकर्मियों से संबंधों में मधुरता आएगी। सजगता से कार्य करें। सफलता व उद्देश्यों की पूर्ति होगी। समय उत्तम रहेगा।

**कर्क:** आज के दिन कई अधूरे काम पूरे होंगे। घर-परिवार में शुभ व धार्मिक कार्य सम्पन्न होंगे। सुख-साधन बढ़ेगा। अपनों की सफलता से हर्ष व मन में प्रसन्नता होगी।

**सिंह:** आपकी मेहनत से बौद्धिक क्षेत्र से लाभ होगा। समय की अनुकूलता से लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में उच्च अभिलाषाओं की पूर्ति होगी।

**कन्या:** आप जो बोलते हैं, उस बात से मुकर जाते हैं। बोलने में बहुत सावधानी रखें। अपनों से आशा न करें। समय मध्यम है।

**तुला:** कार्यस्थल पर किसी के प्रति आकर्षित होंगे। मन में किसी बात को लेकर दुविधा होगी। साहसिक कार्यों में सफलता प्राप्त हो सकती है।

**वृश्चिक:** आपके लक्ष्य के प्रति ध्यान केंद्रित रखने से अच्छा लाभ होगा। प्रतिस्पर्धा व द्वेष का सामना करना पड़ सकता है। पुराने निवेश का फल अच्छा मिलेगा।

**धनु :** आलस का त्याग करें। धर्म में श्रद्धा बढ़ेगी। भौतिक ऐश्वर्य के साधनों में बढ़ोतरी होगी। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा। कामकाज में लाभ मिलेगा।

**मकर:** आपकी जिद के कारण साझेदारी के व्यवसाय में घाटा व धोखा मिलना संभव होगा। सितारों की चाल प्रतिकूल होगी। मानसिक तनाव बढ़ सकता है।

**कुंभ:** दिन की शुरुआत में आलसी रवैये के कारण कार्य विलंब से पूरा होगा। कार्यस्थल पर सहकर्मियों से विवाद होगा। माता-पिता के फैसले के विरुद्ध जा कर कार्य करेंगे।

**मीन:** सही समय पर निर्णय लेना आपके लिए उचित रहेगा। ऋण के लेन-देन में सतर्क रहें। संपर्क का लाभ होगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी। सुख-ऐश्वर्य बढ़ेगा।

**ध्यान** रखें कि महान प्रेम और महान उपलब्धियों में बड़ा जोखिम शामिल होता है।
-दलाई लामा

## संपादकीय

# डोप टेस्ट का डर

हिमाचल पुलिस में भर्ती होना अब आसान नहीं है। पहले तो आपको लिखित परीक्षा के लिए जीतोड़ मेहनत कर तैयारी करनी होगी तथा उसके बाद फिजिकल टेस्ट के लिए छह-आठ महीने पसीना बहाना होगा। इसके बाद डोप टेस्ट से बेदाग होकर निकलना होगा, क्योंकि इस बार पुलिस कांस्टेबल की भर्ती में पहली बार डोप टेस्ट को भी जोड़ा जा रहा है। हालांकि, इसके पीछे मंशा नेक है। हिमाचल प्रदेश में नशे की बीमारी दिन-ब-दिन फैलती जा रही है और उसको रोकने के लिए तथा युवाओं को जागरूक करने के लिए ही सरकारी भर्ती में पहली बार डोप टेस्ट रखा गया है। प्रदेश के युवाओं के लिए यह किसी चेतावनी से कम नहीं है कि यदि वे डोप टेस्ट में फेल हो जाते हैं तो पुलिस की नौकरी नहीं मिल पाएगी। ऐसे में युवाओं का पुलिस में भर्ती होने का सपना टूट सकता है। वहीं, सरकार की ओर से युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए एक बेहतरीन कदम भी उठाया जा रहा है। सुक्खू सरकार 1250 पुलिस कांस्टेबल की भर्ती जल्द ही करने वाली है। विभाग ने तैयारियां जोर शोर से शुरू कर दी हैं। सामान्य श्रेणी के 18 से 26 साल तक आयु, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, गोरखा, प्रतिष्ठित खिलाड़ी 18 से 28 वर्ष तक और होमगार्ड 20 से 29 वर्ष की आयु तक के कांस्टेबल पद पर भर्ती के लिए पात्र होंगे। दरअसल, डोप टेस्ट एक ऐसी प्रक्रिया है जिसका उपयोग यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है कि एथलीट या खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा के दौरान किसी प्रकार के प्रतिबंधित पदार्थों या तरीकों का उपयोग तो नहीं कर रहे हैं। यह परीक्षण खेलों में निष्पक्षता और ईमानदारी बनाए रखने के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है।

इसका उद्देश्य एथलीटों में स्टेरॉयड, नशीले पदार्थ या अन्य अवैध दवाओं की उपस्थिति का पता लगाना होता है। आमतौर पर यह टेस्ट मूत्र या रक्त के सैंपलों के माध्यम से किया जाता है। सैंपलों का परीक्षण लैब में किया जाता है, जहां विभिन्न दवाओं के लिए जांच की जाती है। वर्ल्ड एंटी-डोपिंग एजेंसी यानी वाडा की ओर से सूचीबद्ध दवाएं और पदार्थ एथलेटिक्स में प्रतिबंधित किए गए हैं। यदि किसी एथलीट के सैंपल में ये प्रतिबंधित पदार्थ पाए जाते हैं, तो उसे सजा का सामना भी करना पड़ सकता है, जिसमें प्रतिस्पर्धा से निलंबन और पुरस्कारों की वापसी शामिल हो सकती है। इसका सबसे बड़ा फायदा यही है कि डोप टेस्ट से खेलों में प्रतिस्पर्धा की निष्पक्षता और स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है। डोप टेस्ट से उन उम्मीदवारों को हटाया जा सकता है जो नशीली दवाओं का उपयोग करते हैं। डोप टेस्ट से यह सुनिश्चित होता है कि पुलिस बल में शामिल होने वाले उम्मीदवार शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ हैं। नशीली दवाओं के उपयोग से अपराध में वृद्धि हो सकती है, इसलिए डोप टेस्ट से अपराध नियंत्रण में मदद मिल सकती है। डोप टेस्ट से यह सुनिश्चित होता है कि पुलिसकर्मी अपने काम के दौरान सुरक्षित और जिम्मेदार तरीके से काम करेंगे। डोप टेस्ट से समाज में यह संदेश जाता है कि पुलिस बल नशीली दवाओं के उपयोग के खिलाफ है और समाज की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

डोप टेस्ट से कानून के पालन में मदद मिलती है और नशीली दवाओं के उपयोग के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। डोप टेस्ट से पुलिस बल की छवि में सुधार होता है और समाज में इसकी विश्वसनीयता बढ़ती है। बहरहाल हिमाचल पुलिस में भर्ती होने के लिए सभी उम्मीदवारों को डोप टेस्ट से गुजरना होगा। हालांकि टेस्ट के परिणामों को गोपनीय रखा जाएगा। डोप टेस्ट में असफल होने वाले उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया से हटा दिया जाएगा। डोप टेस्ट के लिए मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं का उपयोग किया जाएगा और टेस्ट के परिणामों की पुष्टि के लिए दोबारा टेस्ट किया जा सकता है। डोप टेस्ट में बुराई यह है कि इससे नशीली दवाओं के उपयोग का पता लगाता है, जो कई लोगों के लिए एक गंभीर समस्या हो सकती है। लोग डोप टेस्ट से डरते हैं, क्योंकि डोप टेस्ट में व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा हो सकता है, जो कई लोगों के लिए असहज हो सकता है। डोप टेस्ट में असफल होने से नौकरी या शिक्षा की हानि भी हो सकती है। सामाजिक प्रतिष्ठा की हानि भी हो सकती है। डोप टेस्ट में असफल होने से कानूनी कार्रवाई हो सकती है, जिससे संबंधित व्यक्ति को मानसिक तनाव हो सकता है। हालांकि, डोप टेस्ट का मुख्य उद्देश्य नशीली दवाओं के उपयोग को रोकना और समाज की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, तो ऐसे में इसे सकारात्मक दृष्टि से देखना चाहिए न कि नकारात्मक दृष्टि से। ■

# सरकार कर रही आपदा प्रबंधन तंत्र को सुदृढ़ व सशक्त

हिमाचल प्रदेश राज्य पर्वतीय क्षेत्र होने के चलते विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदाओं के लिए अति संवेदनशील क्षेत्र है। जिसके चलते यहां के आपदा प्रबंधन तंत्र को और अधिक सुदृढ़ व सशक्त होना अति आवश्यक है, वर्तमान में जलवायु परिवर्तन जैसी विकट परिस्थितियों के चलते इसे आधुनिक तकनीकी, संचार व क्षमता निर्माण के क्षेत्र में सुदृढ़ होना पड़ेगा। वैसे तो आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 के गठन के साथ ही राज्य में हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का गठन हो गया था, परंतु इसका धरातल पर संचालन व क्रियान्वयन वर्ष 2016 से आरंभ हुआ था। जिसमें कि हिमाचल प्रदेश के 12 जिलों में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों का गठन हुआ तथा इसी के अंतर्गत राज्य में राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र तथा समस्त जिलों में जिला आपातकालीन परिचालन केंद्रों का गठन व क्रियान्वयन आरंभ किया गया। इसका एकमात्र उद्देश्य हिमाचल प्रदेश में चिन्हित एवं सूचीबद्ध की गई 17 विभिन्न प्रकार की आपदाओं से बचाव एवं उनका योजनाबद्ध प्रबंधन सुनिश्चित करना था।

इसी के अनुरूप हिमाचल सरकार द्वारा फ्रांस विकास एजेंसी (स्नष्ठ) के साथ लगभग 890 करोड़ रुपए की परियोजना पर ज्ञापन हस्ताक्षर किया गया। इस परियोजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश में आपदा प्रबंधन व जलवायु जोखिम न्यूनीकरण परियोजनाओं को एक दिशा एवं प्रबंधन व गति प्रदान करना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आने वाले समय में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न भागों में लगभग 48 स्वचालित मौसम केंद्रों की स्थापना करना है, जो कि प्रदेश में विभिन्न प्रकार की आपदाओं जैसे कि भूस्खलन, तीव्र बाढ़, बादल फटना, जलवायु परिवर्तन, हीट वेव, अति वर्षा जैसी गतिविधियों पर पूर्व चेतावनी प्रदान करना व इसके साथ ही हिमाचल में कृषि, बागवानी के लिए वास्तविक मौसम भविष्यवाणी प्रदान करना भी प्राथमिकता होगी। सरकार का यह मानना भी है कि यदि यह परियोजना प्रथम चरण पर सफल होती है तो इसे बाद में खंड स्तर पर भी शीघ्र ही स्थापित किया जाएगा। इसी के संदर्भ में इस परियोजना में फ्रांस विकास एजेंसी द्वारा राज्य के सभी जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों एवं जिला आपातकालीन परिचालन केंद्रों को और अधिक मजबूती प्रदान करने एवं सुदृढ़ बनाने के क्षेत्र में भी सहयोग प्रदान करने की सहमति जताई है। इसके अतिरिक्त यदि हम आपदा के क्षेत्र में विकास की बात करें तो वर्ष 2018 में राज्य के समस्त जिला मुख्यालयों व राज्य के जनजातीय उपमंडल केंद्रों जिसमें कि मुख्यत: काजा, भरमौर, किन्नौर व पांगी में सेटेलाइट आधारित फोन प्रदान किए गए थे।



लेखक :राजन कुमार शर्मा
आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ, नाहन

तत्पश्चात हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट को भी इसी वर्ष लांच कर दिया गया था। जैसा कि सेटेलाइट आधारित फोन के माध्यम से हम विभिन्न प्रकार की आपदाओं में संचार व्यवस्था व पर्वतीय क्षेत्रों में पर्वतारोहियों के भटक जाने की स्थिति में इसका अत्यधिक प्रयोग किया जा सकता है, इसी के अनुरूप वर्ष 2024 में सरकार द्वारा इसकी उपयोगिता को देखते हुए लगभग 73 अतिरिक्त सेटेलाइट फोन अन्य संवेदनशील उपमंडलीय स्तर पर भी स्थापित करने का निर्णय लिया है, जो कि आगामी एक माह के अंदर स्थापित कर दिए जाएंगे। सेटेलाइट फोन की अगर विशेषताओं की बात करें, तो यह आपातकाल प्रतिक्रिया, मौसम पूर्वानुमान जानकारी, लॉजिस्टिक व्यवस्था बनाए रखने में अधिक कारगर साबित होती है। हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा जिला स्तरों पर आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आपातकालीन प्रबंधन एवं प्रतिक्रिया तंत्र विकसित किया है जो कि निशुल्क 112 दूरभाष नंबर के साथ संयोजित रूप से कार्य करेगा एवं आपदा संबंधी मामलों पर तुरंत कार्यवाही कर विभिन्न मामलों का निष्पादन करने में सक्षम हो पाएगा।

इससे प्रदेश में आपदा प्रबंधन से संबंधित मामलों का निपटारा तुरंत करने में अति शीघ्रता आएगी। यदि वर्तमान समय की बात करें, तो आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की परियोजनाएं व क्षमता वृद्धि प्रोजेक्ट्स पर क्रियान्वन सक्रिय रूप से किया जा रहा है, जिसमें कि एक उपलब्धि राज्य में हैम रेडियो या शौकिया रेडियो में लगभग 21 ऑपरेटरों को लाइसेंस व प्रशिक्षण प्रदान करना है, तथा ड्रोन ऑपरेटर व पायलटों को प्रशिक्षण एवं लाइसेंस प्रदान करना भी है, इसके अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राज्य में आपदा शमन निधि के अंतर्गत एक परियोजना प्रबंधन यूनिट का गठन किया गया है व इसके अतिरिक्त राज्य के विभिन्न प्रकार के परियोजनाओं की समीक्षा करना एवं बजट उपलब्ध करवाना भी इस यूनिट का मुख्य कार्य है। राज्य सरकार द्वारा गत वर्ष ह्वड्ढष्ट स्द्धद्वद्वद्यड्ड के सहयोग से स्कूलों की सुरक्षा के निहित स्कूल सुरक्षा प्रबंधन सूचना तंत्र की शुरुआत करना है जिसमें कि राज्य के प्रत्येक स्कूलों के स्कूल आपदा प्रबंधन परियोजनाओं को मोबाइल ऐप आधारित सॉफ्टवेयर में निर्मित करना है जिसके अंतर्गत वर्तमान समय में 18,383 स्कूलों में से 9,910 स्कूलों ने अपने स्कूलों के आपदा प्रबंधन योजनाएं इस ऐप में तैयार कर ली है तथा बाकी कार्य भी प्रगति पर चल रहा है।

हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, शिमला राज्य में आपदाओं के उचित प्रबंधन एवं शमन के अंतर्गत राज्य एवं जिला स्तरों पर आपातकालीन नियंत्रण कक्षों के माध्यम से एक निशुल्क नंबर 1077 व 1070 की स्थापना भी की है, जिसमें कि आम-जन अपने क्षेत्र की आपदाओं से संबंधित जानकारी/शिकायत निशुल्क इस दूरभाष नंबर पर दर्ज करवा कर संबंधित निवारण तुरंत पा सकते हैं। एक अनुमान के अनुसार कोविड काल में हिमाचल प्रदेश में उपरोक्त निशुल्क दूरभाष नंबरों के माध्यम से लगभग 50,000 से अधिक आपदा संबंधी शिकायतों का तुरंत निवारण किया गया था जो कि अपने आप में एक कीर्तिमान है। यही नहीं गौरतलब रहे कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मंडी की कंप्यूटिंग साइंस एवं संगणक अभियांत्रिकी विभाग की टीम द्वारा हिमाचल प्रदेश के चार जिलों सिरमौर, कांगड़ा, मंडी और किन्नौर जिलों में वर्ष 2023 में कम लागत के भूस्खलन चेतावनी तंत्र पर आधारित लगभग 30 सेंसर स्थापित किए गए हैं। इसका एकमात्र उद्देश्य हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन से होने वाले नुकसान, सड़क दुर्घटनाओं एवं अन्य तरह के जान-माल के नुकसान व आवृत्ति को कम करना है।

अत: इसके लिए राज्य में आपदा प्रबंधन से संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। यहां न केवल आपदा प्रतिक्रिया तंत्र को सुदृढ़ करना है बल्कि तकनीकी, पूर्व चेतावनी तंत्र का विकास, व नई वैज्ञानिक विधियों का समावेश भी शामिल हो जिससे कि हिमाचल प्रदेश में आने वाले समय में इन विभिन्न प्रकार की आपदाओं से आम जन एवं बहुमूल्य प्राकृतिक संपदा व निजी संपदाओं की रक्षा की जा सके, जिससे कि प्रदेश की आर्थिक वृद्धि, प्रगति, पर्यावरण संरक्षण व सतत् विकास भविष्य में सुनिश्चित हो सके।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )

नजरिया

# खून के रिश्ते ही आते हैं काम

कहते हैं कि जब सहने वाले को सब्र आ जाए तो दु:ख देने वालों की औकात दो कोड़ी की रह जाती है, यह उक्ति शत प्रतिशत सही है। सब्र में बहुत शक्ति होती है, सब्र बहुत कुछ सीखा देता है, अंत हर चीज का होता है। एक समय ऐसा आ जाता है कि तमाम दुखों का अंत हो जाता है, लेकिन दुखदायी यादें ताउम्र रहती हैं। रिश्तों में वह मिठास नहीं रहती, क्योंकि समय निकल जाता है, लेकिन मन में एक टीस रहती है। सहनशीलता बहुत जरूरी है।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

दु:ख देने वाला खुश होता है, लेकिन दु:ख सहने वाला अभ्यस्त हो जाता है। नियति मानकर चलता रहता है। दु:ख सदा नहीं रहते हर काली रात के बाद सवेरा जरूर होता है। यह शाश्वत सत्य है किसी को दु:ख मत दीजिए, नफरत छोड़ दीजिए, प्रेम कीजिए। गिले शिकवे सदैव नहीं रहते, समय बलवान होता है। समय परिवर्तनशील है समय अच्छा बुरा चलता रहता है। कभी धूप कभी छावं होती है। सुख-दु:ख दुनिया की रीत है, जिसने सुख-दु:ख को समझ लिया, उसने जग जीत लिया समय में कई उतार चढ़ाव आते रहते हैं। समय बुरा भी आता है अच्छा भी आता है, लेकिन फितरती मानव स्वार्थी है स्वार्थ खत्म पहचान खत्म, रिश्ते खत्म कर देता है। खून के रिश्तों को तोड़ देता है । खून के रिश्ते ही काम आते हैं। समय एक जैसा नहीं रहता समय एवं परिस्थितियों में बदलाव होता रहता है राजा रंक बन जाते हैं और रंक राजा बन जाते हैं । एक पल में सब बदल जाता है।

अक्सर देखा गया है कि लोग कमजोर व लाचार लोगों को दु:ख देते हैं, लेकिन गरीब लोग हर चीज सहन कर लेता है मगर समय बहुत बुरा होता है चेहरे याद रखता है और गिन-गिन कर बदले लेता है। मुश्किल व मुसीबत में एक दूसरे के काम आना चाहिए, सहयोग करना चाहिए। समाज एक दूसरे का पूरक है एक दूसरे के सुख दु:ख में शामिल होना चाहिए। निस्वार्थ भाव व सच्ची भावना व मन से सबका साथ देना चाहिए। स्वार्थ की उम्र ज्यादा नहीं होती अवसान हो जाता है। अच्छे कर्म कीजिए, ताकि समाज सदियों तक याद करे एक मिशाल बनो। छुट-पुट मतभेद भुला कर समाज की संरचना करनी चाहिए, स्वस्थ समाज होगा तो हर आदमी स्वस्थ होगा। खुशनुमा वातावरण होगा, तो समाज समृद्ध हो जायेगा। समाज एक परिवार होता है हर आदमी के साथ अच्छा व्यवहार कीजिए, क्योंकि समाज अच्छा होगा, तो सुखद अनुभूति होती है। समाज प्रगति करता है समाज में फैली कुरीतियों को दूर करना चाहिए, एकजुट होकर सबका साथ देना चाहिए। आज रिश्ते सिमटते जा रहे हैं। अमीरी गरीबी की खाई बढ़ती ही जा रही है इस खाई को पाटना होगा। गांव से शहरों में पलायन हो रहा है, गांव के रिश्ते छूट रहे हैं, लोग आधुनिक बनते जा रहे हैं, लेकिन खून के रिश्ते पीढ़ियों तक जिंदा रहते हैं। रिश्तों की बेल अमर बेल होती हैं जो सदैव अमर रहती है। रिश्ते तोड़ना आसान नहीं होता, तोड़ दिए तो जोड़ना भी कठिन होता है । ( ये लेखक के निजी विचार हैं )

कविता



## मकोड़ी राणी

रविकुमार सांख्यान

*मकोड़ी राणी-मकोड़ी राणी,*
*बड़ी सयाणी मकोड़ी राणी,*
*प्यागा प्यागा आंखीं जे खोलियां,*
*काम्मा लगीरी देखी असें मकोड़ी राणी।*
*सदा संगठना साथे रैहणा,*
*येड़ा सखांदी मकोड़ी राणी ।*
*जे मिलिणे काम्मा कमांगे,*
*तोड़ी सकदे अंबरा रे तारे ।*
*ऐवरेस्ट बी चढ़ी सकदे प्यारे ।*

# अच्छा बनें, पर अपनी अच्छाई का प्रदर्शन न करें

गीता में लिखा है कि कर्म करो, फल की इच्छा मत रखो। आज का मनुष्य इसके विपरीत दिशा में चल रहा है। वह बुरा कर्म करता है, तो समझता है कि उसे किसी ने नहीं देखा। अत: वह निर्दोष है। इसके अतिरिक्त और भी अनेक तर्क अपने बचाव में देता है। उदाहरणतया वह कहता है, सभी तो ऐसा करते हैं, फिर उसने ऐसा कर दिया, तो इसमें गलत भी क्या है? आखिर जमाने के साथ तो चलना ही पड़ता है। इसके विपरीत मनुष्य जब कुछ अच्छा करता है, तो उसका प्रदर्शन भी बहुत चाव से करता है। जैसे मंदिर में यदि पंखा दान करेगा, तो उस पंखे पर अपना नाम पता लिखवा देगा। यदि किसी गरीब को भोजन, कपड़े आदि दान करेगा, तो ऐसा करते हुए अपना फोटो खीच कर उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित करेगा। भले ही इससे उस गरीब की भावनाएं आहत होती हों। कुछ संस्थाएं ऐसा इसलिए करती हैं, क्योंकि उन्हें अपनी आय-व्यय की सरकार या उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट देनी होती है। परंतु कुछ धनी व्यक्ति तो मात्र नाम, शान या दिखावे के लिए ऐसा करते हैं।

यहां तक कि कई बार लोग जब आशीर्वाद देते हैं, तो वह भी इस प्रकार बोलकर देते हैं, जिससे सामने वाले के साथ-साथ आसपास के लोगों को भी यह पता चल जाए कि वह उसके लिए कितना अच्छा सोचते हैं। वास्तव में अच्छा होना एक बहुत अच्छी बात है, परंतु इस बात का ढींढोरा पीटना या इसे सिद्ध करने का प्रयास करना, यह इसके प्रभाव को कम करने जैसा है। जिस प्रकार सत्य को सिद्ध करने की आवश्यकता नहीं होती, सत्य समय के साथ स्वयं उजागर हो जाता है। उसी प्रकार यदि आप अच्छे हैं, तो यह बात आपके आचरण से स्वत: ही प्रकट हो जाएगी। हो सकता है, यह दुनिया आपके दिखावे से प्रभावित हो जाए, परंतु ईश्वर आपको बाहरी दिखावे से नहीं, आंतरिक दृष्टिकोण से जानता है। उदाहरण के लिए यदि आप सदा सत्य बोलते हैं, तो इस बात को बार-बार सबको बताने की आवश्यकता नहीं है कि आप सदा सत्य बोलते हैं। इससे लोग आप पर विश्वास करने लगेंगे, यह जरूरी नहीं। उल्टा वे आपको गलत साबित करने के प्रयास में लग जाएंगे। इसलिए आप जो भी कार्य करें, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करें।



लेखक : यश गोरा
समीप डीडी लाइंस, योल कैंट

बदले में किसी प्रकार की इच्छा या फल की कामना कदापि न करें। यदि किसी को उपदेश भी दें, तो इस कारण से दें कि वे आपके द्वारा बताई जाने वाली अच्छी बातों का अनुसरण करें। आपके द्वारा दिए जाने वाले उपदेशों के कारण, वे आपको अच्छा व्यक्ति या धर्मात्मा समझने लगें, इस वजह से उपदेश न दें। यदि अच्छा कार्य करते हैं, तो कोशिश करें कि उस ईश्वर या परमात्मा को सिद्ध करें। स्वयं को सिद्ध करने का प्रयास तो बिलकुल न करें। वैसे तो अच्छा बोलने में कोई बुराई नहीं है, परंतु यहां अहंकार वश किए गए, अच्छे कार्यों को जताने की बात की जा रही है। मान लिजिए आपके किसी परिचित व्यक्ति के विषय में कोई व्यक्ति बात कर रहा है और आप उससे उस व्यक्ति की तारीफ करते हैं कि वह ऐसा व्यक्ति है। बाद में जाकर आप उस परिचित व्यक्ति को यह सब विस्तार पूर्वक बताते हैं, क्योंकि आपको यह लगता है कि उस तक यह बात कैसे पहुंचेगी, तो इसमें आपकी मंशा मात्र यह बताने की है कि आप उस व्यक्ति के हितैषी हैं।

हालांकि यह बताने की आवश्यकता न के बराबर है। हो सकता है, यह आपकी आदत हो, परंतु यदि ऐसा है तो आपको इस विषय में सोचना अवश्य चाहिए। ब्रह्माकुमारी शिवानी बहन भी बताती है कि यदि आप किसी के विषय में अच्छा सोचते हैं, तो आपकी तरंगे (वाइब्रेशंस) उस तक पहुंच जाती हैं और इससे उसे अच्छा एहसास होता है। बहुत से अन्य दार्शनिक भी यही कहते हैं कि हमें सबके प्रति अच्छी भावनाएं रखनी चाहिए। परंतु हमें इसके बदले में किसी प्रकार की अपेक्षाएं नहीं रखनी चाहिए। हमारी ऐसी अपेक्षाएं ही हमारे दुख का कारण बनती हैं। वास्तव में जब हम किसी के साथ कुछ अच्छा करते हैं, तो हम केवल मात्र एक माध्यम ही होते हैं। करन-करावनहार तो सदा परमात्मा ही होता है। इसलिए अगर इस बात को हम ध्यान में रखते हैं, तो अहंकार पनप ही नहीं सकता। परंतु इस बात को भूल हम स्वयं को कर्ता मान लेते हैं और इस बात का बखान करने लगते हैं। चाहे औरों से न भी करें, पर स्वयं से तो करते ही हैं। रिश्तेदारी में भी कुछ लोग इसी प्रकार का व्यवहार करते हैं। चर्चा इस प्रकार करते हैं कि देखो मैं तो सब के अच्छे बुरे में जाता हूं।

सबकी मदद भी करता हूं। ऐसा लगता है जैसे रिश्तेदारी निभाने का इन्होंने ठेका ले रखा है। ये तो सभी के साथ अच्छे हैं और बाकी सब इनके साथ अच्छे नहीं हैं। दुनियादारी की समझ भी केवल इन्हीं को है। बाकी तो इस दुनिया में केवल समय ही व्यतीत करने आए हैं। इंसान में यह भी एक कमी है कि अगर किसी पर थोड़ा सा भी एहसान करेगा, तो समय आने पर जताएगा भी जरूर। तभी तो कहते हैं कि किसी से मदद भी मांगों तो सोच समझ कर मांगनी चाहिए। हालांकि मदद करने वाले को यह सोच कर खुश होना चाहिए कि ईश्वर ने उसे इस लायक बनाया है कि वह किसी की मदद तो कर सकता है। असल में उसे अच्छा बनने का यह स्वर्णिम अवसर ईश्वर से ही प्राप्त हुआ है। बजाए इस बात पर खुश होने के, कि वह दूसरों की मदद कर रहा है, उसे ईश्वर का धन्यवाद करना चाहिए और साथ ही उस व्यक्ति का भी धन्यवाद करना चाहिए। परंतु बदलते समय ने इसान को भी काफी बदल कर रख दिया है।

इंसान तो किसी उत्सव विशेष में शगुन देने से पहले यह हिसाब लगाता है कि संबंधित व्यक्ति या परिवार की ओर से पहले उसे कितना शगुन आया था अथवा आगे भविष्य में कितना आ सकता है। इसके अतिरिक्त यदि अस्पताल में व्यक्ति किसी मित्र-संबंधी का कुशल-क्षेम लेने जाता है, तो फल, जूस या ऐसी ही कोई वस्तु लेकर जाता है, जो सबके देखने में आए। भले ही ऐसी वस्तुओं की पहले से ही उस रोगी के पास भरमार हो। ऐसा नहीं है कि इन सब वस्तुओं को ले जाना गलत है, परंतु यदि आवश्यकता के अनुरूप ऐसे व्यक्ति की आर्थिक मदद कर दी जाए, तो क्या यह बेहतर विकल्प नहीं है ? तब वह व्यक्ति दवाइयां, फीस, मेडिकल टेस्ट आदि के लिए व्यय कर सकता है।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक प्रखर विचारक, उत्कृष्ट संगठनकर्ता

**दीनदयाल** उपाध्याय भारतीय जनसंघ के नेता थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक प्रखर विचारक, उत्कृष्ट संगठनकर्ता तथा एक ऐसे नेता थे जिन्होंने जीवनपर्यंन्त अपनी व्यक्तिगत ईमानदारी व सत्यनिष्ठा को महत्त्व दिया। वे भारतीय जनता पार्टी के लिए वैचारिक मार्गदर्शन और नैतिक प्रेरणा के स्रोत रहे हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय मजहब और संप्रदाय के आधार पर भारतीय संस्कृति का विभाजन करने वालों को देश के विभाजन का जिम्मेदार मानते थे। वह हिंदू राष्ट्रवादी तो थे ही, इसके साथ ही साथ भारतीय राजनीति के पुरोधा भी थे। दीनदयाल की मान्यता थी कि हिंदू कोई धर्म या संप्रदाय नहीं, बल्कि भारत की राष्ट्रीय संस्कृति हैं। दीनदयाल उपाध्याय की पुस्तक एकात्म मानववाद (इंटीगरल ह्यूमेनिज्म) है जिसमें साम्यवाद और पूंजीवाद, दोनों की समालोचना की गई है। एकात्म मानववाद में मानव जाति की मूलभूत आवश्यकताओं और सृजित कानूनों के अनुरूप राजनीतिक कार्रवाई हेतु एक वैकल्पिक संदर्भ दिया गया है। पंडित दीनदयाल जी की संगठनात्मक कुशलता बेजोड़ थी। आखिर में जनसंघ के इतिहास में चिरस्मरणीय दिन आ गया, जब पार्टी के इस अत्यधिक सरल तथा विनीत नेता को सन 1968 में पार्टी के सर्वोच्च अध्यक्ष पद पर बिठाया गया। दीनदयाल जी इस महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी को संभालने के पश्चात जनसंघ का संदेश लेकर दक्षिण भारत गए। पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की हत्या सिर्फ 52 वर्ष की आयु में 11 फरवरी 1968 को मुगलसराय के पास रेलगाड़ी में यात्रा करते समय हुई थी। ■



दीनदयाल उपाध्याय
**जन्म :** 25 सितंबर, 1916
**मृत्यु :** 11 फरवरी, 1968

## अपनी बात

**बेरोजगारी** न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में एक बहुत ही गंभीर मुद्दा है। ऐसे सैकड़ों-हजारों लोग हैं जिनके पास रोजगार नहीं है। इसके अलावा, बढ़ती आबादी और नौकरियों की मांग के कारण भारत में बेरोजगारी की समस्या बहुत गंभीर है। इसके अलावा, अगर हम इस समस्या की उपेक्षा करते हैं, तो यह देश के विनाश का कारण बन जाएगा। अब हम जानते हैं कि बेरोजगारी क्या है, लेकिन बेरोजगारी का मतलब सिर्फ यह नहीं है कि व्यक्ति के पास नौकरी नहीं है। इसी तरह, बेरोजगारी में वे लोग भी शामिल हैं जो अपनी विशेषज्ञता से बाहर के क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। बेरोजगारी के विभिन्न प्रकारों में छिपी हुई बेरोजगारी, मौसमी बेरोजगारी, खुली बेरोजगारी, तकनीकी बेरोजगारी, संरचनात्मक बेरोजगारी शामिल हैं। इसके अलावा, कुछ अन्य बेरोजगारी चक्रीय बेरोजगारी, शिक्षित बेरोजगारी, अल्परोजगार, घर्षण बेरोजगारी, दीर्घकालिक बेरोजगारी और आकस्मिक बेरोजगारी हैं। इन सबसे ऊपर, मौसमी बेरोजगारी, अल्प बेरोजगारी और छिपी बेरोजगारी भारत में पाई जाने वाली सबसे आम बेरोजगारी है।

**शिवानी, सदरपुर**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत आवश्यक

खेल शिक्षा का अभिन्न अंग है। किसी भी बालक के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेल कूद होना बहुत आवश्यक है। इसके लिए प्राथमिक स्तर पर शिक्षक बिना किसी शारीरिक शिक्षक के बच्चों को खेलों की तैयारी करवाते हैं। इसके लिए आज तक प्राथमिक स्तर पर खेल कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन होता रहा है। यह आयोजन पाठशाला स्तर से लेकर राज्य स्तर तक होता आया है। जिसके लिए बच्चे पूरे उत्साह और जोश के साथ तैयारी करते हैं। वैसे भी प्राथमिक स्तर के बच्चे चंचल बुद्धि के होते हैं। उन्हें पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ खेलों में व्यस्त रखना बहुत आवश्यक है।

यह एक ऐसी उम्र होती है कि इस उम्र में बच्चे का अधिक से अधिक शारीरिक और मानसिक विकास होता है। अत: प्राथमिक कक्षा के बच्चों के लिए खेल कूद प्रतियोगिताओं का होना बहुत आवश्यक है, लेकिन हिमाचल प्रदेश सरकार ने इस बार प्राथमिक स्तर की खेलकूद प्रतियोगिताओं पर रोक लगाई हुई है। हर वर्ष सितंबर माह में प्राथमिक स्तर की खेलकूद प्रतियोगिताओं का आरंभ हो जाता था और अक्तूबर माह के अंत तक या नवंबर माह तक इन खेलों का राज्य स्तर तक समापन भी हो जाता था, लेकिन इस बार सरकार ने न जाने इन खेलकूद प्रतियोगिताओं पर क्यों रोक लगाई हुई है। प्राथमिक पाठशालाओं के अध्यापक सारे वर्ष बच्चों को खेलों की तैयारी करवाते हैं और बच्चे भी पूरे उत्साह और जोश के साथ इन खेलों में भाग लेते हैं ताकि खेल कूद प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी पाठशाला का नाम रोशन कर सकें। बच्चों के मां-बाप भी चाहते हैं कि उनका बच्चा पाठशाला में जाकर खेलों में भाग ले और वह शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ हो। कोई भी बालक मानसिक रूप से तभी स्वस्थ होगा, जब वह शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेगा।



लेखक : नरेंद्र कुमार शर्मा,
जोगिंद्रनगर, जिला मंडी

इसके लिए खेलकूद प्रतियोगिताओं का होना बहुत आवश्यक है। यदि हमने अपने बच्चों और युवाओं को बड़े खेल आयोजनों जैसे ओलंपिक, पैरालंपिक और एशियाई खेलों के लिए तैयार करना है तो हमें प्राथमिक स्तर से ही इसके लिए तैयारी करनी होगी। इस बार हमने देखा कि ओलंपिक स्तर पर हमारे देश के खिलाड़ी कुछ खास नहीं कर पाए। इन खेलों में कुछ एक देशों का ही दबदबा रहा। हमारा देश भारत दुनिया का सबसे बड़ी आबादी वाला देश है, लेकिन खेलों में हमारा निराशाजनक प्रदर्शन दुख की बात है। बच्चों में खेल की प्रतिभा का पता प्राथमिक स्तर पर ही लग जाता है और उसे आगे आने वाले आयोजनों के लिए तैयार किया जा सकता है। यदि सरकार प्राथमिक स्तर पर खेल कूद प्रतियोगिताओं पर पूरा ध्यान देने के लिए प्राथमिक शिक्षकों और बच्चों को प्रोत्साहित करें, तो निश्चित तौर पर हमारा देश भारत बड़े खेलकूद आयोजनों में भाग लेकर मैडल टैली में काफी ऊपर जा सकता है।

आज हमारा देश हर क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है, तो फिर हम खेलों में पीछे क्यों रहें। मीडिया में भी आए दिन खेलों के प्रति जागरूकता पैदा की जाती है, ताकि खेलों में भी हमारा देश आगे बढ़े। हिमाचल प्रदेश सरकार को प्राथमिक पाठशालाओं के बच्चों की खेलों पर लगी रोक को तुरंत हटा देना चाहिए, क्योंकि इस समय बच्चे खेल आयोजनों को लेकर अति उत्साहित हैं। प्राथमिक पाठशालाओं के अध्यापक इन खेलों के आयोजन के लिए अपने स्तर पर भी धन राशि का प्रावधान करते हैं। हिमाचल प्रदेश सरकार को बच्चों और अध्यापकों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए, इन खेलों को करवाने की अनुमति प्रदान करनी चाहिए। शिक्षा और खेल जीवन के ऐसे दो पहलू हैं, जिनके बिना मानव का संपूर्ण विकास संभव नहीं है। खेलों का इतिहास प्राचीन समय से ही रहा है। राजा महाराजा भी अपने समय में विभिन्न प्रकार की खेलों का आयोजन करवाते थे चाहे वह कुश्ती हो या घुड़सवारी आदि हो। खेल शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ मनोरंजन का भी साधन है।

जब बड़े खेल आयोजनों का आरंभ होता, तो देश और दुनिया की नजरें इन खेलों पर लगी रहती हैं और सभी लोग इन खेलों का आनंद उठाते हैं। केंद्र सरकार और राज्य सरकारें खेलों को बढ़ावा देने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत कर रही हैं। भारत सरकार भी भरसक प्रयास कर रही है कि हमारा देश भारत बड़े खेल आयोजनों में अधिक से अधिक मेडल जीते, जिससे कि देश का नाम रोशन हो।

हर देश का सपना होता है कि उस देश के खिलाड़ी अधिक से अधिक मेडल जीतें। इसके लिए हमें प्राथमिक स्तर पर ही अधिक से अधिक तैयारी करनी होगी। अत: हिमाचल प्रदेश सरकार को चाहिए कि प्राथमिक स्तर की खेलों के आयोजन की मंजूरी प्रदान की जाए।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### कबड्डी में पलाहोटा गांव के दो खिलाड़ियों का चयन



**अनंत ज्ञान, धनोट।** जिला मंडी के पलाहोटा गांव से इस बार राज्य स्तरीय स्कूली कबड्डी प्रतियोगिता में श्रीजल और करण का चयन हुआ है। इस समाचार से पूरे इलाके में खुशी की लहर दौड़ गई है। हाल ही में पड्डर में अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुई जिसमें कबड्डी के लिए इन दो खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता इस बार अक्तूबर महीने की 4 अक्तूबर से 7 अक्तूबर तक पांवटा साहिब के सीसे तारुवाला में संपन्न होगी। उल्लेखनीय है कि श्रीजल, एंजल पब्लिक स्कूल में 12वीं (नान मेडिकल) में पढ़ रहा है जबकी करण सीसे स्यांजी का 11वीं कक्षा का छात्र है। श्रीजल वर्तमान में सुंदरनगर जोन का कप्तान है जबकी करण बल्ह जोन का कप्तान है।

### संधोल को नशा मुक्त करने का लिया प्रण



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** संधोल में नशे की रोकथाम के लिए जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। मंडी जिला में नशा मुक्ति अभियान के तहत मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति, हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति और धर्मपुर नशा मुक्ति अभियान समिति ने अभियान चलाया है जिसके तहत वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला संधोल, कोठुवां, आईटीआई संधोल में नशे के खिलाफ जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। साक्षरता समिति की सचिव सुनीता विष्ट ने बताया कि उपायुक्त मंडी की अध्यक्षता में गठित नशा मुक्त भारत अभियान के तहत गठित जिला स्तरीय अभियान समिति में मंडी साक्षरता समिति भी एक सदस्य है और ये समिति मंडी जिला व विशेष तौर पर धर्मपुर उपमंडल में बढ़ते नशे के प्रभाव को रोकने के लिए अभियान चला रही है।

### डीएवी स्कूल में लेखकों ने बच्चों को सुनाई रचनाएं



**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** महादेव भीम बसेड़ू डीएवी पब्लिक स्कूल डडौर में हिंदी पखवाड़े के समापन पर हिंदी भाषा के उन्नयन हेतु सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर पाठशाला के बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। भाग लेने वाले बच्चों का विषय, उच्चारण, आत्मविश्वास, भाव, भाषा, विचार उच्च कोटि के थे। इस दौरान चार साहित्यकारों ने भी बच्चों के बीच अपनी रचनाएं और विचार साझा किए। प्रधानाचार्य शर्मा द्वारा आमंत्रित लेखकों का सम्मान किया और पौधे भेंट किए।

### डीसी मंडी ने बाल कवियों को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटगढ़ में अंडर -19 छात्राओं की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के अवसर पर उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन के द्वारा विद्यालय के बाल कवि नामक पुस्तक में अपना बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के बाल कवि पुस्तक के संपादक विद्यालय के शास्त्री अध्यापक नीरज कुमार ने कहा कि इस पुस्तक में विद्यालय के लगभग 16 बच्चों की बेहतरीन रचनाएं शामिल है। उपायुक्त मंडी ने बाल कवियों की सुन्दर लेख लिखने के लिए खूब सराहना की।

### युवक मंडल ने किया क्रिकेट नेट अभ्यास पिच का निर्माण




**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** बल्ह की ग्राम पंचायत दयारगी के सन शाइन युवक मंडल के युवाओं ने अपने जोश और बलबूते पर एक लाख रुपए की लागत से क्रिकेट नेट अभ्यास पिच का निर्माण किया है। इन युवाओं ने सामूहिक सोच और प्रयास से गांव में खेल का मैदान विकसित करके न केवल आजकल के इस दौर में नए जज्बे और जुनून को जन्म दिया है, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि क्षेत्र के युवा खेलों के प्रति उदासीन नहीं हैं। सन शाइन युवक मंडल छलखी के अध्यक्ष लवली ठाकुर ने बताया कि युवक मंडल के सदस्यों ने क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए क्रिकेट नेट अभ्यास पिच को बनाने का निर्णय लिया गया।

### नशा युवा पीढ़ी को कर रहा बर्बाद : दिनेश



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) डोहग में मंगलवार को 'शिवा फाउंडेशन फॉर ह्यूमैनिटी' संस्था के सहयोग से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नशे के दुष्प्रभावों और सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करना था। इस अवसर पर डीएसपी पधर, दिनेश कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष शिव वालिया, प्रधानाचार्य नवीन कुमारी, समूह अनुदेशिका वंदना, सभी प्रशिक्षक और प्रशिक्षु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीएसपी दिनेश कुमार ने अपने संबोधन में नशे के बढ़ते प्रकोप और इसके दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। शिवा फाउंडेशन फॉर ह्यूमैनिटी के अध्यक्ष शिव वालिया ने भी प्रशिक्षुओं को संबोधित किया।

### मंडी कॉलेज की लाइब्रेरी का स्तर प्रमाणित



**अनंत ज्ञान, मंडी।** उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा पुस्तकालयों की ग्रेडिंग व रेटिंग के लिए स्व मूल्यांकन दावा प्रमाणीकरण कमेटी द्वारा राजकीय वल्लभ महाविद्यालय मंडी के पुस्तकालय का दौरा किया गया। प्राचार्य डॉ. रिखीराम कोंडल (सरकाघाट), प्राचार्य डॉ. विजय कुमार कोंडल (बलद्वाड़ा) और लाइब्रेरियन प्यार चंद (सरकाघाट) पर आधारित टीम द्वारा उचित जांच पड़ताल करने के बाद स्तर चार (द्वितीय ग्रेड) प्रमाणित किया गया है।

# शॉर्ट सर्किट से धूं-धूं कर जली टैक्सी कार

**उमेश, सुंदरनगर**



कार धूं-धूं कर जलती हुई

जिला मंडी के एमडीआर सुंदरनगर-करसोग मार्ग पर जयदेवी से पीछे जट्टा-रा-नाल नामक स्थान पर एक टैक्सी कार नंबर एचपी-01-एम-2431 में शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि बीती सोमवार देर रात करीब 10 बजे मौके से गुजर रहे लोगों ने कार को जलते हुए देखा।

इस दौरान मौके पर चालक मौजूद नहीं था। वहीं लोगों ने जलती हुई कार का वीडियो अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया गया जो अब वायरल हो गया है। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि जब वह इस सड़क मार्ग से गुजर रहे थे तो एक कार को जलता हुआ देखा।

वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि कार धू-धू के जल रही है। मामले में टैक्सी चालक की पहचान विपिन शर्मा(55) पुत्र सुरेंद्र शर्मा निवासी मकान नंबर-42/4 डाकघर भोजपुर तहसील सुंदरनगर जिला मंडी के तौर पर हुई है। इस घटना में कार पूरी तरह से जल कर राख हो गई है। गनीमत यह रही कि टैक्सी कार में चालक के अतिरिक्त सवारियां मौजूद नहीं थी। इससे मौके पर बड़ा हादसा पेश आ सकता था। हादसे में चालक को हाथ, मुंह व सिर के बाल झुलसने से जलने के गांव आए हैं।



घायल चालक अस्पताल में उपचाराधीन।

बीबीएमबी अस्पताल में डॉक्टर ने प्रारंभिक उपचार के बाद घायल को श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज नेरचौक रेफर कर दिया गया। जहां उनका उपचार जारी है।

**हादसे में बाल-बाल बचा कार चालक, वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल**

मामले पर डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि पुलिस मामले को लेकर जांच कर रही है। कार के जलने से कोई हताहत नहीं हुआ है।

उन्होंने बताया कि कार चालक के दोनों हाथ, मुंह व सिर के बाल झुलसने पर उपचार के लिए बीबीएमबी अस्पताल में लाया गया था। जहां प्रारंभिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज नेरचौक रेफर किया गया है।

## अल्टो कार गिरी ड्राइवर घायल

**अनंत ज्ञान, करसोग।** कामाक्षा मार्ग पर करसोग स्कूल चौराहे के समीप मंगलवार को एक बड़ा हादसा होने से बच गया। एक अल्टो कार एचपी 30 6883 तेज रफ्तार से करसोग से काओ के तरफ जा रही थी कि तभी करसोग स्कूल के पास उपरोक्त गाड़ी अनियंत्रित होकर नाले में गिर गई।

उक्त वाहन की काफी स्पीड होने के कारण चारों तरफ तेज चक्कर काटकर काफी तेज गति से सड़क किनारे गड्ढे में गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया। संयोग से उस समय सड़क पर कोई गाड़ी व सवारी वहां से नहीं गुजर रही थी, नहीं तो बहुत से लोग गंभीर रूप से घायल हो गए होते। हादसे में सिर्फ वाहन चालक को छोटे आई हैं इसके अलावा किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है। किसी प्रकार का कोई जान माल का नुकसान नहीं हुआ है, वहीं करसोग पुलिस ने मौके आकर छानबीन शुरू कर दी है।



क्षतिग्रस्त गाड़ी।

# जर्जर सड़क ने छीन ली जान समय पर नहीं पहुंच पाई एंबुलेंस

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर मंगलवार को मंडी जिले के जोगिंद्रनगर तहसील के हंवड़ खड्डियार गांव में रहने वाले रोहित कुमार ने सड़क की बदहाली को अपने पिता की मौत का जिम्मेदार ठहराया है। रोहित का कहना है कि उनके पिता की जान बचाई जा सकती थी यदि समय रहते उन्हें चिकित्सा सुविधा मिल जाती, लेकिन गांव की मुख्य सड़क की खराब हालत के कारण एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंच पाई, जिससे उनका समय पर इलाज नहीं हो सका।

रोहित कुमार ने बताया कि 6 साल पहले हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग द्वारा हंवड़ खड्डियार बस्ती के लिए सड़क का निर्माण किया गया था। लेकिन, आज तक इस सड़क की कोई मरम्मत या देखभाल नहीं की गई है, जिसके चलते यह अब बेहद खराब स्थिति में पहुंच चुकी है। गांव के हर परिवार के लिए यह सड़क उनके जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है, क्योंकि यह मुख्य रास्ता है जो उन्हें बाहर की दुनिया से जोड़ता है।

रोहित कुमार के पिता की तबीयत 19 सितंबर को अचानक बिगड़ गई थी। प्राथमिक उपचार के बावजूद उनकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हो रहा था, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाने का निर्णय लिया गया। लेकिन जब एंबुलेंस बुलाने का प्रयास किया गया, तो वह जर्जर सड़क के कारण समय पर गांव नहीं पहुंच सकी।

**परिजनों ने प्रशासन पर लगाया लापरवाही का आरोप**

रोहित कुमार ने लोक निर्माण विभाग और स्थानीय प्रशासन पर भी अनदेखी का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि यह समस्या नई नहीं है, बल्कि गांव के लोग पिछले कई सालों से सड़क की मरम्मत की मांग कर रहे हैं। लेकिन आज तक उनकी इस मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

स्थानीय पंचायत सदस्य मनमोहन ठाकुर ने भी विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि गांव की सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि लोग पैदल चलने से भी कतराते हैं। कई बार इस मुद्दे को विभाग के अधिकारियों के समक्ष उठाया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री और संबंधित अधिकारियों से अपील की है कि इस मामले की जांच की जाए।

# मारपीट की शिकायत लेकर युवक पहुंचा एसपी के द्वार

**अनंत ज्ञान, मंडी**

बीते 18 तारीख को सकरोहा गांव के पुरुषोत्तम कुमार और उसके दो मित्रों के साथ कुछ युवकों ने बिना बात से मारपीट कर दी जिसके कारण युवक पुरुषोत्तम को भारी चोटें आई और घायल भी हुआ। जिसकी शिकायत एसपी मंडी साक्षी वर्मा को दी।

पुरुषोत्तम ने बताया कि बीते 18 तारीख को उन्हीं के गांव के एक पुलिस जवान और उनके छोटे भाई और एक साथी के साथ रोका और अभद्र भाषा का प्रयोग किया और शराब के नशे में तीनों युवकों द्वारा डंडे से पिटाई कर दी जिसमें पुरुषोत्तम गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया और मनीष, विशन को सिर बाजू पर चोटें आई और दोनों जान बचाकर भाग गए। जब गागल पुलिस चौकी पहुंचा जहां पर पुलिस ने सुनवाई नहीं की। पुरुषोत्तम ने बताया कि उसके उपरांत वह रत्ती पुलिस थाना गया वहां से जब गागल पुलिस चौकी को फोन किया तब गागल पुलिस ने रत्ती अस्पताल में मेडिकल करवाकर प्राथमिक उपचार करवाया। एसपी मंडी ने बताया कि मामला ध्यान में आया है और पीड़ित द्वारा शिकायत दी गई है। मामले की जांच की जाएगी।

## कोटली कॉलेज की लाइब्रेरी की हुई जांच

**अनंत ज्ञान, कोटली।** उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा पुस्तकालयों की ग्रेडिंग व रेटिंग के लिए स्व मूल्यांकन दावा प्रमाणीकरण कमेटी द्वारा राजकीय महाविद्यालय के पुस्तकालय में जांच पड़ताल की गई।

बता दें कि प्राचार्य डॉक्टर रिखीराम कोंडल (सरकाघाट), प्राचार्य डॉक्टर विजय कुमार कोंडल (बलद्वाड़ा) और लाइब्रेरियन प्यार चंद (सरकाघाट) की संयुक्त टीम ने जांच पड़ताल कर लाइब्रेरी का ग्रेड प्रमाणित किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ प्रियदर्शिनी, लाइब्रेरियन कविता मल्होत्रा उपस्थित रहे।

# रास्ता रोककर जान से मारने की धमकी, पुलिस को दी शिकायत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

नगर परिषद सरकाघाट की वार्ड नंबर 4, कलस (जमसाई) के निवासी प्रदीप कुमार ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। प्रदीप ने अपनी शिकायत में बताया कि 21 सितंबर 2024 को रवि कुमार ने उनके साथ मारपीट की थी।

इसके बाद, अगले दिन 22 सितंबर 2024 को रवि कुमार ने रास्ता रोककर उन्हें जान से मारने की धमकी दी और गाली-गलौच की।प्रदीप कुमार के अनुसार, रवि कुमार ने उन्हें उस रास्ते से गुजरने से मना किया और धमकाते हुए कहा कि अगर वह वहां से गुजरे तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। प्रदीप कुमार ने आरोप लगाया कि रवि कुमार उन्हें लगातार प्रताड़ित कर रहा है, जिससे उनका जीवन असुरक्षित महसूस हो रहा है।प्रदीप ने पुलिस से इस मामले में तुरंत कार्रवाई करने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने मामले की पुष्टि की है।

## पंचायत स्तर पर प्रधान सुलझाएं ग्रामीणों के झगड़े : डीएसपी

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर मंगलवार को पुलिस थाना जोगिंद्रनगर में पहुंचे डीएसपी पधर दिनेश कुमार ने थाने में पहुंचे विभिन्न प्रकार के मामलों का भी समाधान करते हुए पंचायत प्रतिनिधियों से भी ग्रामीणों के झगड़े सुलझाने का आह्वान किया।

उन्होंने थाने की अपराधिक गतिविधियों के अलावा मौके पर मौजूद लोगों से भी मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और थाने के अधिकारियों और जवानों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने जोगिंद्रनगर उपमंडल के दर्ज अपराधिक मामलों की जानकारी दी।

## जमा दो के पुनर्मूल्यांकन परिणाम में छात्राओं ने हासिल की पोजिशन

**अनंत ज्ञान, करसोग**



अध्यापकों के साथ छात्राएं सामूहिक चित्र में।

उपमंडल करसोग स्थित राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेरी बंगलो की दो प्रतिभाशाली छात्राओं ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की ओर से बारहवीं कक्षा के लिए मार्च, 2024 के पुनर्मूल्यांकन परिणाम में टॉप 10 में स्थान हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य यादेश गुप्ता ने बताया कि परीक्षा परिणाम में प्रियंका पुत्री बोध राज ने 500 में से 479 अंक व संजना वर्मा पुत्री नरेश कुमार ने 500 में से 479 अंक प्राप्त करके 9वां स्थान प्राप्त किया है।

इसके अलावा बाहरवीं कक्षा की चार छात्राओं प्रियंका, संजना वर्मा, अंशिका व सुहानी वर्मा ने छात्रवृति योजना में स्थान हासिल कर स्कूल के का नाम रोशन किया है।

## व्यापार मंडल सुंदरनगर लगाएगा रक्तदान कैंप

**सुंदरनगर।** व्यापार मंडल सुंदरनगर में बुधवार को सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन करने जा रहा है। इस शिविर का आयोजन सुबह 11 से शाम 3 बजे तक किया जाएगा।

रक्तदान शिविर का आयोजन पूर्व में व्यापार मंडल के सचिव एवं कारोबारी स्वर्गीय नवीन महाजन की अचानक मृत्यु होने के कारण उनकी स्मृति में किया जा रहा है। शिविर का आयोजन एसडीएम सुंदरनगर गिरीश समरा करेंगे। व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि शिविर में सभी सहयोग कर अपना रक्तदान करेंगे।

# जागरूकता से प्राकृतिक आपदा से बचा जा सकता है

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



बैठक की अध्यक्षता करते हुए तहसीलदार सदर नरेंद्र शर्मा।

आपदा जोखिम न्यूनीकरण व आपदा जोखिम से निपटने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी के सौजन्य से डीआरडीए हॉल में समर्थ कार्यक्रम के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला तहसीलदार सदर नरेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में शुरू हुई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन तहसीलदार सदर नरेंद्र शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण और जागरूकता से ही प्राकृतिक आपदा के प्रभाव को कम कर, इससे बचा जा सकता है, जिसके लिए हम सभी का जागरूक होना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य ऐसे युवा स्वयंसेवकों की टास्क फोर्स तैयार करना है जो आपदा के दौरान अपना संपूर्ण सहयोग प्रदान कर भूकम्प, भूस्खलन जैसी विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं के चुनौतीपूर्ण समय में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर आपदा से होने वाले जानमाल के नुकसान को कम करने में अपनी भूमिका निभा सके। उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित स्वयंसेवियों को जलभराव, भूस्खलन, बाढ़ व आगजनी के समय बरती जाने वाली विभिन्न सावधानियों व किसी भी आपदा के दौरान तुरंत प्रतिक्रिया के बारे में जानकारी प्रदान की। स्वयंसेवियों को सुरक्षित व भूकंपरोधी भवन निर्माण के अतिरिक्त आपदा के समय प्रथम उपचार के बारे में भी जानकारी प्रदान की।

## नवोदय चयन परीक्षा की आवेदन तिथि 7 अक्तूबर तक

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह सत्र 2025-26 के लिए कक्षा छठी में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है।

प्रधानाचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह के प्रधानाचार्य एसडी शर्मा ने बताया कि कक्षा छठी की चयन परीक्षा सत्र 2025-26 की ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 7 अक्तूबर तक बढ़ा दी गई है। जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह, मंडी में छठी कक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## पनारसा कॉलेज की लाइब्रेरी का किया निरीक्षण




लाइब्रेरी के प्रमाणीकरण टीम के साथ लाइब्रेरियन व अन्य स्टाफ।

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा पुस्तकालयों की ग्रेडिंग व रेटिंग के लिए स्व. मूल्यांकन दावा प्रमाणीकरण कमेटी द्वारा राजकीय महाविद्यालय पनारसा के पुस्तकालय का निरीक्षण किया गया।

प्राचार्य डॉक्टर रिखीराम कोंडल (सरकाघाट), प्राचार्य डॉक्टर विजय कुमार कोंडल (बलद्वाड़ा) और लाइब्रेरियन प्यार चंद (सरकाघाट) की संयुक्त टीम द्वारा जांच पड़ताल के बाद लाइब्रेरी का ग्रेड प्रमाणित किया गया।

इस मौके पर प्राचार्य डॉ. उरसेमलता, लाइब्रेरियन बिंदु सूर्यवंशी व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## दिल्ली में 28 को होगा हिमाचली मिलन

**सुनील शर्मा, गोहर।** नई दिल्ली हिमाचल मंडी जनकल्याण सभा दिल्ली द्वारा सैर महोत्सव के उपलक्ष्य में अपना 63वां वार्षिक कार्यक्रम 28 सितम्बर को प्रात: 10 बजे से शाह ऑडिटोरियम, दिल्ली गुजराती समाज, राज निवास मार्ग, दिल्ली में हिमाचली मिलन के रूप मनाया जा रहा है।

सभा के प्रधान केआर वर्मा ने बताया कि इस दौरान सभा की सामाजिक गतिविधियों एवं अन्य रोचक जानकारियों की एक स्मारिका का भी विमोचन किया जाएगा।

## एनएसएस ने 55वां स्थापना दिवस मनाया



कार्यक्रम के दौरान सामूहिक चित्र में गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी की एनएसएस इकाई ने 55वां एनएसएस स्थापना दिवस भव्य रूप से मनाया। मुख्यातिथि मंडी के एडीएम, डॉ. मदन कुमार रहे, जिन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में एनएसएस स्वयंसेवियों को जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का संदेश दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. सुरीना शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। मुख्यातिथि द्वारा स्वयंसेवियों को रक्तदान और अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि मेले में ट्रैफिक व्यवस्था में सहयोग देने के लिए प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

एनएसएस स्वयं सेवियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसमें भारतीय संस्कृति की झलक और उसे संरक्षित करने का संदेश दिया गया।

**सौगात** स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के तहत सरकार दे रही है डेढ़ लाख रुपए

# जोगिंद्रनगर में 73 परिवारों ने बनाए आशियाने

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

प्रदेश सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान अकेले जोगिंद्रनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में ही 73 पात्र परिवारों को मकान निर्माण के लिए लगभग 1 करोड़ 9 लाख रुपए की राशि व्यय की है।

जोगिंद्रनगर के गांव सेरी के रमेश चंद, ग्राम पंचायत नेर घरवासड़ा के हंसराज, ग्राम पंचायत सैंथल पड़ैन के गांव स्तैन निवासी रमेश चंद, गांव त्रामट निवासी संजू कुमार, ग्राम पंचायत बदेहड़ निवासी बिहारी लाल, ग्राम पंचायत पीपली के कुराटी निवासी ज्ञान चंद, कस गांव के प्रताप सिंह, ग्राम पंचायत ब्यूंह की मंगली देवी, ग्राम पंचायत धार के पाबो निवासी राम सिंह, ग्राम पंचायत ऊपरीधार के गांव छंछेहड़ निवासी शेर सिंह जैसे कई नाम हैं जिनके लिए सरकार की स्वर्ण जयंती आश्रय योजना पक्का मकान निर्मित करने में मददगार साबित हुई है। (अनंत ज्ञान)



स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के तहत बना हुआ एक घर।

### किन्हें मिलती है सहायता

स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के तहत अनुसूचित जाति/जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग परिवारों के सदस्य, जिनकी वार्षिक आय समस्त साधनों से 50 हजार रुपए से अधिक न हो, जिनके नाम राजस्व रिकार्ड में मकान निर्माण के लिए कम से कम 2 विस्वा भूमि उपलब्ध हो, मकान कच्चा हो, सरकार की किसी योजना के तहत मकान निर्माण को आर्थिक सहायता प्राप्त न की हो तथा जिनके पास अपना मकान न हो तो सरकार ऐसे जरूरतमंद लोगों को मकान निर्माण को दो किस्तों में कुल एक लाख 50 हजार रुपए की अनुदान राशि मुहैया करवाती है।

### 2023-24 में 73 परिवारों को मिला लाभ : चंदन वीर

**इस** संबंध में तहसील कल्याण अधिकारी जोगिंद्रनगर चंदन वीर सिंह का कहना है कि प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र में स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के तहत कुल 73 परिवारों को लाभान्वित कर लगभग 1 करोड़ 9 लाख रुपए का अनुदान प्रदान किया है।

## बोलने से पहले अपनी भाषा पर गौर करें मंडी की सांसद : ब्रह्मदास

**मंडी।** सांसद कंगना रनौत मानसिक रूप से कमजोर हो चुकी है। यह बात कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान ने कही। सांसद होने के बावजूद अपने शब्दों की मर्यादा नहीं समझ पा रही है। आपदा के समय में प्रदेश की केंद्र सरकार से मदद करने की बजाए उसे कैसे रुकवाया जाए, इसी पर सांसद का फोकस रहा है। सुक्खू सरकार ने अपने वित्तीय प्रबंधन की कुशलता से आज प्रदेश को अपने स्तर पर आपदा होने के बावजूद मजबूत किया है। कंगना रनौत ने सोनिया गांधी और प्रदेश सरकार को लेकर घटिया बयानबाजी की है।



# मुख्य डाकघर में लिफाफों का अकाल

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

यहां पर स्थित मुख्य डाकघर में पिछले कई महीनों से डाक भेजने के लिए लिफाफों का अकाल चल रहा है। इस कारण से डाक भेजने वालों को भारी परेशानी तो उठानी ही पड़ रही है साथ में उन्हें सामान्य लिफाफा खरीदने के बाद डाक टिकट लगाकर महंगी दरों पर अपना काम चलाना पड़ रहा है। यही नहीं पिछले दिनों राखी के त्यौहार के दौरान विशेष लिफाफे भी यहां पर कम पड़ गए थे। तब भी लोगों ने बाजार से सामान्य लिफाफे खरीद कर डाक टिकट लगाकर महंगे में काम चलाया था। ऐसा लगता है शायद इन लिफाफों का मुद्रण ही बंद हो गया है।

पता चला है कि डाक लिफाफों की सप्लाई मार्च महीने से ही नहीं आ रही है। लोग जब भी मुख्य डाकघर के टिकट काउंटर पर पहुंचते हैं तो उन्होंने यही कहा जाता है कि लिफाफे नहीं है। टिकट यहां से ले लीजिए और लिफाफा बाजार में स्टेशनरी की दुकान से खरीद लें।

**सामान्य लिफाफों से महंगी पड़ रही है डाक**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

बाजार में सामान्य लिफाफा दो, तीन या पांच रुपए का मिलता है जिस पर डाक टिकट तो निर्धारित मूल्य का लगाना ही पड़ेगा। ऐसे में जहां पहले डाक टिकट के साथ ही लिफाफा नि:शुल्क मिल जाता था। अब इसके लिए लोगों को दो से 5 रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं। इसके चलते डाक भेजना महंगा पड़ रहा है।

मंडी के लिए किसी दूसरे जिला के मुख्य डाकघर से भी लिफाफे मंगाए गए थे जो कि अब खत्म हो चुके हैं। बता दें कि गत दिनों राखी के त्योहार पर विशेष लिफाफों की भी यहां कमी पड़ गई थी। तब भी बहनों को ऐसे ही सामान्य लिफाफे से काम चलाना पड़ा था। मौके पर ही टिकट काउंटर के पास भोपाल सिंह, अमरचंद, सुभाष, रजनी व कांता ने बताया कि वे यहां से टिकट लेकर जा रहे हैं अब बाजार से लिफाफा खरीद कर डाक भेजेंगे।

डाकघर के मुख्य डाकपाल चमन ठाकुर और ट्रेजरार प्रकाश चंद्र ने बताया कि लिफाफे की मांग लुधियाना स्थित मुख्यालय को मार्च महीने में भेजी गई थी। उसके बाद बार-बार वहां संपर्क साधकर स्मरण भी करवाया जा रहा है लेकिन वहां से सप्लाई नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों कुल्लू से लिफाफे मंगाकर लोगों को सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### एनएसएस के स्वयंसवेकों ने की सफाई




**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंगाणा में एनएसएस स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवियों ने विद्यालय के प्रांगण व बगीचे की सफाई की। प्रधानाचार्य सुरजीत सिंह ने स्वयंसेवकों को एनएसएस के स्थापना की जानकारी देते हुए कहा कि एनएसएस के स्वयंसेवकों को अनुशासन में जीवन जीने, समाजसेवा, कमजोर की सहायता करने के साथ मेहनत से पढ़ाई भी करनी चाहिए। इस अवसर पर एनएसएस के स्वयंसेवकों ने स्वच्छता पर रैली निकाली और स्वच्छता को सशक्त करने का संदेश दिया। स्वच्छता पखबाड़ा के अंतर्गत सफाई व्यवस्था के बारे भी बच्चों को जागरूक किया गया। इस पर उपप्रधानाचार्य जितेंद्र शर्मा, सुरेश मंडयाल, रेवती रमन, रमेश कुमार, इंदु वाला, चंपा देवी, रीता देवी, मनोहर लाल, अनु वाला, जीवन आया, शशिपाल स्नेह, दीपक शर्मा, नितीन व बलदेव कलसी मौजूद रहे।

### एनएसएस दिवस धूमधाम से मनाया




**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल में एनएसएस दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर स्वयंसेवकों को एनएसएस के बारे जानकारी दी गई जिसमें एनएसएस के स्वयंसेवकों को अनुशासन में रहने, समाजसेवा, जरूरमंद की सहायता करने, सभी गतिविधियों में भाग लेने के साथ मेहनत से पढ़ाई करने के टिप्स दिए गए। इस अवसर पर एनएसएस के स्वयंसेवकों ने स्वच्छता पर रैली निकाली। इस दौरान पाठशाला के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा, अधीक्षक रजनी शर्मा, एनएसएस जिला को-आर्डिनेटर एवं कार्यक्रम अधिकारी मुकेश कुमार, सुनीता कुमारी, अनु शर्मा, राजन कुमार, विनोद ठाकुर, सुरेश ठाकुर, संदीप कुमार, रमणीक कुमार, मनोज कुमार, सुशील कुमार उपस्थित थे।

### बंगाणा कॉलेज में स्वच्छता अभियान चलाया



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** युवा कार्यक्रम एवम खेल मंत्रालय, भारत सरकार के आदेशानुसार नेहरू युवा केंद्र ऊना एवं एनएसएस यूनिट व ए वीबीपी कॉलेज बंगाणा के संयुक्त तत्वावधान में कॉलेज परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं नेहरू युवा केंद्र ऊना के जिला युवा अधिकारी द्वारा उपस्थित स्वंयसेवकों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम मे कॉलेज एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सिकंदर नेगी, नेहरू युवा केंद्र के सहायक रतन लाल, अक्षय शर्मा एवं बंगाणा कॉलेज के 40 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### अप्पर भंजाल में पोषण माह मनाया

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** आंगनबाड़ी केंद्र गुगा बस्ती अप्पर भंजाल में सातवां राष्ट्रीय पोषण माह मनाया गया। वृत्त पर्यवेक्षिका रमा कुमारी ने महिलाओं को बताया कि सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने पौष्टिक आहार युक्त व्यंजन बनाए थे और उनकी प्रदर्शनी भी लगाई थी और सभी महिलाओं को पौष्टिक आहार भी दिया गया और अनुप्रिया के बेटे को अन्नप्राशन भी दिया गया। इस मौके पर प्रधान ग्राम पंचायत कैलाश नगर दर्शना देवी, को-ऑर्डिनेटर भारती देवी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सोनिया ठाकुर, वीना रानी, विजय कुमारी, रानी देवी, रेणु वाला, समस्त सर्कल कार्यकर्ता व आशा वर्कर विशेष रूप से उपस्थित रहीं।



### एड्स जागरूकता अभियान के तहत अंब में कार्यक्रम




**विवेक शर्मा, अंब।** नेहरू युवा केंद्र ऊना (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) तथा चिंतपूर्णी विकास समिति अंब के संयुक्त तत्वाधान में अंब मे एड्स जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का थीम एड्स को जानिए व एड्स से बचिए रहा। सितंबर माह से अक्तूबर माह तक चलने वाले इस अभियान के अंतर्गत आज के इस कार्यक्रम में एड्स वायरस तथा संक्रमण से संबंधित जानकारी दी गई व उससे बचाव के विभिन्न तरीकों को भी बताया गया। इस कार्यक्रम में चिंतपूर्णी विकास समिति के संस्थापक अध्यक्ष अश्वनी कुमार धीमान विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष चिंतपूर्णी विकास समिति शादी लाल, दिनेश ठाकुर, कमल, नीरज, सुनीता कुमारी, सोनिया, नताशा, इशिता ठाकुर, अंकिता, कोमल, राजेश, तनु, अंजली, नरेंद्र कोर, शैली ठाकुर, महिमा, मीनाक्षी, सिमरन, राजकुमारी, प्रियंका तथा संजना आदि ने भाग लिया।

### दौलतपुर कॉलेज में मनाया एनएसएस दिवस




**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय दौलतपुर चौक में एनएसएस का स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. युद्धवीर सिंह पटियाल ने शिरकत की जिन्होंने एनएसएस के महत्व के बारे में एनएसएस के स्वयंसेवियों को बताया। इस कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रियंका और प्रो. राम दत्त ने एनएसएस के आदर्श वाक्य इसकी शुरुआत, इसके जनक इत्यादि के बारे में वॉलंटियर को जानकारी दी।

### डीडीएम स्कूल के होनहार खेलेंगे नेशनल प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** गगरेट क्षेत्र के प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान डीडीएम इंटरनेशनल स्कूल के छात्र नमन शर्मा, अनमोल वर्मा व विनायक का राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन देखते हुए हरियाणा राज्य में आयोजित करवाई जाने वाली नेशनल लेवल बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में चयन किया गया है। इस मौके पर चयनित छात्रों ने स्कूल प्रबंधन का आभार जताया और स्कूल के प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा, उपप्रधानाचार्य डॉ. सौरभ शर्मा व शारीरिक शिक्षा अध्यापक जतिंदर राणा में चयनित छात्रों को सम्मानित किया।



# किसानों की आर्थिकी को सुदृढ़ करेगी मुख्यमंत्री कार्प मत्स्य पालन योजना

## किसानों, युवाओं और मछली पालन में रुचि रखने वालों के लिए सुनहरा अवसर : डीसी

**राजेश शर्मा, ऊना**

मछली पालन अब सिर्फ आमदनी का सहायक साधन भर नहीं है, बल्कि यह एक प्रमुख आर्थिक गतिविधि के रूप में स्थापित हो चुका है, जो स्थायी आजीविका और समृद्धि का माध्यम बन सकता है। इसमें भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने ग्रामीण आर्थिकी को सशक्त करने और बेरोजगार युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री कार्प मत्स्य पालन योजना की शुरुआत की है। यह योजना प्रदेश में न केवल मछली पालन को प्रोत्साहित करेगी, बल्कि ग्रामीण आर्थिकी को भी एक नया आधार प्रदान करेगी, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

प्रदेश के मात्स्यिकी विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही इस योजना में किसानों को कार्प मत्स्य पालन के तालाब निर्माण के लिए इकाई लागत पर 80 प्रतिशत सब्सिडी का प्रावधान है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने अपने बजट भाषण में इस योजना की घोषणा की थी।

**परियोजना के दीर्घकालिक लाभ :** योजना के अंतर्गत प्रत्येक लाभार्थी को मछली पालन के लिए 0.05 हेक्टेयर से 1 हेक्टेयर तक की इकाइयां स्वीकार्य होंगी। तालाब निर्माण के लिए दी जाने वाली सब्सिडी दो किस्तों में जारी की जाएगी। लाभार्थियों को परियोजना के पूरा होने के बाद कम से कम सात साल तक तालाब का रखरखाव करना होगा और मछली पालन जारी रखना होगा। मत्स्य पालन विभाग के साथ एक समझौता भी किया जाएगा, जिसमें परियोजना से जुड़े नियमों और शर्तों का पालन अनिवार्य होगा।

**क्या कहते हैं उपायुक्त :** उपायुक्त जतिन लाल का कहना है कि मुख्यमंत्री का पारंपरिक खेती को मजबूत करने के साथ-साथ ऐसे विकल्प प्रदान करने पर जोर है, जो ग्रामीणों को दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता और युवाओं को स्वरोजगार के साधन प्रदान कर सकें। उन्होंने कहा 'हम जिले में इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए मत्स्य पालन विभाग के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। यह योजना किसानों, युवाओं और मछली पालन में रुचि रखने वालों के लिए एक सुनहरा अवसर है। (अनंत ज्ञान)



ऊना जिले में सीएम फिश पाउंड का जायजा लेते हुए। (फाइल फोटो)

### बेरोजगार युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

मुख्यमंत्री कार्प मत्स्य पालन योजना विशेष रूप से उन बेरोजगार युवाओं के लिए आकर्षक है, जो स्वरोजगार की तलाश कर रहे हैं। ऊना जिले के मत्स्य पालन विभाग के उपनिदेशक विवेक शर्मा ने बताया कि अधिक से अधिक किसानों और युवाओं को इस योजना से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। आवेदन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर लिए जाएंगे और प्राथमिकता बेरोजगार युवाओं को दी जाएगी। योजना में शामिल होने के लिए आवेदकों को जिला मत्स्य विभाग के अधिकारियों से संपर्क करना होगा और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

### 8 जिलों में हो रहा कार्यान्वयन

योजना को प्रारंभिक चरण में हिमाचल प्रदेश के ऊष्ण जलीय 8 जिलों में लागू किया गया है, जिसमें ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, चंबा, मंडी, सोलन, और सिरमौर शामिल हैं। मात्स्यिकी विभाग के निदेशक एवं प्रारक्षी (मत्स्य) विवेक चंदेल ने बताया कि यह योजना राज्य की मछली पालन क्षमता को उभारने और कृषि से जुड़े लोगों को एक नया आय का स्रोत प्रदान करने की दिशा में कारगर सिद्ध होगी। इस योजना के तहत मछली पालन के लिए प्रति हेक्टेयर 12.40 लाख रुपए की लागत तय की गई है। इसमें 8.40 लाख रुपए तालाब निर्माण के लिए और 4 लाख रुपए प्रथम वर्ष की आदान लागत के रूप में शामिल हैं। कुल इकाई लागत पर 80 फीसदी सब्सिडी का प्रावधान है। मछली तालाबों की न्यूनतम स्वीकार्य इकाई प्रति लाभार्थी 0.05 हेक्टेयर और अधिकतम स्वीकार्य इकाई प्रति लाभार्थी एक हेक्टेयर क्षेत्र होगी।

# सीएम करेंगे तीन दिवसीय माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ऊना जिले के अंब में 26 से 28 सितंबर तक होने जा रहा तीन दिवसीय माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे। शुभारंभ कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री विशिष्ट अतिथि और चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू विशेष अतिथि होंगे। यह जानकारी उपायुक्त ऊना एवं आयुक्त श्री चिंतपूर्णी देवी मंदिर जतिन लाल ने दी।

उपायुक्त ने बताया कि 26 सितंबर को माता श्री चिंतपूर्णी जी की पावन ज्योति का स्वागत करने के उपरांत सायं 4 बजे मेला मैदान अंब में महोत्सव का विधिवत शुभारंभ करेंगे। यह महोत्सव धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विविधताओं का अद्भुत संगम होगा, जिसमें स्थानीय तथा बाहरी पर्यटकों की बड़ी संख्या में भागीदारी करेंगे। मुख्यमंत्री पहले दिन की सांस्कृतिक संध्या में भी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। महोत्सव के दूसरे दिन 27 सितंबर की सांस्कृतिक संध्या में हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के उपाध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री रैंक) आरएस बाली मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में विधायक सुदर्शन बबलू होंगे।

28 सितम्बर को महोत्सव के समापन अवसर पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मुख्य अतिथि के रूप में और सुदर्शन बबलू विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### महोत्सव की विशेष थीम

जिला प्रशासन ने महोत्सव को सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए विशेष थीम के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। 26 सितंबर की संध्या को सुख आश्रय दिवस के रूप में, 27 सितंबर की संध्या को वृद्ध जन दिवस के रूप में और 28 सितंबर की संध्या को दिव्यांग जन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इन थीम्स का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता बढ़ाना है।

**ये होंगे प्रमुख आकर्षण :** माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव की सांस्कृतिक संध्याओं में स्थानीय कलाकारों समेत देश दुनिया के नामी कलाकार प्रस्तुतियां देंगे, जो इस महोत्सव का प्रमुख आकर्षण होंगी। 26 सितंबर की संध्या को सूफी गायक सतिंद्र सरताज अपने लोकप्रिय गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। 27 सितंबर को प्रसिद्ध पंजाबी गायक लखविंद्र वडाली अपने सुरों का जादू बिखेरेंगे और 28 सितम्बर को कुलविंद्र बिल्ला अपनी प्रस्तुति से समापन संध्या को यादगार बनाएंगे।

इसके अलावा, हिमाचली कलाकारों में कुमार साहिल, राखी गौतम, नितिन कुमार, अर्शप्रीत कौर, अनुज शर्मा, ममता भारद्वाज जैसे नामचीन कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियों से महोत्सव को अविस्मरणीय बनाएंगे। इसके अलावा हर दिन खेल गतिविधियां, सामाजिक जागरूकता और मनोरंजक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

## श्रमदान करके सड़क का काम पूरा किया

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** महिला मंडल समूह भुगड़ियान और यहीं के वैष्णो भक्त मंडल द्वारा श्रमदान करके गांव की सड़क का निर्माण किया।



यह निर्माण कार्य लेबर का पैसा पूरा होने के कारण बीच में रुक गया था, जिसे महिला मंडल और समाज सेवकों ने मिलकर पूरा कराया। इसमें महिला मंडल समूह की प्रधान सरिता शर्मा, सचिव अनु देवी, कोषाध्यक्ष वीना देवी, वैष्णो भक्त मंडल के राजेश, नरेश, वीरेंद्र सुमन और पूर्व बीडीसी पवना देवी ने भी श्रमदान किया।

## एनएसएस दिवस पर दिव्य सूद ने लिखा सबसे बढ़िया नारा

**विवेक शर्मा, अंब**

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर स्थानीय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता विषय पर आधारित एक नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुखदेव व डॉ. कुमारी सुजाता की देखरेख में आयोजित की गई।

इस प्रतियोगिता में 15 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।इस प्रतियोगिता के माध्यम से सभी प्रतिभागियों ने सभी लोगों को तक स्वच्छता संदेश पहुंचाने का प्रयास किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दिव्या सूद, द्वितीय स्थान पर राजेश कुमार, तृतीय स्थान पर सेजल शर्मा और चौथे स्थान पर साल्वी ठाकुर रहीं। विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य महोदय प्रो. दर्शन कुमार द्वारा मेरिट सर्टिफिकेट के साथ सम्मानित किया। इस दौरान सभी स्वयंसेवियों के साथ महाविद्यालय के प्राध्यापक व गैर प्राध्यापक उपस्थित रहे।




अंब में एनएसएस दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी।

## कांग्रेस आरक्षण विरोधी आरक्षण को चाहती है खत्म करना : बलवीर सिंह



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** जिला भाजपा अध्यक्ष बलवीर सिंह ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के अमेरिका में दिए आरक्षण विरोधी बयान के लिए जमकर आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि खुद तो राहुल गांधी को कोई समझ है नहीं और जो उनके सलाहकार उन्हें समझाते हैं, वह वैसा ही बोलते हैं। बलबीर सिंह ने कहा कि कांग्रेस का इकोसिस्टम आरक्षण के विरोध में है और वे लगातार गलत जानकारी प्रसारित करते हैं कि इन वर्गों को सौ प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है, जबकि सच्चाई यह है कि यदि 100 पोस्टर निकलती है तो उसमें 15 अनुसूचित जाति वर्ग को और आठ अनुसूचित जनजाति वर्गों को आरक्षित होती हैं।उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अमेरिका में बयान दे रहे हैं कि कांग्रेस आने वाले समय में आरक्षण को खत्म कर देगी जो कि उनकी इन वर्गों के प्रति घृणा को दर्शाता है। इस अवसर पर बलवीर सिंह, सीता राम चौधरी और बृजमोहन आदि उपस्थित रहे।

## भरवाई स्कूल में एनएसएस के स्थापना दिवस का धूमधाम से हुआ आयोजन

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरवाईं की एनएसएस इकाई द्वारा विद्यालय के प्रांगण में एनएसएस दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों ने एनएसएस के इतिहास, महत्व व जीवन में एनएसएस के उद्देश्यों के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया। एनएसएस दिवस के मुख्यातिथि स्थानीय स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्योति प्रज्जवलन व सरस्वती वंदना से किया गया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों के द्वारा भाषण, सद्भावना गीत, लक्ष्य गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत में मुख्यातिथि ने सभी स्वयंसेवकों व विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा उन्होंने एनएसएस प्रोग्राम अधिकारी सुनील कुमार व महिला प्रोग्राम अधिकारी रेनू सरोच व एनएसएस स्वयंसेवकों को इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस मौके पर प्रवक्ता राकेश कुमार, राजीव कौशल, राजीव कुमार, कुमारी शैलजा, बलभद्र, ललित मोहन, संजीव कुमार, सुरेश कुमारी, पंकज, रजनीश कुमार, अनिता भारद्वाज, मनोज कुमार, किरण बाला, सुनील कुमार, आरती, रानी, रेणु, कृष्ण चंद, इंदु बाला, रविंद्र सिंह, अनिल आदि मौजूद रहे।



# मदली में लड़कियों की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगता शुरू

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र शिक्षा के साथ-साथ खेल एवं अन्य गतिविधियों का हब बने। युवा वर्ग नशे को त्यागकर खेल प्रतियोगताओ में भाग लें और जीवन को सार्थक करें। ये शब्द कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने सीसे स्कूल मदली में जिला स्तरीय अंडर 19 लड़कियों की खेल प्रतियोगता में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करके अपने संबोधन में कहे।

विधायक विवेक शर्मा का स्कूल मदली पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया और ज्योति प्रज्वलित करके सबसे पहले मुख्य तिथि द्वारा झंडा फहराया गया। और फिर मंच से स्कूल प्रिंसिपल देवेंद्र चौहान एवं स्टाफ द्वारा मुख्य तिथि विवेक शर्मा को समानित किया गया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। वही विभिन्न स्कूलों से आए खिलाड़ियों ने मुख्य तिथि को मार्चपास्ट की सलामी दी।

वहीं, विवेक शर्मा ने मंदली सकल के खेल मैदान को स्टेडियम का रूप देने के लिए 15 लाख देने की घोषना की। प्रार्थना सभा ग्राउंड को बेहतर बनाने के लिए 5 लाख विधायक निधि से देने की घोषणा की। खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए विधायक विवेक शर्मा ने 51 सौ रुपए निधि से अलग देने की घोषणा की और जो भवन निर्माण उक्त स्कूल में हो रहा है, उस कार्य और ज्यादा तेजी लाने के विभाग को आदेश दिए।

वहीं, स्कूल परिसर में विधायक विवेक शर्मा ने पौधरोपण करके स्वच्छ वातावरण रखने का संदेश भी दिया। इस मौके पर स्कूल प्रिंसिपल देवेंद्र चौहान, स्कूल स्टाफ अभिभावक और सरकारी कर्मचारी मौजूद रहे। उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंदली में चल रही लड़कियों की जिला स्तरीय अंडर 19 खेल प्रतियोगिता में जिले के 65 स्कूलों के 580 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



कार्यक्रम में पौधरोपण करते विधायक।

# हटली क्लब में श्री रामलीला की रिहर्सल पूरी, मंचन 3 से



रामलीला के लिए रिहर्सल करते कलाकार।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के श्री राम नाटक क्लब हटली ने 66वीं शुद्ध रामायण मंचन के लिए रिहर्सल पूरी कर ली है और अब तीन अक्तूबर से श्री होने वाली श्री रामलीला की तैयारियों में जुट गई है। क्लब के प्रधान मदन सोनी और महासचिव संजय सोनी ने बताया कि 3 से 12 अक्तूबर तक श्री राम नाटक क्लब हटली के कलामंच पर होने वाली शुद्ध रामायण मंचन की रिहर्सल पूरी हो चुकी है, जिसमें श्री राम जी की भूमिका में अवनीश होंगे।

वहीं, दिनेश खत्री लक्ष्मण, तरुण कौशल सीता, श्री रामलीला संचालक विपन साजन श्री हनुमान, परशुराम, मारीच खर आदि भूमिकाओं में नजर आएंगे। वहीं, संजय सोनी-दशरथ और रावण की भूमिका में तो मदन सोनी सुग्रीव की भूमिका में होंगे। विवेकशील शर्मा-श्रवण कुमार और केवट आदि भूमिका में तो विवेक सोनू-मेघनाथ की भूमिका में दिखेंगे। वहीं, कमलदेव शास्त्री, सुरेश शर्मा, किशन देव शर्मा हंसराज, अंकुश वर्जाता, आदित्य शर्मा, आदित्य सोनी दस दिनों तक चलने वाली श्री रामलीला की पूरी व्यवस्था देखेंगे। संजय सोनी ने बताया कि हटली कलामंच पर होने बाली श्री रामलीला में दर्शकों के लिए बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था, चायपान की व्यवस्था भी हर वर्ष की जाती है। वहीं, हर वर्ष रामलीला के विराम पर 18 वर्ष से कम आयु वाले बच्चों को श्री रामायण से संबंधित प्रश्न पूछकर उन्हे इनाम भी दिए जाते हैं। हर दिन श्री रामलीला का समय आठ से 12 बजे तक रहेगा।

दशहरे पर 10 से दो बजे तक छोटे बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए मंच प्रदान किया जाता है। 3 से 5 बजे तक रामायण मंचन होता है। श्री राम और श्री लक्ष्मण द्वारा रावण, मेघनाथ, कुंभकर्ण का संहार होने के बाद उनके पुतले दहन किए जाते हैं। रात आठ बजे दोबारा श्री रामलीला का मंचन शुरू करके प्रभु श्री राम जी को राजतिलक करके प्रोत्साहन के तौर पर कलाकारों को इनाम बांटे जाते हैं। इसके बाद हवन यज्ञ करके समाज के लिए शांति और सुख-समृद्धि मांगी जाती है। वहीं, श्री रामलीला कार्यक्रम में महिला विंग की अध्यक्ष ज्योति वरजाता, महामंत्री बबीता साई की टीम का अहम योगदान रहता है।

## जुआ खेलते हुए चार व्यक्ति रंगे हाथों पकड़े

**विवेक शर्मा, अंब।** पुलिस थाना अंब के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुबारिकपुर में शाम के समय डिप्टी एसपी हेडक्वार्टर अपने पुलिस के जवानों के साथ होटलों की चैकिंग करने कर रहे थे। मुबारिकपुर से थोड़ा पीछे एक होटल मे पहुंचे तो होटल के कमरे में चार व्यक्ति ताश खेल रहे थे, उनके सामने बेड पर ताश के पते व कुल 121000 रुपए बरामद किए गए। इस संदर्भ में उपरोक्त शेर मोहम्मद पुत्र नजीम मोहम्मद गांव डगोह खास तहसील घनारी जिला ऊना व तीन अन्य के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करके आगामी अन्वेषण जारी हैं। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी अंब बसुधा सूद ने कहा कि चार व्यक्तियों के विरुद्ध जुआ खेलने की धारा 13ए-3-67 के तहत मामला दर्ज करके जांच पड़ताल जारी है




अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517
सूचना

**मैं, नं. 14562886K** एक्स हवलदार बलवीर सिंह (60 वर्ष) पुत्र लखमी चंद निवासी गांव भलेती, डाकघर डोहगी, तहसील बंगाणा, जिला ऊना (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि गलती से मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी बेटी का नाम रूपम कुमारी दर्ज हो गया है जबकि उसका सभी दस्तावेजों में सही नाम रूपम चौधरी दर्ज है। कृपया मेरे सर्विस रिकॉर्ड में भी मेरी बेटी का सही नाम रूपम चौधरी दर्ज किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517
सूचना

**मैं, राकेश कुमार (48 वर्ष)** पुत्र श्री सुच्चा सिंह निवासी गांव बौल डाकघर खुरवाईं, तहसील बंगाणा, जिला ऊना (हि.प्र.) यह घोषणा करता हूं कि मेरी लड़की चरनजीत कौर (18 वर्ष) जोकि मेरे कहने-सुनने से बाहर है और उसने श्री रमन कुमार (23 वर्ष) पुत्र राम किशन निवासी गांव टांडा डाकघर बल्ह, तहसील बंगाणा, जिला ऊना (हि.प्र.) से अपनी मर्जी से शादी कर ली है। इसलिए मैं अपनी लड़की को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। सभी संबंधित नोट करें।

## न्यूज ब्रीफ

### एनएचपीसी चरण-दो में स्वच्छता रन का आयोजन



**कुल्लू।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-दो की ओर से स्वच्छता रन का नगवाईं कार्यालय परिसर में आयोजन किया गया। इस अवसर पर अरविंद कौशिक, उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं डॉ. मीरा जैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने इस कार्यक्रम का आरंभ झंडा फहराकर किया। इस अवसर पर अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा संविदा कर्मचारियों ने भाग लिया।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं के लिए आवेदन

**आनी।** सीडीपीओ कार्यालय आनी के तहत विभिन्न केंद्रों पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं के पद भरे जाने हैं। इसके लिए पात्र महिला उम्मीद्वार 15 तक सादे कागज पर सभी वांछित प्रमाण पत्रों के साथ सीडीपीओ कार्यालय आनी में आवेदन दे सकती हैं। कुल 7 पद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और 17 पद सहायिकाओं के भरे जाने हैं। इस संबंध में साक्षात्कार एसडीएम कार्यालय में 18 और 19 अक्तूबर को सुबह 10 बजे आयोजित किए जाएंगे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद जाबन पंचायत के खोई केंद्र, शिल्ली में खदेहड़, बटाला में बटाला केंद्र, करशैईगाड में बालू, रोपा में थाच, मुहान में कुईंर और कराड़ में कोठी केंद्र पर भरे जाने हैं। इसी तरह शिल्ली के खदेहड़, कोहिला में नगोट, खणी के शगागी, लझेरी के बगतोरी, खनाग के जांओ आदि में आंगनबाड़ी सहायिकाओं के पद भरे जाएंगे।

### 40 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर कमाया पुण्य



**मनाली।** युवा संस्था जिला कुल्लू व राष्ट्रीय सेवा योजना हरिपुर ईकाई की ओर से संयुक्त रूप से राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर हरिपुर कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 40 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। एनएसएस हरिपुर ईकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर जीत राम ने बताया कि एनएसएस दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर में पहली बार रक्तदान शिविर करने वाले विद्यार्थियों व युवाओं मे खासी रूचि देखने को मिली साथ ही लड़कियों में रक्तदान करने का जुनून भी दिखा। रक्तदान शिविर में मुख्यातिथि के तौर पर हिमालयन सीवियर संस्था के अध्यक्ष व समाजसेवी हरिश व कॉलेज के प्राचार्य रोमेश चंद्र ने शिरकत की। मुख्यातिथि ने एनएसएस के ध्वज का ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

### खाडागाड़ के किनारे जमा प्लास्टिक किया एकत्रित



**बंजार।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार में एनसीसी और रोवर्स-रेंजर्स के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता की भागीदारी कार्यक्रम के अंतर्गत रिवर बैंक सफाई ड्राइव का आयोजन किया गया। इस अभियान के दौरान कॉलेज के निकट बहने वाली खाडागाड़ खड्ड के किनारे जमा प्लास्टिक और अन्य कचरे को एकत्रित किया। इस अभियान में नगर पंचायत बंजार ने अपनी भागिदारी निभाई। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रेणुका थपलीयाल ने बताया कि इस सफाई अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इस अभियान का थीम 'भारतीय संस्कृति से जोड़ते हुए भारतीय नदियां संस्कृति की जननी' था। इस अभियान में 39 एनसीसी कैडेट्स, 8 रोवर्स और 12 रेंजर्स ने भाग लिया। एनसीसी सीटीओ प्रो. टीकम राम, रोवर्स लीडर प्रो. अंशुल शर्मा, रेंजर लीडर डॉ. हेमलता और नगर पंचायत की ओर से कनिष्ठ अभियंता गोपाल और हितेश कर्मचारियों सहित आदि ने सहयोग दिया। प्राचार्या ने बताया कि इस कार्यक्रम की दूसरी कड़ी में एनसीसी कैडेट्स द्वारा उनकी अध्यक्षता में 'भारतीय नदियां संस्कृति की जननी' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संस्कृत विभाग की अध्यक्ष डॉ. हेमलता उपस्थित रहीं।

### अंग्रेजी विषय में छात्रों के लिए नए अवसर

**बंजार।** बंजार कॉलेज में अंग्रेजी विभाग के विद्यार्थियों के लिए विशेष करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अंग्रेजी मेजर के प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल और अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को स्नातक के बाद अंग्रेजी विषय में उपलब्ध करियर विकल्पों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रेणुका थपलियाल ने विद्यार्थियों से कहा कि उन्हें अपनी क्षमताओं का मूल्यांकन करना चाहिए और अपने लक्ष्य को पाने के लिए समर्पित रहना चाहिए।

### साबर अपराध एवं सुरक्षा विषय पर दिया व्याख्यान

**आनी।** आनी कॉलेज में एकदिवसीय साइबर क्राइम सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार बतौर रिसोर्स पर्सन उपस्थित रहे। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. कुंवर दिनेश सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। सब इंस्पेक्टर सुनील ने साबर अपराध एवं सुरक्षा विषय पर छात्रों को अपना व्याख्यान प्रदान किया। उन्होंने वर्तमान समय में होने वाले साइबर अपराधों और उनसे बचाव के तरीकों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। कॉलेज एंटी साइबर क्राइम सेल के समन्वयक डॉ. संगीता नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज एंटी साइबर क्राइम सेल तथा पूर्व छात्र संघ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

### नाटक से दिया नशे से दूर रहने का संदेश

**कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में एनएसएस दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। एनएसएस के स्वयंसेवकों ने नाटकों का गुलदस्ता पेश कर नशे से दूर रहने का संदेश दिया। इस दौरान स्टूडेंट्स ने क्लासिकल डांस, पहाड़ी नाटी, पुरानी फिल्मी गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की जमकर वाहवाही लूटी। इसमें प्राचार्य डॉ. मनदीप शर्मा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के शासनकाल में 24 सितंबर, 1969 को एनएसएस की स्थापना हुई है। इसका उद्देश्य युवाओं को देश प्रेम, सेवा भाव की शिक्षा देना है। इस दौरान उन्होंने अपने जीवन से जुड़े कई संदर्भों को सुनाया। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. खेमचंद्र ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान अंजली ग्रुप ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। एनएसएस के प्रति विद्यार्थियों में रूझान जागृत करने के उद्देश्य से डाक्यूमेंट्री दिखाई गई। नेहा ने क्लासिक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को तालियां बजाने के लिए विवश कर दिया।

# तीन गांवों के ग्रामीणों ने प्रशासन को दिया तीन दिनों का अल्टीमेटम

## मांगे नहीं मानी तो 29 सितंबर को मलाणा प्रोजेक्ट का काम किया जाएगा बंद

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

मणिकर्ण घाटी के मलाणा में स्थित चौहकी, बलाधी और पोहल गांव के ग्रामीणों का धरना आठवें दिन भी जारी रहा। आठ दिन बीत जाने के बावजूद भी न तो जिला प्रशासन ने ग्रामीणों की मांगों पर कोई गौर किया और न ही मलाणा पावर प्रोजेक्ट प्रबंधन के द्वारा उनकी कोई सुनवाई की जा रही है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को तीन दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर प्रशासन या प्रोजेक्ट प्रबंधन की तरफ से ग्रामीणों की मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो ऐसे में तीनों गांव के समस्त ग्रामीण मिलकर आक्रोश रैली निकाल कर मलाणा प्रोजेक्ट का सारा काम बंद कर देंगे। जिला मुख्यालय ढालपुर पहुंचे महादेव युवक मंडल के सलाहकार लीलाधर ने बताया कि मलाणा डैम फटने के चलते तीनों गांवों को खासा नुकसान हुआ और अब लगभग दो महीने बीत जाने के बाद भी सरकार ग्रामीणों की मांग के प्रति बिलकुल भी गंभीर नहीं नजर आ रही है। लीलाधर का कहना है कि जब वह प्रोजेक्ट प्रबंधन से बात करने के लिए जाते हैं, तो अधिकारी उनसे मिलने से भी मना कर रहे हैं, जबकि सबसे पहले प्रोजेक्ट प्रबंधन की जिम्मेदारी है कि वह ग्रामीणों को राहत प्रदान करें।

ऐसे में ग्रामीणों की कोई सुनवाई न होता देख अब अंतिम निर्णय लिया गया है कि तीन दिनों के भीतर या तो उनकी मांगों को पूरा किया जाए या फिर सभी ग्रामीण मिलकर मलाणा पावर प्रोजेक्ट का कार्य बंद कर देंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रोजेक्ट प्रबंधन और प्रदेश सरकार की होगी।



महादेव युवक मंडल के सदस्य डीसी कुल्लू से मिल कर अपनी मांगों को रखते हुए, ग्रामीणों का धरना आठवें दिन भी रहा जारी।

# मोदी का आनी को बड़ा तोहफा, 676 पक्के मकानों की मंजूरी : आशीष शर्मा

**अनंत ज्ञान, आनी**

- केंद्र ने 16,000 पक्के मकान 2,300 करोड़ रुपए सड़कों के निर्माण के लिए किए थे आवंटित

प्रदेश की आनी विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 676 पक्के मकानों की मंजूरी मिलने पर आईटी विभाग मंडी संसदीय क्षेत्र के आईटी संयोजक आशीष शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि हिमाचल मोदी के दिल के करीब है और उनके विकास के प्रति वे हमेशा तत्पर रहते हैं। आशीष ने कहा कि इस योजना से विधानसभा के वंचित और पिछड़े वर्गों, विशेष रूप से अनुसूचित जाति और महिलाओं के लिए बहुत बड़ी सौगात मिली है। इस योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को 1.50 लाख रुपए की राशि तीन किस्तों में दी जाएगी, जिससे उनका पक्का मकान का सपना साकार होगा। पिछले साल की आपदा के बाद भी केंद्र सरकार ने प्रदेश को 16,000 पक्के मकान और 2,300 करोड़ रुपए सड़कों के निर्माण के लिए आवंटित किए थे, लेकिन राज्य सरकार ने इस राशि का समुचित उपयोग नहीं किया। आशीष ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आनी खंड की 37 पंचायतों में 340 पात्र परिवार तथा निरमंड की 32 पंचायतों में 336 परिवार आवास योजना से लाभान्वित होंगे। आशीष ने कहा कि कंद्र सरकार की ओर से चलाई प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक लाख तीस हजार रुपए प्रति परिवारों के लिए पहली किस्त जारी हो चुकी है, जबकि अन्य पात्र व्यक्तियों को भी पहली किस्त जारी करने की प्रक्रिया जारी है। इसके अलावा मनरेगा के तहत 95 दिन का कार्य उक्त सभी पात्र व्यक्तियों को आवास योजना के लिए मिलेंगे। मनरेगा के दिनों से उक्त लाभार्थी शौचालय निर्माण का कार्य कर सकते हैं। मोदी सरकार का पूरे हिमाचल के साथ आनी विधानसभा क्षेत्र के लिए यह एक बहुत बड़ा तोहफा है।

# नवोदय विद्यालय में ऑनलाइन एग्जाम की तारीख बढ़ाई

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

प्रदेश में नवोदय विद्यालय में ऑनलाइन एग्जाम की तारीख 7 अक्तूबर तक बढ़ा दी है।

नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर जानकारी साझा की गई है । नवोदय विद्यालय समिति द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में छठी कक्षा के लिए आनलाइन फार्म आमंत्रित किए गए हैं। पहले समिति द्वारा 16 सितंबर अंतिम तारीख घोषित की गई थी, मगर ऑनलाइन साइट स्लो होने के कारण अनेक बच्चे फार्म भरने से वंचित रह गए थे इसलिए फार्म भरने की तिथि 7 तक बढ़ा दी गई है। छात्र अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य से अटेस्टेड फार्म के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। सरकारी प्राथमिक पाठशाला के बच्चों सहित सरकार से मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूल के बच्चे भी नवोदय में छठी कक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। छात्र पांचवीं कक्षा में ही होना चाहिए। वहीं ऑनलाइन आवेदन कर सकता है।

### दूसरी बार नहीं कर सकते आवेदन

**कोई** भी छात्र दूसरी बार आवेदन नहीं कर सकता। छात्र जिस जिला का रहने वाला है, वह उसी जिला में आवेदन कर सकता है। अगर छात्र मंडी जिले का रहने वाला है व कुल्लू जिले में पढ़ रहा है, तो वो ऑनलाइन आवेदन नहीं कर सकता। 31 जुलाई के बाद चौथी कक्षा से पांचवी कक्षा में गए छात्र भी आवेदन नहीं कर सकते। समिति के नियम के अनुसार छात्र 31 जुलाई से पहले प्रमोट हुए बच्चे ही आवेदन कर सकते हैं ।

# नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता ने बच्ची को दिया जन्म

**आनी ।** जिला कुल्लू के निरमंड स्थित एक गांव में एक नाबालिग दुष्कर्म पीड़ित लड़की ने एक बच्ची को जन्म दिया है। पुलिस ने इस मामले में शिकायत के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है और पोक्सो एक्ट की धारा 6 भी जोड़ी गई है। पुलिस के अनुसार 17 साल की पीड़ित लड़की ने बीते रोज घर में परिजनों को बताया कि उसे पेट में दर्द हो रही है, जिस पर परिजन उसे स्थानीय अस्पताल लेकर गए, यहां चैकअप के बाद चिकित्सकों ने उसे खनेरी अस्पताल रेफर किया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में लड़की ने एक बच्ची को जन्म दिया। पीड़ित लड़की के बयान पुलिस ने दर्ज किए हैं। लड़की ने पुलिस को बताया कि बीते जनवरी माह में गोविंद पुत्र तारू राम निवासी बड़ीधार ने उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद मार्च माह में फिर से आरोपी ने लड़की के साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म की इन वारदातों से लड़की गर्भवती हुई और अब उसने बच्ची को जन्म दिया है। एसपी डॉ. कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने प्रयास तेज कर दिए हैं।

# जिला परिषद का उपचुनाव 29 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति में जिला परिषद सिस्सू (वार्ड -6) के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए मतदान कर्मियों के लिए प्रथम रिहर्सल का आयोजन जिला परिषद भवन के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया गया। रिहर्सल कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी राहुल कुमार ने की।

जिला परिषद सिस्सू (वार्ड-6) के लिए 29 को सुबह 8 से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। जिला परिषद सिस्सू वार्ड की-04 पंचायतों सिस्सू, खंगसर, कोकसर और गौंधला में मतदान के लिए कुल 20 पोलिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने मतदान कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान से संबंधित सभी प्रक्रियाओं की पूर्ण जानकारी होना अति आवश्यक है, ताकि किसी भी स्तर पर किसी प्रकार की कोई त्रुटि न हो। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और त्रुटि रहित चुनाव करवाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने मतदान कर्मियों से कहा कि मतदान प्रक्रिया में प्रयोग होने वाले विभिन्न प्रपत्रों को भरने के बारे पूर्वाभ्यास करें। आपसी अनुभव से भी हमें एक-दूसरे से सीखने का मौका मिलता है और अगर किसी प्रक्रिया के बारे में किसी को कोई शंका है, तो दूसरे मतदान कर्मियों से इस बारे चर्चा करें और जानकारी लें। मतदान कर्मियों के लिए 27 को दूसरी रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा और उसी दिन मतदान पार्टियों को मतदान केंद्रों के लिए रवाना कर दिया जाएगा। इस अवसर पर पंचायत इंस्पेक्टर अंकित कपूर ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से 50 मतदान अधिकारियों और 25 पीठासीन अधिकारियों को मतदान प्रक्रिय की पहलुओं व सावधानियों पर जानकारी प्रदान दी।



जिला परिषद सिस्सू के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए मतदान कर्मियों के लिए आयोजित प्रथम रिहर्सल के दौरान डीसी सहित अन्य अधिकारी।

# सरकारी योजनाओं का लाभ नागरिकों तक पहुंचाने के लिए करें पूर्ण प्रयास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति की तिमाही बैठक डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में जिला बचत भवन कुल्लू के सभा कक्ष में आयोजित की गई।

बैठक की सह अध्यक्षता अजित कुमार पटनायक मंडल प्रमुख, पंजाब नेशनल बैंक, मंडी ने की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी ने सभी से आग्रह किया कि वह समस्त सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के सीमांत नागरिकों तक पहुंचाने के लिए पूर्ण प्रयास करें। इसके लिए जागरूकता अभियान बढ़ाने का प्रयास करें तथा वित्तीय साक्षरता कैंप समय-समय पर विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए लगाएं। किसी भी विभाग की यदि कोई बड़ी बैठक होती है, तो वे अपने बैंक कि स्कीम तथा इसका लाभ लेने की प्रक्रियाओं के बारे में जाकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को जानकारी दें। महिला सशक्तिकरण तथा युवाओं के उद्यमिता विकास के लिए सरकार की ओर से चलाई जा रही समस्त योजनाओं तथा ऋण स्कीम के बारे में जनता तक जानकारी पहुंचाने के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। डीसी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के पहले तिमाही जून-2024 के दौरान लक्ष्य हासिल करने पर बैंक को बधाई दी एवं भविष्य में बैंकों से गुणवत्ता के आधार पर अधिक से अधिक ऋण प्रदान करने का आह्वान किया साथ ही सभी बैंकों को ऋण जमा अनुपात में उत्तरोत्तर वृद्धि करने का निर्देश दिया। उन्होंने बैंकों में अनर्जक आस्तियों पर चिंता व्यक्त की तथा वसूली में प्रशासन की ओर से सहयोग की बात की। अजित कुमार ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए सभा को संबोधित किया एवं सभी बैंकों एवं विभागों के पदाधिकारियों को आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करते हुए जून तिमाही 2024 के लक्ष्य को प्राप्त करने पर बधाई दी। उन्होंने बताया कि जून में बैंकों में जमा राशि 10166.87 करोड़ एवं कुल ऋण 4484.69 करोड़ है।



# होटल के कमरे से 28 हजार रुपए चुराकर शातिर फरार

**कुल्लू।** मणिकर्ण घाटी के कसोल स्थित एक होटल के कमरे में ठहरे हुए एक पर्यटक के हजारों रुपए चुराने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार कसोल के एक होटल में मुंबई के पर्यटक के 28 हजार रुपए और कपड़े चुराकर एक शातिर फरार हो गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रोहन निवासी मकान नंबर 96 नजदीक जीचोल मछली बाजार मुंबई ने मणिकर्ण थाने में शिकायत की है कि वह होटल की ऊपरी मंजिल में ठहरा हुआ था। दोपहर बाद करीब 3 बजे वह अपने कमरे को लॉक कर नहाने के लिए निचली मंजिल में गया। करीब 20 मिनट बाद जब वह अपने कमरे में आया, तो कमरे का दरवाजा खुला हुआ था, जब वह कमरे के भीतर गया, तो वहां दरवाजे के पीछे एक लंबे सुनहरे बाल वाला युवक छिपा हुआ था, जिसने उसकी जैकेट पहनी हुई थी। जब रोहन ने उसे पकड़ने की कोशिश की, तो शातिर कमरे से भाग गया। वह उसे पकड़ने के लिए उसके पीछे दौड़ा, लेकिन आरोपी मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। रोहन ने साथ वाले कमरे में ठहरे हुए अन्य पर्यटक को पूरी बात बताई। एसपी डॉ. कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन ने मामला दर्ज होने की पुष्टि की है।

# एनएचपीसी ने केंद्र सरकार को 338 .51 करोड़ के अंतिम लाभांश का किया भुगतान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



केंद्र सरकार की एक अग्रणी जलविद्युत कंपनी और 'नवरत्न' उद्यम एनएचपीसी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को 338.51 करोड़ रुपए के अंतिम लाभांश का भुगतान किया है।

इसके पूर्व 5 मार्च, 2024 को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 947.82 करोड़ रुपए का अंतरिम लाभांश भुगतान किया गया था। इस प्रकार एनएचपीसी की ओर से वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए कुल 1286.33 करोड़ रुपए का लाभांश भुगतान किया गया है। एनएचपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आरके चौधरी ने नई दिल्ली में केंद्रीय बिजली एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल को 338.51 करोड़ रुपए के अंतिम लाभांश का भुगतान बैंक एड्वाइस सौंपा। इस अवसर पर बिजली मंत्रालय से पंकज अग्रवाल, सचिव, श्रीकांत नागुलापल्ली, अपर सचिव, मोहम्मद अफजल, संयुक्त सचिव (हाइड्रो) तथा आरपी गोयल, निदेशक (वित्त), उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) और संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं व तकनीकी) एनएचपीसी उपस्थित थे। कंपनी के निदेशक मंडल ने 17 मई, 2024 को आयोजित अपनी बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए अंकित मूल्य के 5.00 फीसदी अर्थात 0.50 रुपए प्रति इक्विटी शेयर की दर से अंतिम लाभांश की सिफारिश की थी, जिसे 28 अगस्त, 2024 को वार्षिक आम बैठक में अनुमोदन प्रदान किया गया था।

## दशहरा उत्सव में पारंपरिक नाटी प्रतियोगिता में पारंपरिक लोकगीतों को दी जाएगी प्राथमिकता

# विजेता सांस्कृतिक दल को मिलेगा 51,000 का पुरस्कार

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के आयोजन को लेकर इन दिनों तैयारी जोरों पर हैं। जिला भाषा अधिकारी सुनीला ठाकुर ने बताया कि दशहरे के दौरान होने वाले सांस्कृतिक प्रस्तुति में भाग लेने के लिए पूरे जिले से लगभग 50 से ऊपर सांस्कृतिक दलों के मेले में पहुंचने की उम्मीद है।

दिन के समय होने वाली सांस्कृतिक प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक सांस्कृतिक दलों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 10000 रुपए के धनराशि भेंट की जाएगी। इस दौरान उस दिन के सांस्कृतिक प्रस्तुति में विजेता रहे दल को 20000 रुपए की ईनामी धनराशि और शाम के समय में फिर कलाकेंद्र में प्रस्तुति का मौका प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक सांस्कृतिक दलों में 20 से 22 लोग शामिल होंगे। प्रतियोगिता के ओवर ऑल विजेता सांस्कृतिक दल को 51000, उपविजेता को 31000, तीसरे स्थान वाले दल को 21000 की इनामी धनराशि भेंट स्वरूप दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### प्रस्तुति के लिए 10 से 12 मिनट का समय

**सुनीला** ठाकुर ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी दशहरा उत्सव में कुल्लवी नाटी प्रतियोगिता में नाटी के साथ साथ पारंपरिक लोक गीतों पर भी चनयकर्ताओं की पैनी नजर रहेगी। चयनकर्ता नाटी प्रतियोगिता में नए गीतों की जगह पर ठेठ पारंपरिक ओर शैली में गाए गए लोकगीतों को ज्यादा तरजीह देंगे। सभी सांस्कृतिक दलों को नाटी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पारंपरिक लोक गीतों के अलावा पारंपरिक परिधानों पर भी विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा। सांस्कृतिक दलों को अपनी प्रस्तुति के लिए 10 से 12 मिनट का समय दिया जाएगा।




**आयोजन** आनी पंचायत समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन, गत बैठक के प्रस्तावों सहित नए प्रस्तावों पर किया गया विचार-विमर्श

# ग्रामीण क्षेत्रों से मैक्सी कैब रूट बेरोजगारों को प्रदान करने की योजना

**अनंत ज्ञान, आनी**

ग्रामीण क्षेत्रों से मैक्सी कैब रूट बेरोजगारों को प्रदान करने की योजना पर मंगलवार को पंचायत समिति हाल में चर्चा की गई।

इस बारे बैठक में उपस्थित लोगों को जानकारी प्रदान की गई। एसडीएम नरेश वर्मा ने कहा कि मैक्सी कैब के 10 रूट को इसके तहत चुना गया है। बैठक के दौरान तीन अन्य रूट को भी इसमें जोड़ा गया है। इस दौरान बैठक में आनी गाडाडीम, आनी डूघा शिगान, आनी कंडा, आनी तलूणा, आनी थाच, आनी थर्मी वाया लूहरी, आनी मुहान, आनी बांशा, आनी ब्लेहड़, आनी टिप्पर, आनी शुश, आनी तिहणी, आनी कोहिला, आनी पनेऊ, आनी दलाश, आनी नगालीकैंची वाया टिकरीदढ़ रूट पर सहमति जताई है। मामले पर प्रशासन की ओर से आगामी कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक में पंचायत समिति के विभिन्न सदस्य, पंचायतों के प्रधान मौजूद रहे। इस बैठक के पश्चात पंचायत समिति की बैठक का आयोजन पंचायत समिति हाल में किया गया। बैठक में सर्वप्रथम गत कार्रवाई की पुष्टि पर चर्चा की गई। शवाड़ और दलाश में पुलिस चौकी खोलने, विभिन्न सड़क मार्गों को दुरुस्त करने, पेयजल योजनाओं को सुचारु करने को लेकर पूर्व के प्रस्तावों पर की गई कार्रवाई पर विचार-विमर्श किया गया।

पंचायत समिति की बैठक का आयोजन बीडीसी अध्यक्ष विजय कंवर की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में राणाबाग क्षेत्र से मुहान और करशैईगाड क्षेत्र में रविवार को भी बस चलाने की मांग सदस्यों द्वारा उठाई गई। सदस्यों ने कहा कि रविवार को बस सेवा न होने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आनी डिपो में बसें उपलब्ध करवाने के गत प्रस्ताव पर बैठक में यह जानकारी प्रदान की गई कि सरकार ने 10 अतिरिक्त बसें आनी डिपो में जोड़ने को लेकर हामी भरी है। पंचायत समिति सदस्यों ने बैठक में लोक निर्माण, जल शक्ति, बिजली विभाग, वन विभाग सहित अन्य विभागों के नए प्रस्ताव और मांगों पर विस्तृत चर्चा की।



आनी समिति की त्रैमासिक बैठक के दौरान चर्चा करते एसडीएम के साथ अन्य पार्षद।

## न्यूज ब्रीफ

### संजय अवस्थी आज होंगे अर्की के प्रवास पर

**सोलन।** मुख्य संसदीय सचिव (लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन संपर्क विभाग) संजय अवस्थी 25 सितंबर को सोलन के अर्की विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। संजय अवस्थी प्रातः 11.15 बजे अर्की में विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह की अध्यक्षता करेंगे। मुख्य संसदीय सचिव तदोपरांत दोपहर 1.30 बजे दाड़लाघाट स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के अतिरिक्त भवन की आधारशिला रखेंगे। संजय अवस्थी तत्पश्चात सायं 4 बजे धुंधन स्थित खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रारंभिक अध्यापकों को स्मार्ट टैब वितरित करेंगे।

### शांडिल निदेशक मंडल की बैठक की करेंगे अध्यक्षता

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 25 सितंबर को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. धनीराम शांडिल प्रातः 11.30 बजे कंडाघाट स्थित होटल फाल्कन क्रेसट में हिमाचल प्रदेश महिला विकास निगम सोलन के निदेशक मंडल की बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

### कृषि विज्ञान ने जीता सर्वश्रेष्ठ केवीके का पुरस्कार




**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के कंडाघाट स्थित कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) सोलन को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा हिमाचल प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ केवीके के पुरस्कार से नवाजा गया। यह पुरस्कार भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर-अटारी), जोन-1, लुधियाना द्वारा आयोजित वार्षिक क्षेत्रीय कार्यशाला के दौरान प्रदान किया गया। वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में 13 केवीके हैं। गुरु अंगद देव पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में पिछले सप्ताह आयोजित कार्यशाला में जोन-1 में आने वाले कृषि विज्ञान केंद्रों की उपलब्धियों पर कार्यशाला आयोजित की गई।

### चयनित स्वयंसेवी राज्य स्तर पर लेंगे भाग



**सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन में एनएसएस के जिला स्तरीय एकदिवसीय प्री आरडी सिलेक्शन कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का आयोजन हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के एनएसएस प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर के निर्देश अनुसार किया गया। इसमें जिला सोलन के निजी एवं सरकारी कॉलेजों के स्वयंसेवियों ने भाग लिया, जिसमें से 10 लड़के व 14 लड़कियां शामिल रहीं। इन प्रतिभागियों का चयन उनके परेड प्रदर्शन एवं सांस्कृतिक प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। परेड प्रदर्शन का निरीक्षण पुलिस विभाग के ड्रिल चीफ इंस्ट्रक्टर द्वारा किया गया व सांस्कृतिक निरीक्षण कॉलेज की प्राचार्य द्वारा स्थापित की गई चार सदस्य चयन समिति के द्वारा किया गया। चयनित स्वयंसेवी 1 को सुंदरनगर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय प्री-आरडी सिलेक्शन कैंप में भाग लेंगे। राज्य स्तर से इन स्वयंसेवियों का चयन जोनल स्तर के प्री आरडी सिलेक्शन कैंप के लिए किया जाएगा।

### छात्रों ने किया कशांग हाइडल परियोजना का भ्रमण




**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** ठाकुर सेन नेगी राजकीय महाविद्यालय में भूगोल, वाणिज्य और भौतिकी विभागों ने अनुभवात्मक शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत कशांग हाइडल परियोजना का एक दिवसीय सफलतापूर्वक औद्योगिक भ्रमण किया। इस औद्योगिक भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को जलविद्युत उत्पादन के बहुआयामी पहलुओं और वाणिज्य और पर्यावरण पर इसके प्रभावों के बारे में व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था।

### बच्चों को स्वच्छता के बारे में किया जागरूक



**सोलन।** ब्वॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोलन में एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ स्कूल के प्रिंसिपल जेएस नेगी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया और बच्चों से अपील की कि वह स्वच्छता को आदत और संस्कार के रूप में स्थापित करें। ब्वॉयज स्कूल सोलन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी कल्पना परमार ने बताया कि एनएसएस वालंटियर ने स्कूल परिसर में सफाई अभियान चलाया। स्कूल परिसर में विभिन्न स्थानों से प्लास्टिक एकत्र किया और कैंपस में उगी झाड़ियों को भी साफ किया।

### एक पौधा मां के नाम मुहिम के तहत किया पौधरोपण



**सोलन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक पौधा मां के नाम मुहिम को आम जनमानस आगे बढ़ा रहा है। इस कड़ी में सोमदास ठाकुर गांव जजेड़, एनडी शर्मा गांव गुम्मा शिमला ने अपने पितरों के श्राद्ध पर गांव के आसपास खाली जमीन पर औषधीय और फलदार पौधे लगाए। इस दौरान चुल्ली, अनार, आंवला और आम के पौधे रोपे गए। पर्यावरण संरक्षण को लेकर की गई इस पहल की हर कोई सराहना कर रहा है। इससे पहले भी क्षेत्र में 15 अगस्त को बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने पौधरोपण किया था।

### कुडला स्कूल की तीन बेटियां खेलेंगी राज्य स्तर पर

**नाहन।** हाल ही में जिला स्तर पर आयोजित अंडर-14 तथा अंडर-19 की बालिका वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिता में माजरा ब्लॉक की कुडला खरक स्कूल की छात्राओं ने इतिहास बनाया। बालिकाओं ने एथलेटिक्स की रनर अप की ट्रॉफी अपने नाम की, जो कि संपूर्ण क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। विद्यालय की बालिका गुलशन को जिला स्तर पर बेस्ट एथलीट की ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। गुलशन ने 400 मीटर तथा 600 मीटर रेस में जिला स्तर पर गोल्ड मेडल जीता और अब राज्य स्तर पर सिरमौर जिले का नेतृत्व करेंगी। इसके साथ-साथ अंडर-19 वर्ग में तनुक्षा पुत्री प्रेमपाल ने लांग जंप तथा हाई जंप में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास बनाया। वर्षा चौहान पुत्री जसवंत सिंह ने 800 मीटर रेस में कांस्य पदक तथा 400 मीटर रेस में रजत पदक जीता। अब ये तीनों बेटियां राज्य स्तर पर सिरमौर जिले का नेतृत्व करेंगी।

### प्रशिक्षुओं को टूल किट और यूनिफॉर्म वितरित की



**दाड़लाघाट।** अंबुजा आईटीआई दाड़लाघाट में जनरल ड्यूटी असिस्टेंट (जीडीए) प्रशिक्षुओं को टूल किट और यूनिफॉर्म वितरित की गईं। कार्यक्रम में मुख्यातिथि सन्याडी मोड़ के उपप्रधान भीम सिंह रहे। प्रधानाचार्य राजेश शर्मा ने बताया कि यह पहल छात्रों को व्यावसायिक प्रशिक्षण में आत्मनिर्भर और सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जीडीए प्रशिक्षुओं के लिए विशेष रूप से तैयार की गई टूल किट उनके व्यावहारिक कौशल को निखारने और उन्हें स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में सक्षम बनाने में मदद करेगी। साथ ही यूनिफॉर्म वितरण से उन्हें अनुशासन और पेशेवर माहौल में काम करने की भी प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ टूल किट और यूनिफॉर्म प्राप्त की।

## नगर निगम सोलन के पास दो महीनों में जमा हुआ 4 करोड़ प्रॉपर्टी टैक्स

# प्रॉपर्टी टैक्स से होगी 10 करोड़ की आय

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन ने शहर के अधिकतर वार्डों में प्रॉपर्टी टैक्स के बिल जारी कर दिए हैं। अभी तक पिछले दो महीनों में 4 करोड़ रुपए प्रॉपर्टी टैक्स के रूप में जमा हो चुके हैं। निगम ने इस वर्ष प्रॉपर्टी टैक्स के रूप में 10 करोड़ तक की आय अर्जित करने का अनुमान लगाया है।

नए प्रॉपर्टी टैक्स की अदायगी के लिए ई-पोर्टल के माध्यम से मोबाइल लिंक से बिल जारी कर दिए हैं। निगम ने करीब दो महीने पहले करीब 1 करोड़ 80 लाख रुपए के प्रॉपर्टी टैक्स बिल की अदायगी के लिए वार्ड 3, 4, 5 और वार्ड 13 में जारी किए हैं। इसके बाद अन्य वार्डों को भी बिल भेजने की प्रक्रिया जारी है। भवन मालिक 10 फीसदी छूट के साथ टैक्स जमा कर सकेंगे। बशर्ते है कि टैक्स 15 दिन के अंदर जमा करवाना होगा। बता दें कि नगर निगम सोलन ने शहर में संपत्ति कर निर्धारण को कुल 14105 संपत्तियों का सर्वेक्षण किया है। सर्वेक्षण के पश्चात संपत्ति कर के बिल यूनिट एरिया मेथड़ से जारी किए जा रहे हैं, जो कि 4 अगस्त 2022 से 31 मार्च 2024 तक की अवधि के हैं। (अनंत ज्ञान)



सोलन शहर का दृश्य।

### भवनों की ड्रोन तकनीक से की गई है मैपिंग

**निगम** के मुताबिक शहर में 30 से 40 फीसदी से अधिक भवन ऐसे हैं, जिसमें एनओसी के बाद निर्माण किया गया है, लेकिन इसका टैक्स जमा नहीं किया जा रहा है। नगर निगम ने प्रस्ताव पारित कर अगस्त 2023 नई दरों के मुताबिक प्रॉपर्टी टैक्स निर्धारण का निर्णय लिया है। इसके लिए भवनों की ड्रोन तकनीक से मैपिंग की गई है। इसके बाद नक्शे से अधिक या अतिक्रमण कर बने भवनों की मैनुअल मैपिंग के बाद नई दरों से भवनों का प्रोपर्टी टैक्स निर्धारित किया जाएगा। निगम को प्रॉपर्टी टैक्स से आय बढ़ने की उम्मीद है। निगम को पुरानी दर से करीब 5-6 करोड़ की टैक्स की आय होती रही है, जबकि नई दर से 8 से 10 करोड़ रुपए टैक्स जमा होने की उम्मीद है। हालांकि निगम शुरू के 20 करोड़ टैक्स जमा होने की उम्मीद लगाए हुए था।

### एक साथ जारी हुआ 20 माह का बिल

**शहर** में प्रॉपर्टी टैक्स निर्धारण के लिए किए गए भवनों का सर्वे करने में देरी के कारण निगम एक साथ 20 महीने का प्रॉपर्टी टैक्स बिल जारी कर रहा है। निगम के मुताबिक करदाता टैक्स बिल का भुगतान दो किस्तों में भी कर सकते हैं, परंतु 10 प्रतिशत छूट का लाभ नहीं मिलेगा। हालांकि दो किस्तों का टैक्स का भुगतान करने के लिए तीन माह का समय रहेगा। इसके बाद विलंब शुल्क का भी भुगतान करना होगा। संपत्ति बिल ऑनलाइन मोड में जारी किए जाएंगे व करदाता एवं संपत्ति मालिक को इस बारे में एसएमएस प्राप्त होगा, जिससे वे ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं।



नगर निगम चरणबद्ध तरीके से भवन मालिकों को प्रॉपर्टी टैक्स जारी कर रहा है। ऑनलाइन टैक्स जमा करवाने के लिए गवर्नमेंट साइट से एसएमएस लिंक मोबाइल पर आएगा, जिसे सीधे ऑनलाइन टैक्स जमा होगा। उम्मीद है की निगम को प्रॉपर्टी टैक्स से 10 करोड़ की आय होगी।

**उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

## यातायात नियमों की उडाई जा रही औद्योगिक क्षेत्र में धज्जियां

**एसपी जैरथ, नाहन**

सिरमौर के औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब में यातायात नियमों की जमकर अवहेलना हो रही है। कालाअंब थाना के अंतर्गत पूरा औद्योगिक क्षेत्र अव्यवस्था के चलते, जहां जाम के शिकंजे में जकड़ा हुआ है। वहीं, यातायात नियमों की भी जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

दो पहिया वाहनों चालकों के सर से जहां अधिकतर हेलमेट गायब हैं। तो वहीं दो पहिया चलते वाहन पर मोबाइल का इस्तेमाल भी अव्यवस्था की पुष्टि करता है। हालांकि कालाअंब में रोड सेफ्टी क्लब कई बार जागरूकता शिविर भी लगा चुका है। बावजूद इसके दो पहिया वाहन चालक बाज नहीं आ रहे हैं। दो पहिया वाहन चालकों की लापरवाही का सबसे बड़ा खामियाजा दुर्घटना के दौरान बड़े वाहन चालकों को भुगतना पड़ता है। बता दें कि इस औद्योगिक क्षेत्र के साथ हरियाणा राज्य की सीमा लगती है, जहां बैरियर पर पुलिस की उपस्थिति बराबर रहती है। कमोबेश पुलिस की लापरवाही के चलते अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम की सबसे बड़ी वजह मोगी नंद से लेकर कालाअंब त्रिलोकपुर



रोड तक सड़क के किनारे अवैध रूप से ट्रकों की पार्किंग है। हैरानी की बात तो यह भी है कि अधिकतर ट्रकों की लोडिंग, अनलोडिंग का कार्य भी सड़कों के किनारे ही चलता है। ट्रैफिक नियमों की अनदेखी और अव्यवस्था के कारण अक्सर औद्योगिक क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला चला रहता है। ट्रैफिक नियमों की सबसे ज्यादा अनदेखी साथ लगते हरियाणा क्षेत्र से हिमाचल की फैक्टिरयों में काम करने आने वाले वर्कर्स हैं। चौंकाने वाली बात तो यह भी सामने आई है कि कालाअंब में टैंकर से पानी की ढुलाई करने वाले अधिकतर ट्रैक्टरों के नंबर ही गायब हैं। उधर, सड़क सुरक्षा क्लब के अध्यक्ष सोमनाथ भाटिया ने कहा कि पुलिस और सड़क सुरक्षा क्लब कई बार रेहड़ी-फड़ी वालों के साथ-साथ अवैध पार्किंग और दो पहिया वाहन चालकों पर लापरवाही को लेकर कार्रवाई कर चुकी है। (अनंत ज्ञान)

## चिट्टा तस्करी के मामले में भगोड़ा घोषित नाइजीरियन गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला पुलिस की एसआईयू टीम थाना कंडाघाट क्षेत्र में आरोपी बासुधीर पुत्र स्व. चंचलधीर निवासी कृष्णा नगर दिल्ली उम्र 21 वर्ष को 82.60 ग्राम चिट्टा/ हरोईन सहित गिरफ्तार किया गया था। इस अभियोग की जांच के दौरान आरोपी बासुधीर ने पूछताछ पर बताया कि इसने यह चिट्टा/हिरोईन दिल्ली की द्वारिका से एक विदेशी मूल के आरोपी नाइजीरियन व्यक्ति से खरीदी है। पुलिस ने निशानदेही के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 14.3 ग्राम चिट्टा भी बरामद किया गया।

अभियोग में अंवेषण पूरा कर दोनों आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में से विदेशी मूल/ नाईजीरियन उच्च न्यायालय से जमानत पर रिहा हो गया था, लेकिन आरोपी को जमानत के उपरांत न्यायालय द्वारा बार-



2 समन जारी करने पर भी वह न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था, जिस पर अदालत द्वारा उक्त आरोपी को भगोड़ा घोषित कर दिया था, जिसकी तलाश कंडाघाट पुलिस द्वारा काफी समय से की जा रही थी। आरोपी की तलाश के दौरान मालूम हुआ कि उक्त आरोपी को दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था, जो वर्तमान में तिहाड़ जेल में बंद है, जिस पर उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट हासिल किया और उक्त आरोपी को दिल्ली की तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को आज अदालत में पेश किया जा रहा है। मामले में जांच जारी है।

## पुलिस बूथ को स्थापित करना जरूरी : रवि

### न्यू नालागढ़ में कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस प्रयासरत

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

बद्दी पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज लगातार बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ एरिया के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं व नशे को मिटाने के लिए संवाद कर रही हैं। इसी सिलसिले में एसपी ने न्यू नालागढ़ फेज-1, 2 व 3 के स्थानीय लोगों से मुलाकात कर एरिया की समस्याओं को सुना। इस दौरान लोगों ने समस्याओं से अवगत करवाते हुए समाधान की मांग उठाई।

न्यू नालागढ़ वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष रवि शर्मा ने एसपी को न्यू नालागढ़ में कानून व्यवस्था को मजबूत करने से जुड़े सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि एरिया में चोरी, स्नैचिंग व ट्रैफिक नियमों कीअवहेलना जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसके लिए न्यू नालागढ़ में पुलिस बूथ को खोलने की जरूरत है, ताकि समाधान हो सके। एसपी ने आश्वासन देते हुए कहा कि कानून व्यवस्था को मजबूत करने पर बल दिया जाएगा। इसके अलावा एसपी ने नशीले पदार्थों, विशेष रूप से चिट्टा को समाप्त करने को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। नशीले पदार्थों और चिट्टा के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए बद्दी पुलिस यह व्यापक जागरूकता अभियान चला रही है। इसके अतिरिक्त बद्दी पुलिस ने निवासियों को वर्तमान में चल रहे साइबर क्राइम्स के बारे भी जागरूकता प्रदान की।



### नशे की सूचना दें, नाम रखा जाएगा गुप्त : इल्मा अफरोज

**जिला** बद्दी पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज ने बताया कि नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है और नशा बेचने व इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अगर एरिया में कोई नशा बेच रहा है, तो उसकी सूचना पुलिस को दें और पुलिस पहचान को गुप्त रखेगी।

## शूलिनी ने इनक्वांटमशिफ्ट लैब के साथ किया एमओयू

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय ने क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी और अत्याधुनिक अनुसंधान के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण सहयोग को चिह्नित करते हुए, इनक्वांटमशिफ्ट लैब्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस रणनीतिक गठबंधन का उद्देश्य छात्रों और संकाय के लिए वैश्विक प्रदर्शन, संयुक्त अनुसंधान कार्यक्रम और नवाचार-संचालित परियोजनाओं को बढ़ावा देना है। समझौते की मुख्य विशेषताओं में संयुक्त अनुसंधान कार्यक्रम, सरकार की ओर से वित्त पोषित परियोजनाएं, पारस्परिक इंटर्नशिप और बौद्धिक संपदा पर सहयोगात्मक प्रयास शामिल हैं। दोनों संस्थान शैक्षणिक आदान-प्रदान और संयुक्त सम्मेलनों में भी शामिल होंगे, जिससे शिक्षा और उद्योग के बीच एक मजबूत पुल बनेगा।

## भारतीय पोस्टल एंप्लॉय का अधिवेशन 2 को

**सोलन।** भारतीय पोस्टल एंप्लॉय एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश पी-3 की ओर से सोलन में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें 2 राजगढ़ रोड स्थित सेंटा रोजा होटल में अधिवेशन कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस खुले मंच में भारतीय पोस्टल एंप्लॉय एसोसिएशन हिमाचल पी-3 विभिन्न मुद्दों पर चर्चा व चुनाव होना है। इसमें भारतीय मजदूर संघ के अंतर्गत भारतीय पोस्टल एंप्लॉय एसोसिएशन हिमाचल पी-2 राष्ट्रीय संगठन सचिव प्रमोद कुमार निरीक्षक डाकघर परवाणू उपमंडल व भारतीय पोस्टल एंप्लॉय एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश पी-3 के कई नेता, जिसमें राजीव कुमार, संजीव कुमार, बालक राम कनयाल व राजेश कुमार द्वारा सोलन में बैठक की गई। हिमाचल डाक कर्मचारी वर्ग में राज्य स्तर पर यह पहला खुला मंच कार्यक्रम आयोजित होगा, जो भारतीय मजदूर संघ के अंतर्गत भारतीय पोस्टल एंप्लॉय एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश पी-3 द्वारा किया रहा है।

## सेमिनार युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण पहल

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

रोटरी क्लब बद्दी ने नालागढ़ के शिवालिक वैली स्कूल में किशोरावस्था, तनाव और पढ़ाई पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को तनाव प्रबंधन के प्रभावी तरीके सिखाना और उनके समग्र विकास को बढ़ावा देना था। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुक्ता रास्तोगी ने इस सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर रोटेरियन दिनेश बंसल और कविता बंसल उपस्थित थे। रोटरी क्लब बद्दी की अध्यक्ष कविता बंसल ने कहा यह सेमिनार हमारे समुदाय के युवाओं के लिए



रोटरी क्लब बद्दी की ओर से जागरूकता सेमिनार में बच्चों को जागरूक करते हुए।

एक महत्वपूर्ण पहल है। डॉ. रस्तोगी ने छात्रों को तनाव प्रबंधन के तरीकों और किशोरावस्था में तनाव के कारणों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को आत्म-विचार के लिए कुछ खुले प्रश्न भी छोड़े। डॉ. रस्तोगी ने प्रत्येक बच्चे की विशेषता पर जोर दिया और कहा कि छात्रों को अपने जुनून को ढूंढना चाहिए और उसके लिए काम करना चाहिए। इस कार्यक्रम में 9वीं से 12वीं कक्षा के छात्रों के अलावा शिक्षकों ने भी भाग लिया।

## एनएसएस गीत व स्थापना दिवस के बारे में दी जानकारी



दाड़लाघाट कॉलेज में एनएसएस स्थापना दिवस पर मौजूद स्टूडेंट्स।

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने एनएसएस स्थापना दिवस मनाया।

प्राचार्य डॉ. रुचि रमेश व कार्यक्रम अधिकारी जेपी शर्मा की ओर से स्वयंसेवियों को स्थापना दिवस की बधाई दी गई। इस मौके पर स्वयंसेवियों की ओर से एनएसएस गीत व एनएसएस स्थापना दिवस के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर स्वयंसेवी निशांत गुप्ता ने एनएसएस और उद्देश्य पर एक प्रस्तुति दी, जिसकी सभी स्वयंसेवियों ने बहुत सराहना की।

## यमुना शरद महोत्सव पर प्रकाशित होगी स्मारिका

**पांवटा साहिब।** एसडीएम पांवटा साहिब गुंजीत चीमा ने बताया कि इस वर्ष 14 से 16 अक्तूबर तक राज्य स्तरीय यमुना शरद महोत्सव पूरे हर्षोल्लास व रीति रिवाज के साथ आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने यमुना शरद महोत्सव की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में कहा कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी राज्य स्तरीय यमुना शरद महोत्सव के अवसर पर स्मारिका का प्रकाशन किया जा रहा है। इच्छुक व्यक्ति इस स्मारिका में प्रकाशनार्थ अपना लेख 30 तक (apropaonta@gmail. com) पर भेज सकते हैं।

## पोषण माह की उपयोगिता के बारे में किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

आंगनबाड़ी मांगू में पोषण माह मनाया गया। पर्यवेक्षक अजय कुमार शांडिल ने पोषण माह की उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी।



कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदाय विशेष कर महिलाओं और बच्चों के बीच पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में पोषण प्रदर्शनी का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के स्थानीय और पौष्टिक खाद्य पदार्थों को प्रदर्शित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य यह रहा कि प्रत्येक गर्भवती महिला इन सब के प्रति जागरूक हो और आने वाला शिशु स्वस्थ पैदा हो। वहीं दूसरी और स्वास्थ्य विभाग से आए डॉक्टर विजय कुमार शांडिल ने एचआईवी, एड्स,टीबी, हेपेटाइटिस बी व सी, ब्लड प्रेशर और डायबिटीज के विषय में संपूर्ण जानकारी दी।

## आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन ने निकाली रोष रैली

**पांवटा साहिब।** सीटू जिला सिरमौर ने आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्परज यूनियन प्रोजेक्ट पांवटा साहिब ने राष्ट्रीय कमेटी के आह्वान पर काले दिवस के रूप में मनाया।

कफोटा और पांवटा साहिब में 4 श्रम कोड के खिलाफ और आंगनबाड़ी वर्कर्स की मांगों के समर्थन मे प्रदर्शन किया। इस कड़ी में 12 सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम पांवटा और कफोटा के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजा। प्रदर्शन की अध्यक्षता प्रोजेक्ट पांवटा की महासचिव देव कुमारी, माया, गुलाबी, निर्मला, माया और सुलोचना ने की। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए देव कुमारी, गुलाबी और सीटू जिला महासचिव आशीष कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार की मिनी आंगनबाड़ी वर्कर्स को बंद करने की जो मंशा है, यूनियन उसका विरोध करती है और साथ ये भी मांग करती है कि मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों मे काम करने वाली



वर्कर्स का मानदेय तुरंत दिया जाए और इन केंद्रों को अपग्रेड किया जाए। यूनियन ने प्रदेश और केंद्र सरकार से मांग की है कि आंगनबाड़ी वर्कर्स को सरकारी कर्मचारी घोषित किया जाए और हरियाणा की तर्ज पर वेतन दिया जाए। सीटू जिला महासचिव आशीष कुमार ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार मजदूरों के पक्ष मे जो 44 श्रम कानून बने हैं, उनको खत्म कर मजदूरों को गुलाम बनाने वाले 4 श्रम कोड ला रही है।

## एनएसएस की विभिन्न गतिविधियों की दी जानकारी

**दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ स्कूल प्रबंधन समिति प्रधान दीपक गजपति ने किया, जबकि प्रधानाचार्य राजीव गौतम ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम अधिकारी विजय चंदेल व क्षमा शर्मा के नेतृत्व में विद्यालय के 60 स्वयंसेवी शिविर में भाग ले रहे हैं। विद्यालय उपप्रधानाचार्य हंसराज शर्मा ने एनएसएस की विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

**प्रशिक्षण** भगानी के आसपास की लगभग 8 पंचायतों में से 10-10 युवा स्वयंसेवक प्रशिक्षण में ले रहे भाग

# पंचायतों के प्रतिनिधियों को दी आपदा प्रबंधन की ट्रेनिंग

**अनंत ज्ञान, नाहन**

डीसी सिरमौर के निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सिरमौर द्वारा तीन दिवसीय आपदा प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम विकासखंड, पांवटा साहिब की पंचायत, भगानी में आयोजित किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि पंचायत निरीक्षक-विकास खंड पांवटा साहिब, राजेंद्र मणि ने बताया कि इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में पांवटा साहिब विकास खंड की पंचायत,



भगानी पंचायत में आपदा प्रबंधन की ट्रेनिंग में हिस्सा लेते लोग।

भगानी के आसपास की लगभग 8 पंचायतों से प्रत्येक पंचायत से 10-10 युवा स्वयंसेवक इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 80-90 युवा स्वयंसेवक प्रशिक्षित होंगे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर आपदा प्रबंधन विषय पर स्वयंसेवकों का गठन करना है, जो कि किसी भी प्रकार की स्थानीय आपदाओं में प्रथम प्रक्रिया कर्ता के रूप में त्वरित सेवाएं दे सकें।

इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सिरमौर से मुख्य प्रशिक्षक, राजन कुमार शर्मा की ओर से स्वयंसेवकों को बुनियादी आपदा प्रबंधन ढांचे व विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदाओं, प्रकार, आपदा आपातकालीन दूरभाष नंबर व जलवायु परिवर्तन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। दूसरे दिन गृह रक्षा एवं अग्निशमन सुरक्षा के बारे में विषय विशेषज्ञों द्वारा स्वयंसेवकों को खोज, बचाव व प्रयोग गतिविधियों, बचाव तकनीक, सीपीआर, प्राथमिक चिकित्सा उपचार आदि के बारे में विस्तृत रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसी के अनुरूप तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वयंसेवकों को प्राथमिक चिकित्सा उपचार, घायलों को पट्टी बांधना व अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां दीं।

## आर्या कंवर हिमाचल डांस चैंपियनशिप में द्वितीय

**दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट की आर्या कंवर ने हिमाचल डांस चैंपियनशिप सोलन में आयोजित डांस प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रदेश के नामी 400 प्रतिभागियों का चयन होने के बाद फाइनल प्रतियोगिता में 55 प्रतिभागियों ने शिरकत की और नृत्य के जलवे बिखेरे। आर्या कंवर को मुख्यातिथि कर्नल संजय शांडिल ने प्रमाण पत्र, ट्रॉफी व मेडल से सम्मानित किया।

## शतरंज में दूसरा स्थान पर

**दाड़लाघाट।** नेशनल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल धुंदन ने छात्राओं की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में शतरंज में दूसरा स्थान प्राप्त किया। शारीरिक शिक्षक पूर्ण चंद शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले के 47 स्कूलों की लगभग 550 छात्राओं ने भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### एनआरआई कोटा बढ़ाने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एनआरआई कोटे का दायरा बढ़ाने के फैसले को खारिज करने के पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के निर्णय के खिलाफ दाखिल पंजाब सरकार की अपील मंगलवार को खारिज कर दी। राज्य सरकार ने राज्य के चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए 'एनआरआई कोटा' के लाभार्थियों की परिभाषा को विस्तृत कर दिया था। शीर्ष न्यायालय ने पंजाब सरकार की अपील खारिज करते हुए कहा, ''यह धोखाधड़ी अब बंद होनी चाहिए।'' पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने 10 सितंबर को आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के 20 अगस्त के उस फैसले को रद्द कर दिया था, जिसमें अनिवासी भारतीय (एनआरआई) कोटा के तहत लाभ लेने के लिए दायरे को बढ़ाकर उनके दूर के रिश्तेदारों 'जैसे चाचा, चाची, दादा-दादी और चचेरे भाई'' को भी इसमें शामिल किया था। एनआरआई कोटा के तहत 15 प्रतिशत का आरक्षण चिकित्सा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित किया गया है।

### भाजपा ने हरियाणा में बेरोजगारी की महामारी फैलाई : प्रियंका

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को आरोप लगाया कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बेरोजगारी की ऐसी महामारी फैलाई है कि



होनहार युवाओं का जीवन बर्बाद हो रहा है। हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव पांच अक्तूबर को होगा और मतों की गिनती आठ अक्तूबर को होगी। प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''हरियाणा में भाजपा ने बेरोजगारी की ऐसी महामारी फैलाई है कि होनहार युवाओं का जीवन बर्बाद हो रहा है। प्रदेश में कुल 4.5 लाख सरकारी पद हैं जिनमें से 1.8 लाख पद खाली पड़े हैं। भाजपा ने हरियाणा के युवाओं से भविष्य की सारी उम्मीदें छीनकर उनके साथ घोर अन्याय किया है।'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनते ही राज्य में 2 लाख पक्की भर्ती की जायेंगी तथा पलायन और परिवारों की बर्बादी रोकने के लिए ठोस उपाय किए जाएंगे। कांग्रेस महासचिव ने कहा, ''हमारा संकल्प है कि हम युवाओं में व्याप्त निराशा को दूर करके हरियाणा को तरक्की के रास्ते पर ले जाने का काम करेंगे।''

### संतुलित आहार, टीकाकरण का महत्व बताया



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** 'पोषण माह' के उत्सव को जारी रखते हुए, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, यूटी चंडीगढ़ ने आज विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया, जिनमें दस्त रोकथाम व्याख्यान: एक व्यापक सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र पर्यवेक्षकों ने माता-पिता को लक्षण, रोकथाम के उपाय, और मौखिक पुनर्जलीकरण समाधान बनाने के बारे में जानकारी दी। पोषण माह के तहत, आंगनवाड़ी भवन में महिला प्रधान कुलजीत कौर द्वारा जल संरक्षण पर महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया गया, जिसमें स्थायी जल प्रथाओं की आवश्यकता पर जोर दिया गया। आंगनवाड़ी भवन, मलोया में विभिन्न पारंपरिक खाद्य व्यंजनों की प्रदर्शनी आयोजित की गई। इन पौष्टिक व्यंजनों के स्वास्थ्य लाभों पर चर्चा की गई, जिससे स्थानीय खाद्य संस्कृति को बढ़ावा मिला। अतिरिक्त कार्यशालाओं में संतुलित आहार, टीकाकरण का महत्व, हाथ धोने के प्रदर्शन, लड़कियों की शिक्षा, गर्भावस्था के दौरान पोषण, किशोरियों के लिए मासिक धर्म स्वच्छता, किचन गार्डन का महत्व, और तपेदिक जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल थे। सभी 450 आंगनवाड़ी केंद्रों में माँ समूह बैठकों का आयोजन किया गया, जिसमें पूरक आहार, विशेष स्तनपान, और बच्चों के टीकाकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

### दिल्ली प्रदूषण मामला: 27 को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली में वायु प्रदूषण से जुड़े मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट 27 सितंबर को सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि पंजाब में पराली को जलाना फिर से शुरू हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने एयर क्वालिटी मैनेजमेंट कमीशन से जवाब मांगा है। जस्टिस अभय ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि शुक्रवार को सुनवाई करेंगे।

### मणिपुर में राइफल और ग्रेनेड, रॉकेट बरामद

**इंफाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में एक राइफल, कई ग्रेनेड और आरपीजी (रॉकेट चालित ग्रेनेड) गोले जब्त किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि सोमवार को जिले की माचिन मानो पहाड़ियों में तलाशी अभियान के दौरान राइफल और विस्फोटक जब्त किए। एक मैगजीन के साथ एक राइफल, दो रॉकेट चालित ग्रेनेड (आरपीजी) के गोले, दो आरपीजी चार्जर, तीन एचई-36 हथगोले और एक चीनी हथगोला बरामद किया गया है।

### एनआईए की तमिलनाडु में 11 जगहों पर छापेमारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने देश में इस्लामी खिलाफत स्थापित करने का मंसूबा पालने वाले अखिल-इस्लामी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर के खिलाफ अपनी जांच के सिलसिले में मंगलवार को तमिलनाडु में कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य में 11 जगहों पर छापेमारी की जा रही है। आतंकवाद रोधी एजेंसी ने इस साल जून में अन्य मामले की जांच के संबंध में कट्टरपंथी संगठन से जुड़े दो लोगों को गिरफ्तार किया था।

### बंगाल में मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतरे



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में जलपाईगुड़ी जिले के न्यू मैनागुड़ी रेलवे स्टेशन पर मंगलवार सुबह मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतर गए। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के एक अधिकारी ने बताया कि सुबह छह बजकर 20 मिनट पर यह घटना हुई, जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ। गुवाहाटी से आ रही यह खाली मालगाड़ी न्यू जलपाइगुड़ी जा रही थी। अलीपुरद्वार के संभागीय रेलवे प्रबंधक (डीआरएम) अमर जीत गौतम ने बताया कि इस मार्ग पर साढ़े 12 बजे ट्रेनों का यातायात आंशिक रूप से बहाल कर दिया गया।

### रेप मामले में अभिनेता सिद्दीकी की याचिका खारिज

**कोच्चि (केरल)।** केरल उच्च न्यायालय ने बलात्कार मामले में मलयालम फिल्म अभिनेता सिद्दिकी की अग्रिम जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। एक अभिनेत्री की शिकायत के आधार पर अभिनेता के खिलाफ यह मामला दर्ज किया गया था। न्यायमूर्ति सीएस डायस ने कहा कि आवेदन खारिज किया जाता है। अभिनेता की याचिका खारिज किए जाने का कारण बताने वाले आदेश की विस्तृत जानकारी अभी उपलब्ध नहीं है।

### राष्ट्रपति मादुरो के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी



**वेनेजुएला।** अर्जेंटीना की एक अदालत ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के खिलाफ कथित मानवता के खिलाफ अपराध के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। वहीं, वेनेजुएला की एक अदालत ने एमट्रासुर विमान के साथ हुई घटना को लेकर अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली, राष्ट्रपति सचिवालय की प्रमुख करीना माइली और सुरक्षा मंत्री पेट्रीसिया बुलरिच के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट जारी किया। अर्जेंटीना ने सितंबर की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय औपराधिक न्यायालय के अभियोजक से श्री मादुरो की गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी करने का अनुरोध किया था।

### चीन ने समुद्र से लांच किए आठ उपग्रह



**हैयोग।** चीन ने मंगलवार को पूर्वी प्रांत शेडोंग के हैयोग शहर के पास समुद्र से आठ उपग्रहों का प्रक्षेपण किया और उन्हें नियोजित कक्षा में स्थापित किया। वाणिज्यिक रॉकेट तियानयी-41 और अन्य उपग्रहों को लेकर रवाना हुआ। यह प्रक्षेपण ताइयुआन उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से किया गया।

# राज्यपाल कटारिया ने किया सब-जूनियर नेशनल हॉकी चैंपियनशिप का उद्घाटन



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ में पहली बार सब जूनियर नेशनल हॉकी चैंपियनशिप का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में प्रशासक के सलाहकार राजीव वर्मा, खेल सचिव हरि कालीकट, खेल समिति के अध्यक्ष संजय टंडन और खेल निदेशक सौरभ अरोड़ा भी शामिल थे। मुख्य अतिथि गुलाब चंद कटारिया ने सब जूनियर हॉकी चैंपियनशिप के आयोजन के लिए चंडीगढ़ हॉकी के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि हॉकी हमेशा से सभी भारतीयों के दिलों के करीब रही है और भारत ने अब तक हॉकी में 13 ओलंपिक पदक जीतकर सभी भारतीयों को गौरवान्वित किया है। श्री कटारिया ने कहा कि खेल लोगों को एक साथ लाते हैं और टीम भावना को जागृत करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि 'खेलो इंडिया' के तहत युवा पीढ़ी को खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

'विकसित भारत 2047' के मार्ग पर चलते हुए, पूरे देश में खेल के बुनियादी ढांचे में सुधार किया जा रहा है, जिसमें नए सिंथेटिक हॉकी टर्फ भी शामिल हैं। श्री कटारिया ने हॉकी के दिग्गजों बलजीत सिंह, दीपक ठाकुर, राजपाल सिंह, इंद्रपाल सिंह, रूपिंदर पाल सिंह, गुरजंत सिंह, मनिंदर सिंह, संजय और अन्य खिलाड़ियों को याद किया, जिन्होंने चंडीगढ़ हॉकी के सहयोग से अपने कौशल को निखारा। प्रशासक यूटी द्वारा चंडीगढ़ हॉकी को 20 लाख रुपए के अनुदान की भी घोषणा की गई।

हॉकी इंडिया ने चंडीगढ़ को 14वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए चुना है, जो अक्तूबर तक होगी। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 28 राज्य टीमों के लगभग 650-700 खिलाड़ी और अधिकारी भाग ले रहे हैं। हॉकी चंडीगढ़ के महासचिव अनिल वोहरा ने इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप की सफलता सुनिश्चित करने में उनके पूर्ण समर्थन और सहयोग के लिए चंडीगढ़ प्रशासन और खेल विभाग का आभार व्यक्त किया। (अनंत ज्ञान)

### पंजाब राज भवन में मनाया क्षमापना दिवस

आज जैन धर्म के पंजाब के चारों समाज के संत और महापुरुष अपने अनुयायियों के साथ पंजाब राज भवन के गुरू नानक आडीटोरियम में करवाए गए क्षमापना दिवस समारोह में शामिल हुए। इस समारोह में पंजाब के राज्यपाल और यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया अपनी पत्नी अनीता कटारिया के साथा शामिल हुए। पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि जैन धर्म का इतिहास बहुत पुराना है, जिसमें क्षमापना का बहुत महत्व है। आज के दिन के महत्व का जिक्र करते हुए राज्यपाल ने कहा कि क्षमापना का उद्देश्य सिर्फ शरीर की बाहरी शुद्धि नहीं बल्कि आत्मिक शुद्धि भी है।

माफी तभी संभव है जब हम अपने अहंकार को छोड़ कर सादगी के मार्ग पर चलना शुरू कर देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि आज के इस भौतिकवादी दौर में जब दुनिया भर में अधिक से अधिक सामग्री इकट्ठा करने की होड़ मची हुई है, उस दौर में जैन धर्म की खासियत है कि इसके मार्ग पर चलने वाले बहुत ही शिक्षित लोग करोड़ों रुपए के पैकेज त्याग कर मुक्ति के मार्ग की तरफ बढ़ते हैं।

# माई भारत पोर्टल के महत्व पर मीता राजीव ने प्रकाश डाला



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

पीजीजीसी-11 में एनएसएस दिवस समारोह में मीता राजीव लोचन, आईएएस, सचिव, भारत सरकार, युवा मामले मंत्रालय मुख्य अतिथि के रूप में हुईं शामिल।

माई भारत पोर्टल और सामुदायिक सेवा में युवाओं की भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला चंडीगढ़, 24 सितम्बर, 2024,पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज-11 (पीजीजीसी-11) के एनएसएस सेल ने स्वच्छता ही सेवा, सेवा से सीखें, प्रोजेक्ट सारथी और एक पेड़ मां के नाम सहित कई प्रभावशाली कार्यक्रमों के साथ एनएसएस दिवस मनाया।

यह कार्यक्रम राज्य एनएसएस सेल, चंडीगढ़, युवा मामले मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित माई भारत ब्रांडिंग पहल के तहत आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती मीता राजीव लोचन, आईएएस सचिव, भारत सरकार, युवा मामले मंत्रालय ने मुख्य भाषण दिया, जिसमें सामुदायिक सेवा के माध्यम से युवाओं की भागीदारी और करियर विकास में माई भारत पोर्टल की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया।

लोचन ने राष्ट्र निर्माण के प्रयासों में युवाओं की भागीदारी के महत्व पर बात की और बताया कि कैसे पोर्टल छात्रों को सीवी बनाने और सामाजिक कार्यों में योगदान करते हुए नौकरी के अवसरों से जुड़ने के अवसर प्रदान करता है। (अनंत ज्ञान)

# चार पुलिस अधिकारियों को शोकॉज नोटिस जारी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



लॉरेंस बिश्नोई के जेल से हुए इंटरव्यू मामले में पंजाब सरकार ने आरोपी अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लिया है। सरकार की तरफ से उस समय के एसएसपी, एसपी, डीएसपी और तत्कालीन सीआईए इंचार्ज को शोकॉज नोटिस जारी किया है। इस बात की जानकारी मंगलवार को पंजाब सरकार की तरफ से पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में हुई मामले की सुनवाई के दौरान दी है।

लॉरेंस बिश्नोई के पुलिस हिरासत में हुए इंटरव्यू को लेकर गठित एसआईटी ने खुलासा किया है कि उसका पहला इंटरव्यू सीआईए (क्राइम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी) के खरड़ थाने (मोहाली) में हुआ था। सितंबर 2022 में रिकॉर्ड किया गया यह इंटरव्यू सात माह बाद मार्च 2023 में जारी किया गया था।

दूसरा इंटरव्यू राजस्थान की जेल में हुआ था। एसआईटी की रिपोर्ट से पंजाब सरकार के उस दावे की पोल खुल गई है, जिसमें कहा गया था कि इंटरव्यू पंजाब की हद में नहीं हुआ।

# जनजाति प्रमाण पत्र उपलब्ध करवाने के निर्देश

**जगदीश शर्मा, देहरादून**



उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारियों को सभी जनजातीय ग्रामों में कैंप लगाकर जनजातीय समुदायों के लोगो को जनजाति प्रमाण पत्र उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कार्य करने वाले सभी 17 विभागों को अपने नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिए हैं।

यह नोडल अधिकारी आगामी 27 सितम्बर को प्रधानमंत्री उन्नत ग्राम योजना के सम्बन्ध में जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित मंथन शिविर में प्रतिभाग करेंगे। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों एवं संबंधित विभागों को सभी जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में कैंप लगाकर पीएम उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, विद्युतीकरण योजनाओं के शत् प्रतिशत कवरेज के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को आगामी 2 अक्तूबर को प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के शुभारंभ के अवसर पर जिला स्तर पर चयनित प्रत्येक ग्राम में एक कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि 27 सितम्बर को प्रधानमंत्री उन्नत ग्राम योजना के सम्बन्ध में जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मंथन शिविर आयोजित किया जाना है। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने उससे पूर्व सभी 17 विभागों को अपनी कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

### स्किल डेवलपमेंट एंड एम्पलॉयमेंट कॉन्फ्रेंस की तैयारियों के संबंध में बैठक

**मुख्य** सचिव राधा रतूड़ी ने आगामी अत्तूबर में नियोजन विभाग व सेतु आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली उत्तराखंड स्किल डेवलपमेंट एंड एम्पलॉयमेंट कॉन्फ्रेंस की तैयारियों के संबंध में बैठक ली।

मुख्य सचिव ने राज्य के युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से सशक्त करते हुए उनकी रोजगार की चुनौतियों के समाधान के साथ समावेशी व सतत् विकास की रणनीतियों पर मंथन के उद्देश्य से आयोजित की जाने वाली इस कॉन्फ्रेंस से नीति आयोग, अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन, इंस्टीटयूट ऑफ हूयमन डेवलपमेंट, इन्टप्रयोन्रशिप डेवलपमेंट इंस्टीटयूट ऑफ इंडिया, यूएनडीपी व यूनीसेफ को जोड़ने के निर्देश दिए हैं।

## देश-विदेश

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया इंडियन कोस्ट गार्ड कमांडर्स के 41वें सम्मेलन का उद्घाटन

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को तटरक्षक मुख्यालय में कमांडरों के 41वें सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने तटरक्षक कमांडरों के साथ राष्ट्रीय और समुद्री सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत की। 26 सितंबर तक चलने वाले सम्मेलन में कमांडर भारत सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप 'मेक इन इंडिया' पहल के माध्यम से स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन की गई आईसीजी परियोजनाओं का मूल्यांकन करेंगे।

### शिवराज हर मंगलवार को मिलेंगे किसानों से

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रत्येक मंगलवार को राष्ट्रीर्य राजधानी के पूसा परिसर में किसानों और किसान संगठनों से मुलाकात करेंगे। चौहान ने पूसा परिसर में किसानों और किसान संगठनों से मुलाकात की और उनकी शिकायत व सुझावों को सुना। किसान संगठनों ने कृषि क्षेत्र में हुए सुधारों को महत्वपूर्ण बताया और उन्हें लागू करने के सुझाव दिए।

### लखनऊ में पांचवीं की छात्रा से गैंगरेप एक आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। यूपी के लखनऊ में स्कूल से घर लौट रही छात्रा को दो युवकों ने जबरन कार में बैठाया और फिर होटल जाकर उससे गैंगरेप किया। लड़की के अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर उसे यह बात किसी को न बताने की धमकी दी. उसके बाद दोनों युवक पीड़िता को उसके घर के बाहर फेंककर भाग गए। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को अरेस्ट कर लिया है, जबकि दूसरे की तलाश जारी है। यह घटना सरोजनी नगर थाना क्षेत्र की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जो भी फैक्ट सामने आते हैं, उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# राहुल गांधी का भाजपा पर निशाना क्यों 'डंकी' हुए हरियाणा के युवा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**राहुल** गांधी ने हरियाणा में बेरोजगारी की समस्या को लेकर मंगलवार को भाजपा पर निशाना साधा और सवाल किया कि आखिर राज्य के युवा 'डंकी' होने पर मजबूर क्यों हैं? उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनते ही एक ऐसी व्यवस्था बनाई जाएगी, जिसमें युवाओं को सपनों के लिए अपनों से दूर नहीं होना पड़ेगा।

यहां 'डंकी' का तात्पर्य अवैध तरीके से किसी दूसरे देश में जाने से है जिसे 'डंकी फ्लाइट' भी कहा जाता है। यह एक खतरनाक आव्रजन मार्ग होता है, जिसका इस्तेमाल कई भारतीय नागरिक अमेरिका और कनाडा जैसे देशों में जाने के लिए करते हैं। राहुल गांधी ने अपने हालिया अमेरिकी दौरे पर भारत से अमेरिका जाने वाले कुछ लोगों से मुलाकात की थी। इनमें से एक अमित नामक एक युवक भी थे जिनके परिवार से कांग्रेस नेता ने गत शुक्रवार को करनाल जाकर मुलाकात की थी।

राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट डाली, जिसमें कहा कि क्यों 'डंकी' हुए हरियाणा के युवा? भाजपा कह और फैलाई गई 'बेरोज़गारी की बीमारी' की कीमत लाखों परिवार अपनों से दूर हो कर चुका रहे हैं।

# लेबनान में इसराइल के हमले में अब तक 558 लोगों की मौत

**एजेंसी, मर्जायून ( लेबनान )**



**लेबनान** में सोमवार को इसराइल के हमले में अब तक 558 से अधिक लोगों की मौत हो गई, जिनमें 90 से अधिक महिलाएं एवं बच्चे हैं। लेबनान के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वर्ष 2006 में इसराइल-हिज्बुल्ला युद्ध के बाद यह सबसे भीषण हमला है। इसराइल की सेना ने हिज्बुल्ला के खिलाफ अपने व्यापक हवाई हमले के तहत दक्षिणी एवं पूर्वी लेबनान के निवासियों को जगह खाली करने की चेतावनी दी थी। हजारों लेबनानी नागरिक दक्षिण से पलायन करने लगे और दक्षिणी बंदरगाह शहर सिडोन से गुजरने वाला मुख्य राजमार्ग बेरूत की ओर जाने वाली कारों से जाम हो गया। यह 2006 के बाद सबसे बड़ा पलायन था। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि हमलों में 35 बच्चों और 58 महिलाओं सहित 492 लोग मारे गए और 1,645 लोग घायल हुए।

### कुशीनगर में जाली नोट के अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश, सपा नेता रफी खान समेत 10 गिरफ्तार

**एजेंसी, उत्तर प्रदेश**

**यूपी** के कुशीनगर में जाली नोट का कारोबार करने वाले एक बड़े अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने इस मामले में सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव रफी खान उर्फ 'बबलू' समेत 10 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से जाली नोटो के साथ अवैध हथियार का जखीरा भी मिला है। जाली नोटों का कारोबार नेपाल-यूपी-बिहार और सीमावर्ती इलाकों तक फैला हुआ था। गैंग का अन्य सक्रिय सदस्य नौशाद खान भी सपा का राष्ट्रीय पदाधिकारी है. आरोपियों के पास से पुलिस को पांच लाख रुपये से ज़्यादा के नकली नोट, तीन हजार नेपाली नोट, अवैध असलहे, कारतूस और सुतली बम बरामद हुए हैं।

### भारतीय बैंक वित्त वर्ष 25 में जारी कर सकते हैं 1.3 लाख करोड़ के बांड

**मुंबई।** भारतीय बैंकों की ओर से वित्त वर्ष 25 में अब तक के सबसे अधिक 1.2 लाख करोड़ रुपए से लेकर 1.3 लाख करोड़ रुपए के बांड जारी किए जा सकते हैं। इससे पहले वित्त वर्ष 23 में भारतीय बैंकों ने सबसे अधिक 1.1 लाख करोड़ रुपए के बांड जारी किए गए थे। मंगलवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में बांड के जरिए पैसा जुटाने में सरकारी बैंक सबसे आगे रहेंगे। कुल बांड में इनकी हिस्सेदारी 82 से 85 प्रतिशत तक हो सकती है। हाल के कुछ महीनों में बैंकों की ओर से बांड्स के जरिए पैसा जुटाने पर अधिक फोकस किया जा रहा है।

**रिकॉर्ड** रिकॉर्ड हाई के बाद सपाट बंद हुआ शेयर बाजार, निफ्टी में एक अंक की तेजी

# 85000 का आंकड़ा पार कर फिसला सेंसेक्स

**एजेंसी, मुंबई**





**भारतीय** शेयर बाजार में मंगलवार के कारोबारी सत्र में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। सत्र की शुरुआत में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने 85,163 और निफ्टी ने 26,011 का नया ऑल-टाइम हाई बनाया, लेकिन ऊपरी स्तर पर बाजार टिक नहीं सका।

कारोबार के अंत में सेंसेक्स 15 अंक की मामूली गिरावट के साथ 84,914 और निफ्टी एक अंक की बढ़त के साथ 25,940 पर था। सत्र के दौरान बैंकिंग शेयरों में बिकवाली हुई। निफ्टी बैंक 137 अंक या 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 53,968 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में टाटा स्टील, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, एमएंडएम, जेएसडब्ल्यू स्टील, विप्रो, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक, सन फार्मा, भारती एयरटेल, मारुति सुजुकी, टीसीएस और एलएंडटी टॉप गेनर्स थे। एचयूएल, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंडसइंड बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, नेस्ले और बजाज फाइनेंस टॉप लूजर्स थे। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप शेयरों में तेजी थी। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 138 अंक या 0.23 प्रतिशत की तेजी के साथ 60,850 पर बंद हुआ। हालांकि, निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 108 अंक या 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,440 पर बंद हुआ। सेक्टर के हिसाब से देखें तो ऑटो, आईटी, फार्मा, मेटल, एनर्जी, इन्फ्रा और कमोडिटी सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स थे। वहीं, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, एफएमसीजी, रियल्टी, प्राइवेट बैंक और हेल्थकेयर इंडेक्स दबाव के साथ बंद हुए।

### सिंगापुर के भारतीय मूल के पूर्व मंत्री ईश्वरन दोषी करार



**सिंगापुर।** लोक सेवक के रूप में कीमती वस्तुएं प्राप्त करने और न्याय में बाधा डालने के आरोपों में मंगलवार को दोषी ठहराए गए सिंगापुर के भारतीय मूल के पूर्व परिवहन मंत्री एस ईश्वरन को तीन अक्तूबर को सजा सुनाई जाएगी। 62 वर्षीय पूर्व परिवहन मंत्री की जमानत की अवधि बढ़ा दी गई। अभियोजन पक्ष ने पूर्व मंत्री को छह से सात महीने की जेल की सजा दिए जाने का अनुरोध किया था। ईश्वरन ने कहा था कि वह स्वयं को ईमानदार साबित करने के लिए मुकदमा लड़ेंगे, लेकिन सुनवाई के पहले ही दिन अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

## स्पोर्ट्स विंडो

### त्रीशा-गायत्री की जोड़ी मकाऊ ओपन बैडमिंटन के दूसरे दौर में



**मकाऊ।** त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की तीसरी वरीय भारतीय जोड़ी ने अकारी सातो और माया तागुची की जापान की जोड़ी को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हराकर मकाऊ ओपन बैडमिंटन के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारतीय जोड़ी ने पहले दौर में लगभग एक घंटे चले मुकाबले में 15-21, 21-16, 21-14 से जीत दर्ज की। अन्य मुकाबलों में एन सिक्की रेड्डी रुतविका शिवानी की जोड़ी ने महिला युगल क्वलीफिकेशन क्वार्टर फाइनल में चेयुंग यान यू और च्यु विंग ची की जोड़ी को 21-15, 21-10 से हराया। आर्यमन टंडन ने पुरुष एकल क्वालीफिकेशन में हमवतन तरूण मानेपल्ली को 11-21, 21-15, 21-17 से हराया, लेकिन इसके बाद क्वार्टर फाइनल में एक अन्य हमवतन भारतीय अलाप मिश्रा के खिलाफ 10-21, 22-24 से हार गए।

### पैरालंपिक पैरा बैडमिंटन पदक विजेताओं के लिए नकद पुरस्कार

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने पिछले महीने पेरिस पैरालंपिक में पदक जीतने वाले देश के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए कुल 50 लाख रुपए के पुरस्कार की घोषणा की। भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों ने पेरिस खेलों में एक स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य सहित कुल पांच पदक जीते थे। पुरुष एकल एसएल3 श्रेणी में स्वर्ण जीतने वाले नितेश कुमार को 15 लाख रुपए का पुरस्कार मिलेगा। रजत पदक विजेता सुहास यथिराज (पुरुष एकल एसएल4) और तुलसीमति मुरुगेसन (महिला एकल एसयू5) को 10-10 लाख रुपए दिए जाएंगे। कांस्य पदक विजेता मनीषा रामदास (महिला एकल एसयू5) और नित्या श्री सिवन (महिला एकल एसएच6 श्रेणी) प्रत्येक को सात लाख 50 हजार रुपए मिलेंगे।

### जॉर्डन हुइतेमा के 1.6 मिलियन फॉलोअर्स

**नई दिल्ली।** कनाडा महिला फुटबॉल की सनसनी जॉर्डन हुइतेमा ने सिर्फ15 साल की उम्र में 2017 में अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया था। हुइतेमा अपनी खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं। जॉर्डन हुइतेमा को दुनिया की खूबसूरत महिला फुटबॉलरों में गिना जाता है। हुइतेमा के इंस्टाग्राम पर उनके 1.6 मिलियन फॉलोअर्स हैं। वह अक्सर फुटबॉल मैच के अलावा ट्रेनिंग सेशनल की भी तस्वीरें शेयर करती हैं। जॉर्डन हुइतेमा के कुल संपत्ति की बात करें तो उनका नेटवर्थ 110 करोड़ के करीब है। उनकी इनकम फुटबॉल क्लब और ब्रांड एंडोर्समेंट से होती है।



### ईरानी कप में शेष भारत के खिलाफ मुंबई की कप्तानी करेंगे रहाणे

**मुंबई।** अजिंक्या रहाणे लखनऊ में शेष भारत के खिलाफ आगामी ईरानी कप मैच में रणजी ट्रॉफी चैंपियन मुंबई का नेतृत्व करेंगे



जबकि सर्जरी से उबरने के बाद हरफनमौला शार्दुल ठाकुर इस मुकाबले से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी करेंगे। इस मैच में मुंबई की टीम को श्रेयस अय्यर, मुशीर खान, शम्स मुलानी और तनुश कोटियान समेत सभी शीर्ष खिलाड़ियों की सेवाएं मिलनी लगभग तय है। ईरानी कप एक अक्तूबर से खेला जाएगा और भारतीय टीम में शामिल सरफराज खान के इस मैच में भागीदारी को लेकर चीजें अभी स्पष्ट नहीं है। भरतीय टीम 27 सितंबर से बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा टेस्ट मैच खेलेगी।

### सोमदेव की अपील पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने नोटिस जारी किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायाय ने अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) से इस महीने के अंत में होने वाले चुनाव के खिलाफ याचिका पर अपना पक्ष रखने को कहा है। आरोप है कि यह चुनाव कथित तौर पर खेल संहिता का उल्लंघन है। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने पूर्व भारतीय एकल टेनिस खिलाड़ी सोमदेव देववर्मन और युगल खिलाड़ी पूरव राजा की याचिका पर खेल संघ और केंद्र को नोटिस जारी किया और कहा कि चुनाव याचिका के परिणाम के अधीन होंगे। इस चरण में चुनाव पर रोक लगाने से इनकार करते हुए न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र ने यह भी निर्देश दिया कि 28 सितंबर को होने वाले चुनावों के परिणाम प्रकाशित नहीं किए जाएंगे। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील ने तर्क दिया कि एआईटीए 'गुप्त तरीके से' चुनाव करा रहा था क्योंकि 'वेबसाइट पर कुछ भी नहीं था'।

### शिमला में कबड्डी और वॉलीबॉल की प्रतियोगिताएं 11 अक्तूबर से

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला खेल महोत्सव समिति द्वारा प्रेस क्लब शिमला में प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसमें समिति के अध्यक्ष व संस्थापक रमेश वर्मा, कबड्डी एसोसिएशन के टेक्निकल चेयरमैन डॉ. गोपाल दास्टा, उदय वर्मा, राजेश ठाकुर, दिनेश शर्मा, सुरेंद्र शर्मा व अमर ठाकुर मौजूद रहे। शिमला खेल महोत्सव के अध्यक्ष रमेश वर्मा ने बताया की यह कार्यक्रम 11 से 13 अक्तूबर को होगा जिसमें की कबड्डी और वॉलीबॉल की प्रतियोगिताएं होंगी। कबड्डी में प्रथम पुरस्कार 1 लाख रुपए और द्वितीय पुरस्कार 50 हजार रुपए होगा और एंट्री फी 3500 रुपए होंगे। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भी प्रथम पुरुस्कार 1 लाख रुपए और द्वितीय पुरुस्कार 50 हजार रुपए होगा जिसका प्रवेश शुल्क 4500 रुपए होगा। कार्यक्रम के शुभारंभ में बतौर मुख्यातिथि अनुराग ठाकुर भी शिरकत करेंगे।

# नायकों का घर वापसी पर जोरदार स्वागत

## शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतने के बाद **गुकेश, प्रज्ञानानंदा, वैशाली** और श्रीनाथ चेन्नई पहुंचे

**एजेंसी, चेन्नई**

शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने के बाद भारतीय टीमों के सदस्यों का मंगलवार को यहां स्वदेश लौटने पर प्रशंसकों, अधिकारियों और परिवारों के सदस्यों ने स्वागत किया। डी गुकेश, आर प्रज्ञानानंदा, आर वैशाली और पुरुष टीम के कप्तान श्रीनाथ नारायणन आज सुबह तड़के चेन्नई पहुंचे।

भारतीय पुरुष और महिला दोनों टीमों ने रविवार को इतिहास रचते हुए हंगरी में शतरंज ओलंपियाड में पहली बार स्वर्ण पदक जीते। उनकी असाधारण जीत ने भारत की नई शतरंज महाशक्ति के रूप में स्थिति को मजबूत किया।

चारों के हवाई अड्डे से बाहर निकलते ही प्रशंसकों ने जयकारे लगाकर उनका स्वागत किया। टूर्नामेंट में अजेय अभियान के साथ भारतीय पुरुष टीम के दबदबे में अहम भूमिका निभाने वाले गुकेश ने अपने व्यक्तिगत और टीम स्वर्ण पदक दिखाए। गुकेश से पहले प्रज्ञानानंदा और वैशाली की भाई–बहन की जोड़ी पहुंची।



सभी का स्वागत माला, गुलदस्ते और पारंपरिक स्टोल के साथ किया गया और प्रशंसक उनके साथ सेल्फी लेने के लिए पहुंचे। प्रज्ञानानंदा ने कहा, ''मुझे बहुत खुशी है कि हमने पहली बार ओलंपियाड जीता है, हमने इससे पहले केवल कांस्य पदक जीता था। और हम दोनों वर्गों में जीतने में सफल रहे इसलिए यह हमारे लिए बहुत खास अहसास और गर्व का क्षण है।'' उन्होंने कहा, ''हम अच्छा शतरंज खेल रहे थे और इससे पता चला कि हम सर्वश्रेष्ठ टीम हैं।

ओलंपियाड एकमात्र ऐसा टूर्नामेंट है जिसमें हम देश के लिए एक टीम के रूप में खेलते हैं।'' महिला टीम की जीत की नींव रखने वाली वैशाली ने कहा कि चेन्नई में पिछले सत्र में स्वर्ण पदक से चूकना दुखद था।

उन्होंने कहा, ''यह एक स्वप्निल क्षण है। पिछली बार चेन्नई ओलंपियाड में हमने कांस्य पदक जीता था, हम स्वर्ण पदक जीतने के इतने करीब थे, लेकिन अंतिम दौर में चूक गए। यह बहुत दुखद था। मुझे खुशी है कि दोनों टीमों ने स्वर्ण पदक जीता है। यह ऐतिहासिक क्षण है।''

वैशाली ने कहा, ''हमने लगातार छह मैच जीते और फिर पोलैंड से हार गए, यह दुखद हार थी, लेकिन मुझे खुशी है कि हमने वापसी की। हमने अगले मैच में अमेरिका से ड्रॉ खेला और स्वर्ण पदक जीतने के लिए हमें आखिरी दो मैच जीतने थे। मुझे खुशी है कि हमने निर्णायक क्षण में अच्छा प्रदर्शन किया।''

### जीत पर बोले गुकेश–ओलंपियाड को व्यक्तिगत स्पर्धा के रूप में लिया

**भारतीय** ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कहा कि उन्होंने शतरंज ओलंपियाड को व्यक्तिगत स्पर्धा के रूप में लिया। विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर 18 वर्षीय गुकेश की भारत की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका रही, जिससे पुरुष टीम ने टूर्नामेंट में पहली बार स्वर्ण पदक जीता। गुकेश ने कहा, ''ओलंपियाड को मैंने व्यक्तिगत स्पर्धा के रूप में लिया। मैं सिर्फ इस विशिष्ट टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करना चाहता था। मैं अपने प्रदर्शन और टीम के प्रदर्शन से बहुत खुश हूं।'' गुकेश ने भारत के लिए



शीर्ष बोर्ड पर शानदार प्रदर्शन किया और अपनी 10 बाजियों में 9 अंक हासिल किए। उन्होंने आठ बाजी जीती जबकि दो ड्रॉ रहीं। इस प्रदर्शन की बदौलत उन्होंने व्यक्तिगत स्वर्ण पदक भी जीता। अब गुकेश का ध्यान नवंबर-दिसंबर में गत चैंपियन चीन के ग्रैंडमास्टर डिंग लिरेन के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण विश्व चैंपियनशिप मुकाबले पर है।भारतीय खिलाड़ी ने अप्रैल में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता था और 17 साल की उम्र में विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के चैलेंजर बन गए थे। मई में वह 18 साल के हुए। गुकेश और लिरेन 20 नवंबर से 15 दिसंबर तक सिंगापुर में प्रतिष्ठित खिताब और 25 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि के लिए भिड़ेंगे।

# ऋषभ पंत का बड़ा प्रभाव रहा है, उसे शांत रखने की जरूरत : पैट कमिंस

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कप्तान पैट कमिंस ने स्वीकार किया कि ऋषभ पंत ऑस्ट्रेलिया में भारत के लगातार दो टेस्ट सीरीज जीतने के अभियान में 'बड़ा प्रभाव' रहे थे और उन्होंने इस साल के अंत में होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में इस तेजतर्रार विकेटकीपर बल्लेबाज को 'शांत' रखने की जरूरत पर जोर दिया।

ऑस्ट्रेलिया में 2018–19 और 2020–21 में भारत की ऐतिहासिक टेस्ट जीत में अहम भूमिका निभाने वाले 26 वर्षीय पंत ने दिसंबर 2022 में एक भयानक कार दुर्घटना में घायल होने के बाद टेस्ट क्रिकेट में शानदार वापसी करते हुए पिछले हफ्ते बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में शतक जड़ा।



पंत ने इस दौरान 12 पारियों में 62.40 के प्रभावशाली औसत से 624 रन बनाए, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 159 रन रहा। उन्होंने 2021 में गाबा में दूसरी पारी में नाबाद 89 रन की पारी खेलकर ऑस्ट्रेलिया की इस मैदान पर 32 साल में पहली हार सुनिश्चित की और भारत को 2–1 से सीरीज में जीत भी दिलाई।



### द्रविड़ की तुलना में गंभीर अधिक सहज : अश्विन

**चेन्नई।** भारतीय टीम के सबसे उम्रदराज सदस्य रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि गौतम गंभीर अपने पूर्ववर्ती राहुल द्रविड़ की तुलना में अधिक सहज हैं, जिनकी कार्यशैली 'बहुत अनुशासित' थी। द्रविड़ नवंबर 2021 से भारतीय टीम के कोच थे। वह इस जुलाई में भारतीय टीम से अलग हुए। उनकी मौजूदगी में टीम ने टी-20 विश्व कप का खिताब जीता। अश्विन ने गंभीर और उनके पूर्ववर्ती कोच के बीच अंतर की ओर इशारा करते हुए कहा कि गंभीर शांत प्रवृत्ति के हैं और उनका रवैया ड्रेसिंग रूम में जीवंत माहौल बनाए रखने में मदद करता है। अश्विन ने कहा, ''मुझे लगता है कि वह (गंभीर) बहुत शांतचित्त हैं। मैं उसे रिलैक्स्ड रैंचो कहना चाहता हूं। उनकी मौजूदगी में कोई दबाव नहीं होता है।'' उन्होंने कहा, '' सुबह में टीम की बैठक को लेकर भी वह काफी सहज रहते हैं। वह आपसे पूछते हैं कि क्या आप सुबह बैठक में आएंगे, कृपया आइए।''

### हॉकी : अगले महीने जर्मनी की मेजबानी करेगा भारत



फाइल फोटो

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम 23 और 24 अक्तूबर को मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में जर्मनी के साथ दो मैचों की द्विपक्षीय सीरीज खेलेगी। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को यह घोषणा की।

भारत ने पिछली बार जर्मनी का सामना पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में किया था जहां यूरोप की दिग्गज टीम ने 3–2 से जीत दर्ज की थी। भारत ने ओलंपिक में तीसरे स्थान के प्लेऑफ में स्पेन को हराकर कांस्य पदक जीता था।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, ''जर्मनी के खिलाफ यह द्विपक्षीय सीरीज विश्व स्तरीय हॉकी का एक उल्लेखनीय प्रदर्शन होगी। भारत और जर्मनी दोनों का खेल में एक समृद्ध इतिहास है और यह सीरीज प्रशंसकों को दुनिया की दो सबसे मजबूत टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने का अवसर देगी।''

## जीवन और विजय की जोड़ी बनी हांगझोउ ओपन की चैंपियन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के जीवन नेदुनचेझियान और उनके जोड़ीदार विजय सुंदर प्रशांत ने हांगझोउ ओपन का चैंपियन बनने के साथ पुरुष युगल में जोड़ी के रूप में अपना पहला एटीपी खिताब जीता, जबकि युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी चेंगदू ओपन में उपविजेता रहे।

जीवन और विजय की गैरवरीय भारतीय जोड़ी ने एक घंटे और 49 मिनट तक चले मुकाबले में कॉन्स्टेंटिन फ्रांत्जेन और हेंड्रिक जेबेंस की गैर वरीयता प्राप्त जर्मन जोड़ी को 4–6, 7–6(5), 10–7 से शिकस्त दी। पैंतीस साल के जीवन



के लिए यह एटीपी टूर स्तर का दूसरा खिताब है। उन्होंने 2017 में रोहन बोपन्ना के साथ चेन्नई ओपन जीता था। विजय के लिए यह एटीपी टूर का पहला खिताब है। इससे पहले भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी चेंगदू ओपन के रोमांचक फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त फ्रांस के सादियो डौम्बिया और फैबियन रेबौल की जोड़ी से 4–6, 6–4, 4–10 से हारकर अपने तीसरे खिताब से चूक गई।

### पहला मुकाबला पंजाब व ऊना में

**मंडी।** मंडी के ऐतिहासिक पड्डल मैदान में शुरू होने जा रही 51वीं अखिल भारतीय ग्रीष्मकालीन फुटबॉल प्रतियोगिता का पहला मुकाबला पंजाब फुटबॉल क्लब व वाईएफसी क्लब उना के बीच खेला जाएगा। आयोजन समिति के सचिव राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्घाटन आईएएस अधिकारी उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगनकरेंगे।

उनके अनुसार इस प्रतियोगिता में जिन टीमों का भाग लेना तय हो चुका है उनमें पंजाब एफसी, वाईएफसी उना, राजस्थान पुलिस बीकानेर, परम फुटबॉल क्लब जम्मू, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया मुंबई, जिला फुटबॉल संघ मंडी व ट्राईअम्प फुटबॉल क्लब हिमाचल प्रदेश शामिल हैं।

## राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप में आकर्षण का केंद्र होंगे विष्णु, प्रज्जवल और रश्मिका

**एजेंसी, नई दिल्ली**

एशियाई खेलों में कई पदक जीतने वाले विष्णु वर्धन, शीर्ष वरीयता प्राप्त प्रज्जवल देव और गत चैंपियन रश्मिका एस भामिदिपति 28 सितंबर से 12 अक्तूबर तक यहां डीएलटीए परिसर में होने वाली 29वीं फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप में आकर्षण का केंद्र होंगे।



रश्मिका एस भामिदिपति

अन्य शीर्ष नामों में भारत की पूर्व नंबर दो रिया भाटिया शामिल हैं। सीनियर वर्ग के अलावा टूर्नामेंट में लड़कों और लड़कियों के लिए अंडर–18, अंडर–16 और अंडर–14 आयु वर्ग के मुकाबले भी होंगे। टूर्नामेंट के शुरुआती सप्ताह में पुरुष, महिला, अंडर–18 लड़के और अंडर–18 लड़कियों के एकल और युगल मुकाबले होंगे। क्वालीफाइंग दौर के मुकाबले 28–29 सितंबर को होंगे जबकि मुख्य ड्रॉ के मैच 30 सितंबर से पांच अक्टूबर तक खेले जाएंगे। लड़के और लड़कियों के अंडर–16 और अंडर–14 वर्ग के मैच छह से 12 अक्तूबर तक होंगे। टूर्नामेंट की कुल पुरस्कार राशि 21 लाख 55 हजार रुपऐ है। जूनियर वर्ग में किट भत्ता दिया जाएगा।

## जूडो में कांगू स्कूल बना चैंपियन



**अतुल, सुजानपुर**

जिला स्तरीय अंडर–19 (बाल) जूडो प्रतियोगिता 2024 का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुजानपुर में हुआ। इस प्रतियोगिता में 13 पाठशालाओं से लगभग 65 बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कांगू विजेता और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पाठशाला ऊहल उप–विजेता रहा।

इस जूडो प्रतियोगिता 40 किग्रा भार वर्ग में इश्व (ऊलह) स्वर्ण पदक, विनायक शर्मा (हिम अकादमी) रजत पदक, 45 किग्रा भार वर्ग में साहिल (डिडवीं) स्वर्ण पदक, अक्षत (भोटा) रजत, 50 किग्रा में दीक्षित (ऊलह) स्वर्ण पदक, आर्यन (भोटा) रजत पदक)50 किग्रा में उत्कर्ष (हिम अकादमी) स्वर्ण पदक, निखिल (कांगू) रजत पदक, 60 किग्रा में वरुण भारद्वाज स्वर्ण पदक, आदित्य (कांगू) रजत पदक, 66 किग्रा अक्षित ठाकुर कांगू) स्वर्ण पदक, केश्व चौहान (ऊलह) रजत पदक, 73 किग्रा युवराज (भोटा) स्वर्ण पदक, सौरभ ठाकुर (कांगू) रजत पदक आदि ने पदक जीते। (अनंत ज्ञान)

**फुटबॉल** — ला लीगा में मालोर्का 11 अंक के साथ 5वें स्थान पर

## मालोर्का ने रीयाल बेटिस को 2–1 से हराया

**एजेंसी, सेविले ( स्पेन )**

मालोर्का ने ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रीयाल बेटिस को 2–1 से हराया। शुक्रवार की रात अलावेस और सेविला के बीच हुए मैच की तरह ही इस मुकाबले के दौरान भी कुछ घरेलू प्रशंसकों ने मैच की शुरुआत में अपनी सीट पर बैठने से इनकार कर दिया क्योंकि उन्होंने कहा कि किकऑफ (मैच शुरू होने का समय) का समय असुविधाजनक है।

फुटबॉल पारंपरिक रूप से सप्ताहांत और सप्ताह के मध्य में खेला जाता है, लेकिन टीवी दर्शकों को संतुष्ट करने और बढ़ते मैचों की संख्यों से निपटने के लिए शुक्रवार और सोमवार की रात को अधिक से अधिक मैच जोड़े गए हैं।

पिछले सप्ताह गेटाफे पर 2–1 की जीत में बेटिस के दोनों गोल करने वाले जियोवानी लो सेल्सो ने सात मिनट के बाद 25 मीटर की दूरी से शानदार शॉट लगाकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई।



मैच जीतने के बाद खुशी मनाते मालोर्का के खिलाड़ी।

डेनी रोड्रिगेज ने एक मिनट बाद मालोर्का को बराबरी दिला दी, जिसके बाद दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में वैलेरी फर्नांडीज ने गोल करके टीम की जीत सुनिश्चित की। इस जीत से मालोर्का 11 अंक के साथ 5वें स्थान पर पहुंच गया जो बेटिस से तीन अंक अधिक हैं। बेटिस ने हालांकि एक मैच कम खेला है।